ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 3 जून 2024
वर्ष 34, अंक 127, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग 2

प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी 14

दिल्ली आबकारी नीति मामले में मिली थी 1 जून तक अंतरिम जमानत

## केजरीवाल ने किया आत्मसमर्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 10 मई को अंतरिम जमानत दी थी। यह अवधि एक जून को समाप्त हो गई।

आत्मसमर्पण करने से पहले केजरीवाल ने राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-

● जेल जाने से पहले महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि, हनुमान मंदिर में पूजा

अर्चना की। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं जेल वापस जा रहा हूं, इसलिए नहीं कि मैं भ्रष्टाचार में शामिल था, बल्कि इसलिए कि मैंने तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाई। आप नेता ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान देश को बचाने के लिए प्रचार किया।

उन्होंने कहा कि मुझे सुप्रीम कोर्ट से 21 दिन की राहत मिली थी। ये 21 दिन अविस्मरणीय थे। मैंने एक मिनट भी बर्बाद नहीं किया। मैंने देश को बचाने के लिए चुनाव प्रचार किया। आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण नहीं है, यह गौण है। देश प्रथम है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राजग के लिए तीसरी बार सत्ता में आने का अनुमान जताने वाले सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं।

## गौतम अडाणी बने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली।** सेब से लेकर हवाई अड्डा क्षेत्र में सक्रिय अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में उछाल के बाद गौतम अडाणी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनयर्स इंडेक्स के अनुसार, 111 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ अडाणी अब दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अंबानी 109 अरब डॉलर की संपत्तियों के साथ 12वें स्थान पर हैं।

● मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ा

## भुगतान न करने पर 7 वर्ष, जालसाजी पर उम्रकैद संभव

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर अपराध जैसे, फिशिंग (जालसाजी), विशिंग (शब्दजाल) और हैकिंग आदि संगठित अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर अभियुक्त को कम से कम पांच साल और अधिकतम उम्रकैद की सजा हो सकती है। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग (दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर वस्तु ले जाना) की तो सात वर्ष की सजा हो सकती है। इसी तरह के तमाम तरह अपराधों के लिए सख्त कानून भारतीय न्याय संहिता-2023 में परिभाषित कर एक जून से लागू कर दिया गया है।

दरअसल, उप्र. में भारतीय न्याय संहिता-2023 लागू हो गई है। थानों में एफआईआर अब नए कानून के अंतर्गत ही दर्ज होंगे। इस बीच पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से भी नागरिकों को जागरूक करने की पहल शुरू की है। पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया एवं अपने एक्स प्लेटफार्म के माध्यम से नागरिकों को विधिवत जागरूक करना शुरू किया है।

● धारा-111 एवं धारा 112 के अंतर्गत दर्ज होगी रिपोर्ट
● सोशल मीडिया पर भी पुलिस दे रही जानकारी

### पहले के कानून में क्या था

पहले के कानून में जालसाजी अथवा हैकिंग के लिए धारा-463 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया जाता था। इसके तहत मात्र दो वर्ष की सजा का प्रावधान था। इसी तरह शॉपलिफ्टिंग के लिए धारा 379 के अंतर्गत कार्रवाई होती थी, जिसकी सजा अधिकतम तीन वर्ष का कारावास था।

### क्या है धारा- 111, 112

पहली जून को फिशिंग (जालसाजी), विशिंग एवं हैकिंग से जुड़े अपराधों एवं सजा पर विस्तृत रूप से बताया गया। नए कानून के तहत अब इस तरह के अपराध पर धारा 111 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत होगा। जबकि 02 जून को शॉपलिफ्टिंग के बारे में बताया गया। शॉपलिफ्टिंग अर्थात दुकान अथवा मॉल से जानबूझकर भुगतान किए बगैर सामान ले जाने की सजा अब सात साल निर्धारित की गई है। इस आरोप में धारा 112 का प्रयोग किया जाएगा।

## एक नजर

### आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की। अधिकारी ने बताया कि वे राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस के पुनर्वास अभियान 'पूना नर्कोम' (नई सुबह, नई शुरुआत) से भी प्रभावित हुए थे।

### सूरत में 42.50 लाख का एलएसडी ड्रग्स बरामद

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर के अडाजण क्षेत्र में विशेष अभियान समूह (एसओजी) और पीसीबी की टीम ने 42.50 लाख रुपये मूल्य का एलएसडी ड्रग्स और 65,460 रुपये कीमत का हाइब्रिड गांजा बरामद किया है। एसओजी सूत्रों ने रविवार को बताया कि सूचना मिली थी कि पार्थ केतनकुमार मंदिर वाला डार्कवेब नामकी ऑन लाइन वेबसाइट से बेंगकोक से कुरियर के द्वारा ड्रग्स मगाकर बेचता है। सूचना के आधार पर अडाजण इलाके में पालनपुर पाटिया बीएसएनएल ऑफिस के निकट कृष्णकुंज सोसायटी स्थित पार्थ केतनकुमार मंदिर वाले के मकान पर छापा मारा गया।

### मुंबई की बहुमंजिला इमारत में लगी आग

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के भायखला इलाके में 62 मंजिला एक आवासीय इमारत में शनिवार आधी रात को आग लग जाने से एक व्यक्ति पांडुरंग शिंदे (57) घायल हो गया, लेकिन 25 से 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि भायखला के 'खटाऊ मिल कम्पाउंड' में 'मोंटे साउथ' इमारत के 'ए विंग' की 10वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में रात लगभग 11 बजकर 42 मिनट पर आग लग गई जिसके कारण पूरी मंजिल पर धुआं भर गया और कुछ लोग इमारत की ऊपरी मंजिलों पर फंस गए। 25 से 30 लोगों को सीढ़ियों के जरिए बाहर निकाला गया।

# जयराम के बयान पर चुनाव आयोग गंभीर, नोटिस भेजकर मांगा जवाब

### केंद्रीय गृहमंत्री शाह पर 150 डीएम को फोन कर धमकाने का लगाया था आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उनके उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा जिसमें उन्होंने कहा था कि चार जून को होने वाली लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 150 जिला अधिकारियों और कलेक्टरों से फोन करके बात की है। रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह रविवार शाम सात बजे तक अपने दावों का विवरण साझा करें।

निर्वाचन आयोग ने एक जून को 'एक्स' पर किए गए जयराम रमेश के पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि निवर्तमान गृह मंत्री जिला अधिकारियों/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं। अब तक उन्होंने 150 से बात की है। यह खुलेआम और निर्लज्ज तरीके से धमकी देना है। निर्वाचन आयोग ने रमेश से कहा कि मतों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक चुनाव अधिकारी का एक पवित्र कर्तव्य है और ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं तथा इसलिए बयान व्यापक सार्वजनिक हित में दिए जाने चाहिए। आयोग ने कांग्रेस नेता से यह भी कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू होती है तो सभी अधिकारी आयोग की प्रतिनियुक्ति के अधीन होते हैं और वे किसी भी निर्देश के लिए सीधे निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट करते हैं। हालांकि, किसी जिलाधिकारी ने ऐसे किसी अनुचित प्रभाव की सूचना नहीं दी है जैसा कि आपने आरोप लगाया है...।

● आयोग ने आरोपों का आधार बताते हुए कांग्रेस नेता से स्पष्टीकरण देने को कहा

### यह भाजपाई एक्जिट पोल कई महीने से तैयार था

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इंडी गठबंधन के जीतने का दावा करते हुए एक्जिट पोल को जनमत के साथ धोखा बताया है। रविवार को अपने एक्स हैंडल पर सपा प्रमुख ने लिखा कि एक्जिट पोल वास्तव में कई महीने पहले ही तैयार कर लिए गए थे। बस टीवी चैनलों में इन्हें अब चलाया गया है। अखिलेश यादव के मुताबिक, भाजपा को 300 पार इसलिए दिखाया जा रहा है जिससे कि घपला करने की गुंजाइश बनी रहे।

### यह एग्जिट पोल नहीं, मोदी मीडिया पोल है : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एग्जिट पोल को रविवार को फर्जी बताते हुए कहा कि यह चुनावों में धांधली को सही ठहराने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास और इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं का मनोबल कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेले जा रहे मनोवैज्ञानिक खेल का हिस्सा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एग्जिट पोल को मोदी मीडिया पोल बताया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पार्टी के लोकसभा सांसदों के साथ एक बैठक के बाद एआईसीसी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता बल्कि इसका नाम मोदी मीडिया पोल है। यह मोदी जी का पोल है, यह उनका काल्पनिक पोल है। यह पूछने पर कि 'इंडिया' गठबंधन को कितनी सीट मिलेंगी, इस पर गांधी ने कहा कि आपने सिद्धू मूसेवाला का '295' गीत सुना है? इसलिए 295 सीट।

# हादसों से दहला खीरी : मां और दो बेटों समेत 6 की मौत, कई घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को तीन हादसे हुए। लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर ई-रिक्शा से टकराकर कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ खड़े कंटेनर से जा भिड़ी। हादसे में लखनऊ के कूर्मांचल नगर निवासी मां, उसके दो बेटों और भाभी की मौत हो गई, जबकि परिवार का ही एक घायल हो गया। इधर, शाहजहांपुर-गोला रोड पर बस और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। लखीमपुर-पलिया मार्ग पर सुंदरवल के पास दो बाइकों की भिड़ंत में 14 वर्षीय किशोरी की जान चली गई।

लखनऊ के थाना गाजीपुर के कूर्मांचल नगर (इंदिरानगर) निवासी दिनेश चंद्र उपाध्याय पत्नी, भाभी और दो बेटों के साथ रुद्रपुर जा रहे थे। उचौलिया थाना क्षेत्र में जेबीगंज से शाहजहांपुर की ओर एक पेट्रोल पंप के पास ई रिक्शा को बचाने में उनकी ब्रेजा कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी साइड में कंटेनर से टकरा गई। कार सवार सभी लोग घायल हो गए। सीएचसी

लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

पसगवां में दिनेश चंद्र उपाध्याय की पत्नी विमला उपाध्याय (60), बेटे दीपक उपाध्याय (40) और राजीव उपाध्याय (35), भाभी विमला देवी (60) पत्नी बुद्धि वल्लभ उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया गया। दिनेश चंद्र उपाध्याय को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। दूसरा हादसा कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में हुआ। शाहजहांपुर से मोहम्मदी की तरफ जा रही रोडवेज बस और कार की गांव गोकन के निकट भीषण टक्कर हो गई। हादसे में खलील (50), रिजवाना (42) व अजमल (18), सरला बाजपेई (65) निवासी शाहजहांपुर, सोनम सिंह (30) भावलखेड़ा, बरवर के अरबाज खान (17) और उसकी बहन हिना (20), पीलीभीत की जूही गुप्ता (32) और उसका बेटा अमन गुप्ता (7), बीसलपुर के पिंकी सैनी, उनका बेटा अरुण सैनी (8) आन्या (10), शिवम गुप्ता (24) निवासी गोला, सोमवती (45), दिव्यांशी (12), लक्ष्मी शर्मा (22) निवासी अमीर नगर, राम अवतार निवासी फत्तेपुर घायल हुए हैं। वहीं ब्रेजा के चालक प्रदीप सिंह (35) निवासी ग्राम रामा लक्षना की जिला अस्पताल शाहजहांपुर में मौत हो गई, जबकि कार में बैठा उसका भांजा शमशेर घायल हो गया। तीसरा हादसा थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में हुआ। लखीमपुर पलिया मार्ग पर सुंदरवल के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में थाना नीमगांव क्षेत्र के सिकंदराबाद निवासी रफीक खान की 14 वर्षीय पुत्री अलीना की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए।

● लखनऊ के रहने वाले थे मां-बेटे कार से परिजन जा रहे थे रुद्रपुर
● लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर हुआ हादसा, अन्य हादसे में दो की मौत

हादसा काफी दुखद है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के कारणों की जांच कराई जाएगी।
-**महेंद्र बहादुर सिंह**, डीएम

## गुवाहाटी में आईआईएम की स्थापना को केंद्र की मंजूरी

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्र ने असम में गुवाहाटी के पास भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही गुवाहाटी देश के उन कुछ शहरों में शामिल हो जाएगा, जहां शीर्ष शैक्षणिक संस्थान हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले 18 महीनों से केंद्र के साथ इस मामले को आगे बढ़ा रही थी, और नया संस्थान राज्य में उच्च शिक्षा के लिए 'क्रांतिकारी कदम' होगा। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि एक बड़ी खबर साझा कर रहा हूं! 2023 में हमारे अनुरोध के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान को मंजूरी देकर असम के लोगों को एक विशेष उपहार दिया है। इससे यह उन कुछ शहरों में शामिल हो गया है जहां आईआईटी, एम्स, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और अब आईआईएम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उनके मंत्रालय के समक्ष अपना मामला पेश किया था, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को भी पत्र लिखा था।

● राज्य में उच्च शिक्षा के लिए क्रांतिकारी कदम : हिमंत

## प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी की तलाश में जुटी एसआईटी

**बेंगलुरु।** एसआईटी ने महिला के अपहरण के मामले में जद (एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश में 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली। भवानी हासन जिले के होलेनरसीपुरा में अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं, जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है। इस बीच, कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि भवानी को गिरफ्तार करने के लिए तलाश की जा रही है जो फरार हैं। उन्होंने कहा कि भवानी कहीं छिपी हुई हैं और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

● महिला के अपहरण का मामला

# अरुणाचल में भाजपा को फिर मिली सत्ता

ईटानगर, एजेंसी

भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया। राज्य में 60 में से 50 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं। अधिकारियों के अनुसार, जिन 50 सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 36 सीट पर जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री पेमा खांडू निर्विरोध जीतने वाले 10 उम्मीदवारों में से एक हैं।

नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीट मिलीं, जबकि पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीन सीट पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने एक सीट जीती और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

● 60 सदस्यीय अरुणाचल विस में 46 सीट हासिल कीं

### मोदी ने कहा- धन्यवाद अरुणाचल!

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी।

### सिक्किम में एसकेएम को प्रचंड बहुमत, विधानसभा की 32 में से 31 सीट जीतीं

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज करके रविवार को लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सिक्किम में अपनी सत्ता बरकरार रखी। वर्ष 2019 तक लगातार 25 साल राज्य पर शासन करने वाला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) महज एक सीट जीत पाया है। एसडीएफ अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग दोनों सीट पर हार गए हैं। उन्होंने दो सीट पर चुनाव लड़ा था। एसकेएम अध्यक्ष और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग भी दो सीट पर चुनाव लड़े थे और उन्होंने दोनों सीट पर जीत दर्ज की। सिक्किम में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के साथ ही विधानसभा का चुनाव हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीत के लिए सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा और तमांग को बधाई दी।

# विमान में बम की धमकी आपात स्थिति में उतारा

मुंबई, एजेंसी

पेरिस से 306 यात्रियों को लेकर मुंबई आ रही विस्तारा की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिती में उतारा गया।

सूत्रों के अनुसार पूर्वाह्न 10 :08 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और विमान 10:19 बजे हवाई अड्डे पर उतरा। सूत्र ने बताया कि पेरिस से मुंबई आने वाली इस उड़ान में 294 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे। विस्तारा ने एक बयान में पुष्टि की कि दो जून 2024 को पेरिस से मुंबई के लिए संचालित होने वाली एयरलाइन की उड़ान यूके 024 में सवार हमारे कर्मचारियों ने सुरक्षा संबंधी खामी के बारे में जानकारी दी जिसके बाद एयरलाइन ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। बयान में कहा गया कि विमान मुबंई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर चुका है।

● पेरिस से मुंबई आ रही थी विस्तारा की उड़ान, 306 यात्री थे सवार

# तेज हवा के साथ कई जिलों में होगी बारिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी तथा हीट वेव के बीच प्रदेशवासियों के लिए मौसम विज्ञान विभाग ने राहत भरी खबर दी। विभाग के मुताबिक दो से चार जून तक कई जिलों में तेज हवा चलने का अनुमान है।

इससे तापमान में गिरावट आएगी। लेकिन, मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि बुंदेलखंड में अगले तीन दिन तक लू जारी रहेगी। रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 42.2 दर्ज किया गया। फतेहपुर, झांसी और कानपुर जिले सबसे गर्म रहे। मौसम विज्ञान विभाग वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि 5 जून तक पूरे प्रदेश में प्री-मानसून का असर दिखेगा। लगभग सभी जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज हवा चलेगी। गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर में लू चलेगी। हालाकि दिन के वक्त यहां भी हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा पश्चिमी जिलों में बारिश के साथ 40-50 प्रति किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी जिलों में भी बारिश के मध्यम गति से हवाएं चलेंगी। अगले तीन दिन में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।

● प्रदेश में हल्की बारिश से गिरेगा तापमान बुंदेलखंड में तीन दिन और चलेगी लू
● लखनऊ में तापमान रहा 42.2 डिग्री फतेहपुर, झांसी व कानपुर सबसे गर्म

### यह जिले सबसे गर्म

| | | |
|---|---|---|
| फतेहपुर | - | 46.2 डिग्री |
| कानपुर | - | 45.2 डिग्री |
| झांसी | - | 45.2 डिग्री |
| उरई | - | 44.8 डिग्री |

### राजधानी को मिली राहत

राजधानी में रविवार सुबह ही बादल छाने लगे। इसी के साथ कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हुई। 10 से 15 मिनट की बूंदाबांदी के बाद आसमान साफ हो गया। दोपहर में फिर से घने बादल दिखे। इससे गर्मी से थोड़ी राहत रही। लखनऊ का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री दर्ज किया गया है, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री रहा।

# दो मालगाड़ियों में टक्कर, एक का इंजन यात्री ट्रेन से भिड़ा

फतेहगढ़ साहिब, एजेंसी

पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक खड़ी मालगाड़ी से एक अन्य मालगाड़ी के टकराने से दो लोको पायलट घायल हो गए। राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि टक्कर लगने से मालगाड़ियों में से एक का इंजन दूसरी पटरी पर चला गया और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया।

उन्होंने बताया कि सरहिंद के माधोपुर के निकट हुई घटना में लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए। फतेहगढ़ साहिब में राजकीय अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि विकास के सिर और हिमांशु की पीठ पर चोट लगी है और उन्हें पटियाला के राजेंद्र अस्पताल भेज दिया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना से सेवाएं बाधित हो गई थीं, जिसको बहाल किया जा रहा है और कुछ ट्रेन को राजपुरा, पटियाला और धुरी तथा कुछ को चंडीगढ़ के रास्ते चलाया जा रहा है।

● सरहिंद रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा, दो लोको पायलट घायल

## खेल डायरी

### अजीश बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन

**मंगलुरु।** पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों (पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज और अंडर -16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर -16) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तमिलनाडु के एक अन्य किशोर, तैयिन अरुण ने अपनी सर्फिंग की कलाबाजी से जजों को प्रभावित किया और ग्रोम्स बॉयज और अंडर-16 वर्ग में नए आईओएस चैंपियन बन कर उभरे। तीन दिवसीय प्रमुख सर्फिंग प्रतियोगिता आज कर्नाटक के मंगलुरु शहर के प्राचीन ससिहिथलू समुद्र तट पर संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया गया था और इसकी मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब ने की थी। अंतिम दिन की कार्रवाई ग्रोम्स 16 और अंडर बॉयज वर्ग के सेमीफाइनल के साथ शुरू हुई।

### प्रज्ञाननंदा ने कारूआना को हराया, विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचे

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी। नाकामुरा के 10 अंक हैं। कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। अब जबकि टूर्नामेंट में पांच दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब प्रज्ञाननंदा 8.5 अंक लेकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन के बाद तीसरे नंबर पर हैं। अलीरेजा के 6.5 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर हैं।

### विंकेलमैन गेम्स 2024 में साहिल, हर्षिता और धनवीर ने जीते स्वर्ण पदक

**स्टेंडल।** भारतीय एथलीट साहिल सिलवाल ने विंकेलमैन गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा, हर्षिता सहरावत ने महिला हैमर थ्रो में और धनवीर सिंह ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। शनिवार को जर्मनी के स्टेंडल में स्टैडियन एम गैलजेनबर्ग में 23 वर्षीय साहिल ने अपने चौथे प्रयास में 75.36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हमवतन विक्रांत मलिक ने अपने तीसरे प्रयास में 72.65 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक तथा जर्मनी के ओले स्टर्जिक ने 45.85 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। विक्रांत ने अपने तीसरे प्रयास में 70 मीटर का आंकड़ा पार करने से पहले अपने दूसरे प्रयास में 68.91 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई।

### एल्डोस और जेसी संदेश ने जीते स्वर्ण पदक

**पेरिस।** मीटिंग डी लिमोज 2024 एथलेटिक्स मीट में भारत के एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। फ्रांस में शनिवार को स्टेड डी ब्यूल्लांक में पुरुषों की ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन एल्डोस पॉल ने 16.24 मीटर की जंप लगाकर प्रतियोगिता जीती। कैमरून के मार्सेल मयाक ने (15.80 मीटर) कूद के साथ रजत पदक तथा अल्जीरिया के एडेम बौलबानी ने (15.79 मीटर) कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। भारतीय एथलीट का यह प्रयास पिछले साल क्यूबा में प्रवीण चित्रवेल द्वारा बनाए गए 17.37 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 17.22 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क से कम रहा। 27 वर्षीय एल्डोस पॉल की वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता है। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16.59 मीटर की कूद लगाई थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16.99 मीटर है, जो दो साल पहले हासिल किया गया था।

# बल्लेबाजी क्रम पर बाकी है काम : रोहित

## भारतीय कप्तान बोले- हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे, गेंदबाजों की दृष्टि से अच्छा रहा अभ्यास मैच

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की।

पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा सिर्फ उसे मौका देने के लिए ऐसा किया। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं। पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। रोहित ने मैच के बाद कहा जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं। मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे। जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था। नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

- अभ्यास मैच में भारत ने बांग्लादेश को 60 रन से दी थी शिकस्त
- राहुल द्रविड़ बोले- थोड़ी नरम और मुलायम थी पिच

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है। बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है। मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है।

### विराट को पारी की शुरुआत करनी चाहिए: मांजरेकर

**न्यूयार्क।** विशेषज्ञ और पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि विराट कोहली तीसरे नंबर पर उतने असरदार नहीं है उन्हें रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिए। मांजरेकर ने कहा जिस तरह की टीम का चुनाव हुआ है उससे भारतीय टीम ने स्वयं के लिए ही दिक्कत बढ़ाई हैं। क्योंकि अगर आपने आईपीएल में भी देखा होगा तो विराट कोहली पहले छह ओवर में तेज शुरुआत कर रहे थे। तो अगर उन्हें यह फायदा ना मिले तो फिर समस्या हो सकती है। क्योंकि नंबर तीन पर वैसा एडवांटेज नहीं मिलता। कोहली नंबर तीन पर उतने असरदार नहीं होंगे।

### भारत का कोच बनना पसंद करूंगा: गौतम गंभीर

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनने की दौड़ में सबसे आगे होने की अटकलों के बीच पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। गंभीर ने हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स को तीसरा इंडियन प्रीमियर लीग खिताब दिलाया और उन्हें राहुल द्रविड़ के योग्य उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ का अनुबंध टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 27 मई थी, लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गंभीर ने इसके लिए आवेदन भरा है या नहीं।

# विरोधी पर ध्यान न दें, अपनी क्षमता से खेले टीम : युवराज

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी-20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है।

भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था। इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है।

टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की।

हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया। हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा। अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा।

भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी। युवराज से पूछा गया कि कौन सी टीमें फाइनल में जगह बना सकती हैं, उन्होंने कहा मेरी उम्मीद है कि भारत और संभवत वेस्टइंडीज या पाकिस्तान लेकिन ऑस्ट्रेलिया नहीं।

# द. अफ्रीका-श्रीलंका में होगा कड़ा मुकाबला

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। द. अफ्रीका की बल्लेबाजी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है। दोनों टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे। इस ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और नेपाल की टीम की शामिल हैं जो उलट फेर कर सकती हैं।

दक्षिण अफ्रीका के पास कप्तान एडेन मार्कराम, विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, क्विंटन डी कॉक, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं। क्लासेन और स्टब्स बेहतरीन फॉर्म में हैं। इन दोनों ने हाल में आईपीएल में शानदार

प्रदर्शन किया। क्लासेन ने सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 16 मैच में 471 रन जबकि स्टब्स ने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए चार मैच में 378 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने तब अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया जब बीच के ओवरों में स्पिनर गेंदबाजी कर रहे होते हैं। स्पिनरों के खिलाफ इन दोनों का आक्रमक रवैया निश्चित तौर पर श्रीलंका के स्पिनर कप्तान वानिंदु हसरंगा और महीश थीक्षाना के लिए चिंता का विषय होगा।

### ओमान पर जीत से खाता खोलने उतरेगा नामीबिया

**ब्रिजटाउन।** अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी। नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी। ओमान के पास भी कुछ मंझे हुए खिलाड़ी हैं जिनके दम पर वह नामीबिया को कड़ी टक्कर देने की कोशिश करेगा। ओमान ने अप्रैल में खेली गई पांच मैच की श्रृंखला में नामीबिया को कड़ी टक्कर दी थी। नामीबिया ने आखिर में यह श्रृंखला 2-1 से जीती थी। टी-20 विश्व कप में तीसरी बार भाग ले रहा ओमान निश्चित तौर पर उस पराजय का बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा।

# विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका ने कनाडा को हराया

<<< कनाडा के खिलाफ जीत के बाद जश्न मनाते आरोन जोन्स।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**कनाडा :** 194/5, 20 ओवर। नवनीत धालीवाल 61, निकोलस 51, श्रेयस मोव्वा 31। **विकेट :** अली 1, हरमीत 1, सीजे एंडरसन 1।

**अमेरिका :** 197/3, 17.4 ओवर। एंड्रीस 65 आरोन जोन्स 94। **विकेट :** कलीम साना 1, निखिल दत्ता 1।

**डलास, एजेंसी**

- अमेरिका के लिए आरोन जोन्स ने खेली 40 गेंद पर नाबाद 94 रन की पारी कनाडा को सात विकेट से हराया

आरोन जोन्स की 40 गेंद पर खेली गई नाबाद 94 रन की पारी की मदद से सह मेजबान अमेरिका ने टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की।

कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए। अमेरिका ने इसके जवाब में एंड्रीज गौस के 65 रन और जोन्स की तूफानी पारी की मदद से 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की। जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए। न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली। अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए। जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा।

इससे पहले नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया। उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए। धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने धालीवाल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। धालीवाल ने 44 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। विकेटकीपर श्रेयस मोव्वा ने 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर रन गति धीमी नहीं पड़ने दी। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए।

जीत के बाद जश्न मनातीं चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा।>>

# इगा क्वार्टर फाइनल में, नोवाक भी जीते

**पेरिस, एजेंसी**

- रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने ब्राजील के लूज और जोरमैन को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह

गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने अनास्तिया पोतापोवा के खिलाफ बेहद एकतरफा जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक ने पोतापोवा को सिर्फ 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

स्वियातेक को पूरे मुकाबले के दौरान एक भी गेम प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा। पोतापोवा ने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड शॉट नेट पर मारकर मुकाबला स्वियातेक की झोली में डाल दिया। वहीं, पोलैंड की यह शीर्ष वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पांचवीं वरीय चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा और सर्बिया की गैरवरीय ओल्गा डेनिलोविच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी।

इससे पहले नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया। यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया। जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। जोकोविच सोमवार को यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जब उनका सामना अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।

वहीं, भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीय जोड़ी ने पहले दौर के कड़े मुकाबले में ऑरलैंडो लूज और मार्सेलो जोरमैन की ब्राजील की जोड़ी को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। बोपन्ना और एबडेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोड़ी को ब्राजील की जोड़ी के खिलाफ 7-5 4-6 6-4 से जीत दर्ज करने के लिए दो घंटे और सात मिनट तक जूझना पड़ा। जोरमैन और लूज को टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद नहीं थी लेकिन कई जोड़ियों के हटने के बाद उन्हें खेलने का मौका मिला।

<<< मैच के दौरान शॉट खेलतीं जैस्मीन पाओलिनी।

# अमित और जैस्मीन ने हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**बैंकॉक, एजेंसी**

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) और राष्ट्रीय महिला चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया (57 किग्रा) ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के अपने क्वार्टर फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

कई बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में वापसी करते हुए चीन के चुआंग लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। परवीन हुड्डा (57 किग्रा) के पिछले महीने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण निलंबित किए जाने के बाद भारत को ओलंपिक कोटा गंवाना पड़ा था। जैस्मीन ने अपने 60

किग्रा को छोड़कर महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल की चुनौती पेश की और देश को इस वर्ग का कोटा दिलाया। जैस्मीन ने एकतरफा क्वार्टर फाइनल में माली की मैरिन कामरा को आसानी से 5-0 से पराजित किया। पंघाल और जैस्मीन इस तरह ओलंपिक में जगह बनाने वाले मुक्केबाज निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) की चौकड़ी के साथ शामिल हो गए।

# रियल मैड्रिड ने जीती चैंपियंस लीग

**लंदन।** रियल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरूसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती। वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है। एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है। मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती। मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। एंसेलोटी ने कहा यह बेहद मुश्किल मैच था।

# छह जून के मैच के बाद बदल सकता है खिलाड़ियों का करियर : स्टिमक

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर बहुत बड़ा मुकाबला है जिससे उनके खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। भारत फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा और फिर 11 जून को कतर से उसकी सरजमीं पर भिड़ेगा।

भारतीय टीम गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में निचली रैंकिंग पर काबिज अफगानिस्तान से हार गई थी, लेकिन फिर भी भारत पहली बार

- फीफा विश्व कप क्वालीफायर में कुवैत से भिड़ेगी भारतीय टीम

2026 विश्व कप के क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश कर सकता है। स्टिमक ने एआईएफएफ से कहा, यह बड़ा मुकाबला है। इस मैच से खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है। मैं चाहता हूं कि वे अपने खेल का लुत्फ उठाएं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। मार्च में अफगानिस्तान से हुई दो भिड़ंत में भारत को केवल एक अंक मिला था जिससे टीम फीफा रैंकिंग में 121वें स्थान पर खिसक गई थी। भारतीय टीम अब कुवैत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी जो करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री का अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से विदाई मैच भी होगा। स्टिमक ने कहा इस महत्वपूर्ण मैच के लिए हमें स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग, मैच की अहमियत, मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास के संबंध में कुछ चीजें करनी होंगी। इसलिए हम खिलाड़ियों के लिए हर पहलू पर काम करेंगे ताकि वे इस मैच के लिए शीर्ष फॉर्म में रहें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### मारपीट में चार लोग नामजद, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुडिया मुर्तिहा निवासी सुनील कुमार बताया कि बीती 31 मई की शाम करीब 8 .30 बजे पड़ोसी विदेश कुमार, शिवम, राकेश कुमार व अशोक कुमार रंजिशन उसके घर घुस आए। गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी है। पिटाई से वह घायल हो गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मामूली विवाद में दम्पति को पीटकर किया घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम गलरई में चार लोगों ने दम्पति की थप्पड़ और लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम काशीपुर निवासी बबलू अपनी पत्नी रिंकी के साथ अपनी बुआ के घर ग्राम गलरई में बौद्ध कथा सुनने गया था। मामूली विवाद होने पर रात दस बजे गलरई निवासी अंकित ने उसकी पत्नी रिंकी को थप्पड़ मार दिया, जिसका बबलू ने विरोध किया। इससे आक्रोशित अंकित ने अपने साथियों रामू, पट्टे, राजाराम की मदद से बबलू की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर की है।

### घर में घुसे चोर उठा ले गए नकदी और जेवर

**रकेहटी, अमृत विचार :** दुर्गापुरम निवासी इबरार अहमद के छप्परपोश घर में चोर शनिवार की रात खरफूस की बनी टटिया हटाकर घुस गए। पीड़ित इबरार अहमद ने बताया कि चोर कमरे के भीतर रखा बड़ा बक्सा, कुइया, दो सौ ग्राम ग्राम चांदी, चांदी की जंजीर, सोने के झाला, तीन पैंडल सोने का मटरमाला, नगदी व घरेलू सामान चोरी कर ले गए। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

# सात दिन में हादसों में 11 की मौत, जिम्मेदार उदासीन

## प्रतिबंध के बावजूद हाईवे पर दौड़ रहे ई-रिक्शा, लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर ई-रिक्शा बना हादसे की वजह

संवाददाता, लखीमपुर/उचौलिया

**अमृत विचार :** जिले में हादसे पर हादसे होते जा रहे हैं, लेकिन हादसों की पीछे वजह क्या रही। इन पर अंकुश कैसे लगे। इसको लेकर अधिकारी खामोश हैं। जिले में सात दिन के भीतर तीन बड़े हादसे हुए, जिनमें दस लोगों की जान चली गई। इसके बाद भी अफसर नहीं चेत रहे हैं। रविवार को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर हुआ हादसा एक ई-रिक्शा की वजह से हुआ। खास बात यह है कि नेशनल हाईवों पर ई-रिक्शों के चलाने पर प्रतिबंध हैं। इसके बाद भी चालक सवारियां भरकर ई-रिक्शा दौड़ाते हैं।

पहला हादसा बीती 26 मई को पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना खीरी क्षेत्र के गांव चहमलपुर के पास हुआ था। रोडवेज की अनुबंधित बस और मैजिक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई थी। आठ लोग घायल हो गए थे।

हादसे में घायल डॉ. दिनेश चंद्र उपाध्याय।

हादसे में मैजिक के परखचे उड़ गए थे। वहीं बस खंती में जा घुसी थी। रविवार को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर ई-रिक्शा बड़े हादसे का सबब बन गया और मां, उसके दो बेटों की मौत हो गई। हादसे में पत्नी और दो बेटों को खोने वाले डॉ. दिनेश उपाध्याय शवों को देखकर कांप रहे थे।

### तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह, हर तरफ मची थी अफरा-तफरी

शाहजहांपुर-मोहम्मदी मार्ग पर क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** शाहजहांपुर-मोहम्मदी मार्ग पर गांव गोकन के पास तेज रफ्तार होने के कारण गोला डिपो की अनुबंधित रोडवेज बस और ब्रेजा कार की भीषण टक्कर हुई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। यात्री अपनों को भीड़ में तलाशते रहे। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया। टक्कर इतनी तेज हुई कि दोनों वाहनों के परखचे उड़ गए। बताया जाता है कि रोडवेज बस में चार दर्जन से अधिक सवारियां बैठी हुई थीं। हादसे में 20 लोग घायल हुए। हालांकि सभी की हालत ठीक बताई जाती है। उधर ब्रेजा कार के चालक मोहम्मदी के गांव रामा लक्षना निवासी प्रदीप सिंह ने शाहजहांपुर जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि उसका भांजे शमशेर का उपचार चल रहा है।

पलटी अनुबंधित रोडवेज की बस।

सड़क किनारे बैठे हादसे में घायल यात्री।

## बेटों की शादी के सिलसिले में रुद्रपुर जा रहा था परिवार

**पसगवां।** लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर कार और कंटेनर की टक्कर में हादसे में घायल हुए दिनेश चंद्र उपाध्याय उप्र कर्मचारी कल्याण निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। उनकी कोई पुत्री नहीं है। हादसे में पत्नी विमला के अलावा दो बेटे काल-कवलित हो गये। उनके तीन बेटों में अब केवल मंझिला बेटा कमल किशोर उपाध्याय है। हादसे की जानकारी मिलते ही कमल किशोर पसगवां सीएचसी पहुंचा। कुछ अन्य परिजन व संबंधी उसके साथ थे। वह मां और दो भाइयों के शव देख फफक कर रो पड़ा। कमल ने बताया कि उसके बड़े भाई ने शादी नहीं की थी। फिर उसकी शादी हुई। छोटे भाई राजीव की शादी भी नहीं हुई थी। उसने बताया कि पिताजी माताजी के साथ बड़े और छोटे भाई की शादी के लिए रुद्रपुर जा रहे थे।

मृत दीपक का भाई कमल किशोर उपाध्याय।

### पखवाड़े भर पहले अपनी बहन के घर आई थी किशोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना नीमगांव क्षेत्र के सिकंदराबाद निवासी रफीक खान की 14 वर्षीय पुत्री अलीना पखवाड़े भर पहले अपनी बहन के घर थाना फूलबेहड़ के गांव सुंदरवल आई थी। शनिवार की रात करीब 10 बजे किसी काम से चौराहे पर गई थी। बाइक बहनोई मोहम्मद जान चला रहा था। तभी पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अलीना, बहनोई मोहम्मद जान और दूसरी बाइक का चालक हाईवे पर ही गिर गए। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल अवस्था में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान अलीना की मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक चालक अशोगापुर गांव निवासी कंधई का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## सार-संक्षेप

### सिविल बार को उपलब्ध करायीं नए कानून की किताबें

**निघासन, अमृत विचार :** सिविल बार एसोसिएसन निघासन के अनुरोध पर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने अपने स्तर से बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में प्रयास करके पहली जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए कानून की 10-10 किताबें उपलब्ध कराई हैं। सिविल बार निघासन के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, हरिनंदन लाल यादव, मोहम्मद अमीन, रवि गुप्ता, दीपचंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

**पलिया कलां, अमृत विचार :** राष्ट्र जागरण अभियान के तहत पटिहन में आयोजित नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण महायज्ञ की रविवार को कलश शोभायात्रा के साथ शुरुआत हुई। यज्ञाचार्य श्रवण कुमार ने भूमि पूजन कराया। मीरा सिंह ने भजन प्रस्तुत किए। यज्ञ स्थल से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो पटिहन गांव में भ्रमण कर शारदा नदी पहुंची और जल भर कर वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची। यात्रा में समाजसेवी आलोक मिश्रा, सुभाष दास, श्रवण कुमार, मृत्युंजय, वेदराम आदि भी शामिल रहे।

### पड़ोसियों ने पिता-पुत्र व पुत्री को पीटा

**पसगवां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मुल्लापुर निवासी पतटूराम ने बताया कि उसकी पुत्री पूजा देवी छत पर लेटी थी। शनिवार की रात साढ़े नौ बजे पड़ोसी अमर सिंह, पवन राठौर, राजू राठौर, अंकुश राठौर ने घर में घुसकर उससे गाली गलौज की। विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर पिता और भाई रूपेश पूजा को बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने दोनों की लाठी-डंडों से पिटाई की। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का सीएचसी में मेडिकल कराया।

### आरोग्य मेले में मरीजों की जांची गयी सेहत

**भीरा, अमृत विचार :** पीएचसी में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में परीक्षण कर 15 मरीजों को दवा वितरित की गई। डॉ. औवैस अहमद खान ने बताया कि मरीजों के खून के साथ ही बलगम, शुगर बीपी, मलेरिया, टाइफाइड आदि की जांच की गई। पसगवां संवाददाता के अनुसार जंगबहादुरगंज पीएचसी पर आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 45 मरीज देखे गए। डा. रमाकांत वर्मा ने बताया कि सभी रोगियों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गयीं। इस दौरान फार्मासिस्ट संजीव कुमार, स्टाफ नर्स रवि कुमार, एएनएम उपासना बाजपेई आदि रहे।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला निर्मल नगर निवासी त्रिपुरेश कात्यायिनी ने बताया कि 20 मई 2024 को वह अपनी पत्नी के साथ घर गांव जेठरा गए थे, जबकि उनके बड़े भाई कार्तिकेय कात्यायिनी अपनी पत्नी का इलाज कराने लखनऊ चले गए थे। 24 मई 2024 की रात में चोर ताला तोड़कर घर में घुस गए। वह लोग 27 मई को जब वापस आए तो चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने बताया कि चोर झुमकी, सोने की चेन, सोने की मांग बेदी, सोने की नथुनी, सोने की अंगूठी व 30,000 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुलिस कार्रवाई से नाराज प्रधानाध्यापक का अनशन जारी

**निघासन, अमृत विचार :** थाना मझगई पुलिस की कार्रवाई से नाराज बौधिया कलां के नेकीराम आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानध्यापक सचिन कुमार एक महीने से अनशन पर बैठे हैं। वह केवल फल और पानी का ही सेवन कर रहे हैं। प्रधानाध्यापक सचिन कुमार ने बताया कि 22 मार्च 2024 की भोर उनके विद्यालय के सामने एक कार ने गन्ने से भरी ट्राली में टक्कर मार दी थी। जोरदार आवाज सुनकर वह कार के पास खड़े हो गए। इसी बीच कार से उतरकर चार लोग निकलकर भाग गए। हादसे के बाद ग्राम प्रधान व पंचायत मित्र भी मौके पर पहुंच गए। ग्राम प्रधान ने कार से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से भारी मात्रा में मांस बरामद किया। आधे घंटे के भीतर वह मांस कहीं गायब कर दिया गया। पुलिस ने मामले को सोशल मीडिया पर वायरल न करनमे की धमकी दी थी। इसी बीच खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जिस पर भी उन्होंने टिप्पणी की थी। इससे नाराज पुलिस 2 अप्रैल को थाने उन्हें पकड़कर ले गई। मोबाइल छीनकर रख लिया और उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज की और चालान भेज दिया। पुलिस अब उनका मोबाइल भी नहीं दे रही है। वह पासवर्ड पूछ रही है। पुलिस की इस अड़ियल कार्यशैली से आजिज होकर वह 27 अप्रैल से अन्न त्याग कर अनशन पर बैठे है और सिर्फ पानी और फल का ही सेवन कर रहे हैं। थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि अब अनशन पर बैठा है। तो परेशानी बताए क्या है। कोई भी व्यक्ति बैठ जाए तो इसमें क्या किया जा सकता है। यह सब अफवाहें हैं।

# उल्ल नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत

**हादसा**

- बच्चों की मौत से परिवारवालों में मचा कोहराम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** शहर से सटी उल्ल नदी के सेठ घाट पर नहाते समय दो किशोर गहरे पानी में चले गए, जिससे डूबने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने नदी से शव निकलवाये। परिवार वालों के पोस्टमार्टम से इंकार पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया।

कृष्णानगर दुर्बल आश्रम निवासी प्रिंस मिश्रा (14) पुत्र संतोष मिश्रा व शेखर (15) पुत्र राजेश गौतम दोस्त थे। रविवार की सुबह करीब 11 बजे दोनों शहर के निकट बह रही उल्ल नदी के सेठ घाट पर पहुंचे और नहाने लगे। नहाते समय दोनों डूब गए। वहां मौजूद अन्य बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना पाकर रोते-बिलखते परिजन व पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गोताखोर बुलाकर नदी में उतारे और तलाश कराई तो घटनास्थल से कुछ दूरी पर दोनों के शव मिले। पुलिस सांसें चलती देख दोनों बच्चों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पाकर तहसील सदर के लेखपाल राजेश शुक्ला किशोरों के घर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि परिवार वाले शवों का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। इस पर पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है।

परिजनों को दिलासा दिलाते सदर लेखपाल राजेश शुक्ला। अमृत विचार

शेखर गौतम, प्रिंस मिश्रा (फाइल फोटो)

## एक सप्ताह बाद भी नहीं बदला गया रोशननगर का ट्रांसफार्मर

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** सरकार के दावों के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। चाहे वह ट्रांसफार्मरों को बदलने की बात हो या फिर रोस्टर के हिसाब से बिजली आपूर्ति की बात।

नगर के अलावा अगर कहीं ट्रांसफार्मर फुंक गया है तो वह हफ्तों नहीं बदला जाता। कुकुरा में अक्सर ऐसी दिक्कत सामने आती है। हैदराबाद फीडर से सम्बद्ध ग्राम रोशननगर में अविनाशचंद वर्मा के ट्यूबवेल पर लगा ट्रांसफार्मर फुंक गया। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई, पर कुछ नहीं हुआ। इसकी सूचना एसडीओ पवन कुमार को दी गई तो उन्होंने कहा कि जेई से कम्प्लेंट कीजिये। दो दिन में ट्रांसफार्मर बदल जाएगा। जेई से कम्प्लेंट करने के एक सप्ताह बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया।

उपभोक्ता ने अधीक्षण अभियंता अशोक सुंदरम से शिकायत की तो उन्होंने बताया कि जेई के माध्यम से जला हुआ ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा। नहीं बदला गया तो अधिशाषी अभियंता राजनरायन को सूचना दी गई। उनका कहना था कि 1912 पर शिकायत दर्ज कराइये।

## गढ़ी उपकेंद्र में केबिल बाक्स फुंका, पांच घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तेज आंधी से बेपटरी हुई शहर की बिजली व्यवस्था अब भी पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी है। गढ़ी उपकेंद्र में केबिल बाक्स फुकंने से पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं चौथे दिन भी औद्योगिक फीडर के ठप रहने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शनिवार की देर रात बरखेरवा सहित अन्य मोहल्लों की बिजली ठप हो गई। सदर विधायक योगेश वर्मा गुरु नानक चौराहे पर पहुंचे, जहां पर बिजली कर्मचारी लाइन को दुरुस्त कर रहे थे। विधायक नाराजगी जताते हुए बिजली लाइन दुरुस्त कराने लगे। इस बीच सूचना मिली कि कुछ उपद्रवी छाउछ उपकेंद्र में घुस गए हैं। इस पर विधायक मौके पर पहुंचे और युवकों को खदेड़ा। देर रात जब सप्लाई शुरू हुई तो गढ़ी उपकेंद्र में 33 केवीए लाइन का केबिल बाक्स फुंक गया, जिससे गढ़ी रोड़, सरनापुरम, शांतिनगर, गोकुलपुरी, अयोध्यापुरी, संतोषनगर, भटनागर कालोनी, भुईफोरवानाथ, शिवपुरी, निर्मलनगर, दुर्बल आश्रम, हाथीपुर उत्तरी, अर्जुनपुरवा, मिश्राना समेत कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। जिसे ठीक करने में बिजली कर्मियों को करीब पांच घंटे लगे। जेई शेरअली ने बताया कि फाल्ट के कारण ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े फीडरों की बिजली सप्लाई भी बाधित हुई है।

## एटीएम कार्ड बदल खाते से निकाले 50 हजार रुपये

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** बैंक के एक उपभोक्ता का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों ने उसके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने एक सप्ताह बाद धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सिसावां खुर्द निवासी विनोद सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 25 मई की दोपहर वह गोला आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम से पैसा निकालने आया था। पीछे से तीन अज्ञात व्यक्ति आये और धोखे से कार्ड बदल लिया। पीड़ित का कहना है कि जालसाजों ने उसके खाते से 50 हजार रुपये निकाल लिये। पुलिस ने तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## 20 लाख की ठगी से आहत युवक ने दी जान

संवाददाता, महंगापुर

**अमृत विचार :** थाना संपूर्णानगर क्षेत्र में 20 लाख की ठगी का शिकार एक युवक ने जहर खा लिया। जिला अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

महंगापुर निवासी गुलमेल सिंह ने बताया कि उनका भतीजा अर्शदीप सिंह (20) पुत्र गुरपेज सिंह पढ़ाई में होनहार था। विदेश जाने के लिए उसका वीजा आना था। अर्शदीप के पिता ने डेढ़ एकड़ जमीन बेच दी थी। अर्शदीप के खाते में पांच लाख थे, जबकि पिता के खाते में 15 लाख जमा थे। उन्होंने बताया कि अर्शदीप ठगी का शिकार हो गया। उन्होंने बताया कि अर्शदीप के मोबाइल से चैट मिली है। उसमें ठग ने उसे रकम दोगुनी करने का झांसा दिया और 20 लाख रुपये ठग लिए। ठग ने पहली बार भेजी गई धनराशि दोगुनी करके दी। अर्शदीप को विश्वास हो गया था। 28 मई से लेकर एक जून तक अर्शदीप ने ठग के खातों में 20 लाख रुपये भेज दिए। 15 लाख रुपये गुरपेज सिंह के खाते के भी शामिल थे। अर्शदीप ने यह रकम पिता के खाते से चेक के जरिए निकाली थी और उसे आरटीजीएस के माध्यम से ठग को भेजी थी। इसमें बैंक मैनेजर की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। शनिवार को अर्शदीप ने ठगों से संपर्क करते हुए धनराशि वापस मांगी तो उसे कोई जवाब नहीं मिला। इससे आहत होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया।

अर्शदीप के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

## टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने राधेलाल

**पलिया कलां, अमृत विचार।** पलिया टैक्स बार एसो. कार्यकारिणी की बैठक जीएसटी कार्यालय में हुई। इसमें वर्ष 2024-2025 के लिए आम सहमति से अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी चुने गए। राधेलाल जायसवाल अध्यक्ष, संजय गर्ग उपाध्यक्ष, अंकुर गोयल महामंत्री, अभिलाषा मौर्य को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान प्रेम प्रकाश अग्रवाल, गगन मिश्रा, रवि गर्ग, आकाश शर्मा, अमन गोयल, अरविंद गोयल, रजनीश अवस्थी, सुधीर गुप्ता, सुषुमा रानी, शिव सक्सेना, आशुतोष आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

राधेलाल जायसवाल।

**मनमानी** | बस मालिक और संविदा परिचालकों की मिलीभगत आयी सामने

# मनचाहे रूट से धड़ल्ले से हो रहा अनुबंधित बसों का संचालन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गोला डिपो में अनुबंधित बसों का संचालन न तो निगम निर्देशों के तहत होता है और न ही एआरएम के आदेश पर। इनका संचालन बस मालिक और संविदा परिचालकों की मिलीभगत से होता है। यही वजह है कि रूट डायवर्जन लागू होने के बाद हरदोई क्षेत्र से जारी रूट को दरकिनार संविदा परिचालक बसों का संचालन गैर निर्धारित रूट से कर रहे हैं। वह भी पुराने किराए पर।

गोला और फरधान रेलवे क्रासिंग पर सेतु निर्माण के लिए 27 मई की आधी रात से गोला लखीमपुर हाईवे पर वाहनों के आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जिला प्रशासन ने रूट डायवर्ट कर लखीमपुर से गोला जाने वाले वाहनों का आवागमन वाया सिकंद्राबाद होकर कर दिया। इससे लखीमपुर और गोला के बीच की दूरी 39 से बढ़कर 49 किलोमीटर हो गई। इस पर परिवहन निगम हरदोई क्षेत्र की ओर से गोला और लखीमपुर के बीच का किराया भी 54 से बढ़ाकर 70 रुपये निर्धारित कर दिया गया। एक दो दिन बसों का संचालन निर्धारित रूट से हुआ। उसके बाद संविदा परिचालकों ने बसों का संचालन वाया अलीगंज शुरू कर दिया। वह भी 54 रुपये किराए के साथ। जबकि शाहजहांपुर और लखीमपुर डिपो की बसें निर्धारित रूट से चल रही हैं।

> रूट डायवर्जन होने के बाद नई किराया सूची जारी हुई है। उसके अनुसार ही बस संचालन कर किराया लिया जाना चाहिए। इस संबंध में एआरएम गोला से मालूमात की जाएगी।
> **-एमएल केशरवानी, क्षेत्रीय प्रबंधक हरदोई क्षेत्र परिवहन निगम**

### अलीगंज होकर लखीमपुर जा रहीं अनुबंधित बसें

रोडवेज बसों का संचालन गोला से सिकंद्राबाद से लखीमपुर के लिए होना चाहिए। इसके लिए 70 रुपये किराया निर्धारित है। मगर, संविदा परिचालक बस मालिकों के निर्देश पर बसों को अलीगंज के रास्ते 54 रुपये का किराया लेकर यात्रियों को लखीमपुर लेकर जा रहे हैं।

### बसों के इंतजार में घंटों खड़े रहते हैं यात्री

निर्धारित रूट के अनुसार लखीमपुर जाने वाले मुसाफिर गोला में सिकंद्राबाद मोड़ पर बसों का इंतजार करते हैं और गोला डिपो की बसें अलीगंज होकर लखीमपुर चली जाती हैं। ऐसे में दूसरे डिपो की बसों के आने तक एक से डेढ़ घंटे तक धूप में खड़े रहकर मुसाफिर परेशान होते हैं।

### परिचालक और यात्रियों के विवाद की वजह बना किराया

गोला डिपो के संविदा परिचालकों की मनमानी अन्य डिपो के परिचालकों और यात्रियों के बीच झगड़े की वजह बन रही है। लखीमपुर और शाहजहांपुर डिपो से सफर करने वाले यात्री परिचालक द्वारा 70 रुपये किराया मांगे जाने पर विवाद करने लगते हैं। यात्री गोला डिपो की बसों से 54 रुपये में सफर करने का हवाला देकर 70 रुपये देने में आनाकानी करते हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें
सूचना
सूचित हो कि मैं श्रेया सिंह पुत्री उपेन्द्र बहादुर सिंह, निवासी- ग्राम-भवानीपुर, पोस्ट- रायपुर, तहसील- लालगंज, जिला रायबरेली की रहने वाली हूं। मेरा सही नाम श्रेया सिंह है। एल.आई.सी. की पालिसी संख्या- 217365682 के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम मान्सी सिंह लिख गया है, जो कि गलत है।
केन ग्रोअर्स नेहरू पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी
आवश्यकता है
यूजीसी / लखनऊ विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों से स्ववित्तपोषित योजना [एम.ए. (राजनीति विज्ञान)] के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 02 पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। रिक्तियों की सख्या घट या बढ़ सकती है। महाविद्यालय प्रशासन को किसी भी स्तर पर इस विज्ञापन को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने या रोकने का अधिकार है। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून, 2024 शुल्क रु0 : 500/-
अधिक जानकारी महाविद्यालय की बेवसाइट: www.cgncollege.com पर उपलब्ध है।
प्रबन्धक/प्राचार्य

## एक नजर

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत बिगड़ी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर निवासी श्रीराम की पुत्री मुस्कान (19) ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लाया गया। डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सर्पदंश से महिला समेत दो की हालत गंभीर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र में दो लोगों की सर्पदंश से हालत बिगड़ गई। गौरीगंज निवासी सुरेंद्र कुमार की पत्नी सावित्री देवी (60) और घरथनियां निवासी जमुनादीन के पुत्र वीरेन्द्र (35) को घर में ही काम करते समय सर्प ने डस लिया। सीएचसी से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### टिन की चपेट में आकर श्रमिक के हाथ की नस कटी

**पलिया कलां, अमृत विचार :** लालपुर ढाका निवासी सोनू पुत्र इंद्रपाल (22) मजदूरी करता है। वह नौरंगपुर में एक फार्म पर टिन चढ़ा रहा था। उसी समय टिन हाथों पर गिर गई, जिससे उसके हाथ की नस कट गई। उसे पलिया सीएचसी लाया गया, ।

### दहेज में दो लाख की मांग को लेकर महिला को पीटा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम दतेली की विवाहिता ने पति पर दो लाख रुपया दहेज में लाने और पिटाई का आरोप लगाकर मैलानी पुलिस को तहरीर दी है। राजेपुर निवासिनी रोली वर्मा पुत्री योगेंद्र वर्मा ने मैलानी पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसका विवाह 18 मई 2020 को हैदराबाद थाना क्षेत्र के राजेंद्र प्रसाद वर्मा के पुत्र पवनेश से यथासम्भव दहेज देकर हुआ था।

# कृत्रिम हाथ पाकर 150 दिव्यांगों के चेहरों पर आई मुस्कान

## रोटरी क्लब के शिविर में निःशुल्क किया गया वितरण, रखरखाव की दी गयी जानकारी

दिव्यांग के हाथ की नाप लेते रोटेरियन प्रोफेसर सुभाष चंद्रा। अमृत विचार

कृत्रिम हाथ लगाने के बाद बुजुर्ग से कप उठाने का अभ्यास कराते स्वास्थ्य कर्मी।

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब लखीमपुर एवं रोटरी क्लब पूना डाउन टाउन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को करीब 150 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ लगाए गए। हाथ लगने से दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे। टीम ने दिव्यांगों को इसका उपयोग के साथ रखरखाव की जानकारी दी

कार्यक्रम का आयोजन लखीमपुर-सीतापुर हाईवे पर चिमनी गांव के निकट बने रोटरी क्लब भवन में हुआ। कृत्रिम हाथ, रोटरी इंटरनेशनल के माध्यम से अमेरिका के एलन मीडोज प्रोस्थेटिक एंड फाउंडेशन ने उपलब्ध कराए हैं। जिन्हें रोटरी क्लब पुणे डाउनटाउन एवं रोटरी क्लब लखीमपुर खीरी के सहयोग से दिव्यांगों को लगाए गए। शिविर का उद्घाटन सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता एवं डिस्ट्रिक्ट 3120 के मंडलाध्यक्ष रोटेरियन सुनील बंसल ने किया। कैंप में आए दिव्यांगों का पंजीकरण, जांच व उन्हें कृत्रिम हाथ लगाकर उसकी प्रैक्टिस कराने में केपी नर्सिंग एवं पैरामेडिकल ट्रेनिंग कॉलेज रामापुर, एएनएम एवं जीएनएम के नर्सिंग छात्र नीरज राठौर, राहुल राठौर, किरन वर्मा आदि उपयोग करने व रखरखाव की जानकारी दी। इस दौरान में टीम में मौजूद लोगों ने कृत्रिम हाथ लगाने के बाद मोबाइल, चाय का कप एवं चम्मच से उठाकर खाने की प्रैक्टिस भी कराई। दिव्यांगों को उपहार और भोजन कराकर रवाना किया गया। इस मौके पर कैंप लीडर- रोटेरियन प्रदीप मुनोत, डॉ. विनोद दुआ, गौतम इदनानी, एलन लोबो, हरेश कारले, मनोज दिसले, शेख हसन, प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट- डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, वासिफ खान, रवि भूषण साहनी, डॉ. डीएन मालपानी, डॉ. अजय कुमार आगा, रोष्ट्रीय सेवा योजन प्रभारी एवं प्रोफेसर सुभाष चंद्रा, मधुलिका त्रिपाठी, पूनम आगा, डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा, संदीप अग्रवाल, अजय भल्ला, विमल अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन रोटेरियन चंद्रशेखर सिंह ने किया। कैंप में लखीमपुर उन्नाव, पीलीभीत, बहराइच, लखनऊ, सीतापुर गोंडा के दिव्यांगों को लाभ मिला।

दिव्यांग युवक को कृत्रिम हाथ लगाते टीम के स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

### दूसरों पर नहीं रहेंगे आश्रित

बिजुआ ब्लॉक के गांव पिपरिया झाउ निवासी 32 वर्षीय दल सिंह ने बताया कि 2015 में थ्रेशर की चपेट में आने से दोनों हाथ कट गए थे, जिससे खाने-पीने आदि के लिए दूसरों पर आश्रित हो गए। अब एक हाथ लग जाने से काफी राहत मिलेगी। दूसरे हाथ में हड्डी न होने की वजह से उसमें हाथ नहीं लग पाएगा।

### होगी आसानी

बेहजम के सुंसी निवासी बोलने में अक्षम राधेश्याम के पिता रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि 2007 में यह काफी छोटा था। गांव में 11 हजार की विद्युत लाइन की चपेट में आने से इसका हाथ जल गया। इसलिए मजबूरन कोहनी से कटवाना पड़ा। हाथ लगने से काफी राहत मिलेगी।

# उमसभरी गर्मी से परेशान रहे लोग

**▸▸ रविवार सुबह बादल छाने से अधिकतम पारा रहा 42 डिग्री**

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** रविवार अल सुबह बादल छाने से दिन का तापमान करीब दो डिग्री सेल्सियस कम हो गया, लेकिन जिलेवासियों पर गर्मी का प्रकोप जारी रहा। उधर, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस होने के बाद भी उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करती रही।

बृहस्पतिवार को आए तूफान के बाद रविवार सुबह फिर से बादल छाने से पारा दो डिग्री लुढ़क गया। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह करीब आठ बजे तक धूप न निकलने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। मगर, इसके बाद निकली धूप और गर्म हवाओं ने जिलेवासियों को परेशान करना शुरू कर दिया। उमस भरी गर्मी होने से सड़कों से लेकर बाजार में भीड़भाड़ काफी कम रही। मौसम वैज्ञानिक डॉ. विशेन के मुताबिक सोमवार से फिर मौसम साफ हो जाएगा। इससे पारा और चढ़ेगा। हालांकि न्यूनतम तापमान कम रहेगा। मगर, उमस वाली गर्मी से राहत मिलने के आसार अभी कम है। आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी।

धूप से बचने के लिए सिर ढक कर निकली किशोरी। अमृत विचार

# ईंट भट्ठा पार्टनर समेत पांच पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने सीजेएम के आदेश पर थाना सिंगाही क्षेत्र के एक ईंट भट्ठा के पार्टनरों समेत छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव शीतलापुर निवासी अशोक कुमार ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने व इनकी पत्नी मंजूलता वर्मा, संजय कुमार वर्मा, राजरानी वर्मा, सुनील कुमार बत्रा व वंदना बत्रा ने मिलकर गणेश ईट उद्योग के नाम से 01 नवंबर 2010 को थाना सिंगाही के गांव चितिहा मजरा हरद्वाही में ईंट भट्ठा लगाया था, जो चल रहा है। अन्य भागीदार धोखाधड़ी कर 05 अगस्त 2023 को फर्म के विघटित करने की नोटिस भेजी। नोटिस भेजने से पहले उसे और उसकी पत्नी के स्थान पर राकेश कुमार पुत्र श्यामकिशोर व सुनीता देवी पत्नी राकेश कुमार को षड्यंत्र के तहत 25 दिसंबर 2020 को कूटरचित अभिलेख तैयार कर लिए। इन अभिलेखों के आधार पर फर्म का नाम गणेश ईंट उद्योग से बदलकर वर्मा ईट उद्योग करने की जिला पंचायत से अनुमति ले ली। आरोप है कि 11 फरवरी 2024 को चिमनी को तोडकर नष्ट कर दिया।

### रंजिश में सगे भाइयों पर चाकू से हमला

**मोहम्मदी, अमृत विचारः** पूर्वी लाखेड़ा निवासी राजेश्वरी देवी ने बताया कि गांव बहादुरनगर निवासी योगेश कुमार आदि से उनकी रंजिश चल रही है। उसका पुत्र मनीष और शुभांशु बाजार से सामान खरीद कर घर वापस आ रहे थे। रास्ते में एक आटा चक्की के पास पहले से घात लगाए बैठे बहादुरनगर निवासी योगेश कुमार, शिवम और गोपाल ने बाजार के बीचो-बीच दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया। परिजनों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टर ने मनीष की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सेवा केंद्र बने नवीन भवन : चंपत राय

**संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने रविवार को परिषद के जिला कार्यालय का हवन-पूजन कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह भवन सिर्फ कार्यालय न बनकर लोगों की सेवा का केंद्र बने। इसके अलावा जनजातीय बच्चों को भवन में निःशुल्क रुकने की सुविधा भी मिलनी चाहिए।

विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय बजरंग दल के शौर्य प्रशिक्षण शिविर के समापन में शामिल होने के लिए शनिवार को जिले में आए थे। रविवार को उन्होंने विहिप के पूर्व जिला अध्यक्ष व संरक्षक नंदकिशोर अग्रवाल की अध्यक्षता में नवनिर्मित परिषद कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय मेला मैदान क्षेत्र में स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में बना है। चंपत राय ने कहा कि यह भवन सिर्फ कार्यालय नहीं बल्कि लोगों की सेवा का केंद्र बने। लखीमपुर तराई क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन रोकने के लिए संस्कारशाला अत्यंत जरूरी है। उन्होंने जिले में 10 संस्कारशालाएं शुरू करने के लिए कहा। बजरंगदल के गौ संवर्धन सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री दिनेश उपाध्याय ने लोगों को गौ पालन के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवनारायण पासवान, विजय भदौरिया, जिलाध्यक्ष विपुल सेठ, अनुज तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक आनंद दीक्षित, भगवती अग्रवाल, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख विमल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

विश्व हिंदू परिषद के नवीन भवन के उद्घाटन पर हवन पूजन करते चंपत राय।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया शोषण

**मूड़ा सवारान, अमृत विचारः** थाना भीरा क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दो साल तक संबंध बनाए। बाद में युवक के परिजनों ने शादी से इनकार कर दिया। युवती ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। कई दिन बीत जाने के वावजूद भीरा पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। शनिवार को पीड़िता ने डीएम, एसपी से मिली। उसने बताया कि गांव के एक युवक का उसके घर आना-जाना था। शादी का झांसा देकर युवक दो वर्ष तक सम्बन्ध बनाता रहा। 26 मई की रात में जब युवती घर पर अपने कमरे में अकेली थी। तभी वह कमरे में घुस आया। आरोप है कि पुराने फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

# दिल्ली की युवती को धर्म बदलकर प्रेमजाल में फंसाया

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में लव जिहाद का एक मामला सामने आया है। गैर समुदाय के युवक ने खुद को हिंदू बताकर दिल्ली निवासी एक युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया और शादी का झांसा देकर कई वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। भेद खुलने पर युवक दिल्ली से घर भाग आया। पीड़ित युवती ने पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नई दिल्ली निवासी एक युवती ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने थाना गोला के इस्लामनगर निवासी एक युवक को अपना भाई बताया और उससे बात कराई। जिसने बात करने पर अपना नाम रोहित बताया था और वह उससे मिलने दिल्ली आया। उसने शादी का झांसा देकर चार वर्ष तक शारीरिक शोषण किया। इस बीच उसके पर्स में आधार कार्ड मिला। जिसमें उसका नाम रिहान लिखा मिला। जब उसने रिहान से बात की तो उसने उसे पीटा और जान से मारने की धमकी दी और घर आ गयाया। युवती को पता चला कि रिहान अपनी बिरादरी में शादी कर रहा है तो वह 16 मई को उसके घर पहुंची तो रिहान, उसका बहनोई शकील अहमद, नूरबानो व जहांगीर आदि ने उसे पीटा।

## सार-संक्षेप

### बच्ची ने फीता काट किया बाल विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

पलिया प्रदर्शनी का फीता काट उद्घाटन करती बालिका। अमृत विचार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** शहर के मेला मैदान में भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई बाल विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन एक बालिका ने किया। प्रदर्शनी की शुरुआत श्रीकुल सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गोपी के संयोजन में हुई। आचार्य सोमेश माधव ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं नारियल फोड़ने के बाद बालिका देवी श्रिया से फीता काटकर उद्घाटन कराया। इस मौके पर नगर व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अमित महाजन, निरंकार प्रसाद बरनवाल, विश्वकांत त्रिपाठी, गगन मिश्रा, राजेंद्र गुप्ता, धनेंद्र शुक्ला, आयुष दिवाकर , मोतीलाल आदि रहे।

### मुजफ्फरनगर में माध्यमिक शिक्षकों का लगेगा शिविर

**लखीमपुर खीरी अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक संघ का तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन अधिवेशन मुजफ्फरनगर में 10 से 12 जून तक होगा। होगा। इसमें पुरानी पेंशन से लेकर शिक्षकों की अन्य मांगों व कर्मचारी हितों को लेकर विचार विमर्श होगा और फिर इसके बाद वहीं पर प्रदेश व्यापी आंदोलन की घोषणा होगी। यह जानकारी शिक्षक संघ के वीर प्रताप सिंह ने दी है।

### भाजपा कार्यकर्ता को मोहल्ले वालों ने दौड़ाया

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के एक भाजपा कार्यकर्ता को शनिवार की रात एक युवती के साथ देख मोहल्ले वालों ने देख लिया और दौड़ा लिया। सूचना पर 112 पुलिस भी पहुंची मामला रफादफा करा दिया। एक भाजपा कार्यकर्ता को एक मोहल्ले के एक मकान में शनिवार की रात एक युवती के साथ देखा गया। मोहल्ले वालों ने विरोध किया 112 पुलिस को सूचना दी गयी। जब तक पुलिस पहुंचती तब तक उनको भीड़ ने दौड़ा लिया लेकिन वह भाग निकले।

### पेड़ से गिरकर अधेड़ घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ढकवा निवासी आशाराम (42) रविवार को आम तोड़ते समय पेड़ से गिरकर गम्भीर घायल हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी लाये जहां प्राथमिक उपचार के बाद र डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### विवाहिता ने संदिग्ध अवस्था में फंदा लगाकर दी जान

**पसगवां, अमृत विचार।** जंगबहादुरगंज से सटे ग्राम बरखेरियाजाट में जेबीगंज बाईपास के निकट रहने वाली एक विवाहिता ने संदिग्ध अवस्था में फंदा लगाकर जान दे दी। घर के सदस्य फरार हो गए। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुनौआ निवासी ओमप्रकाश ने अपनी पुत्री पूजा (25) का विवाह उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम ढंढेल निवासी अनूप कुमार के साथ 11 जून 2023 को किया था । पिछले कुछ समय से पूजा अपने पति के साथ पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बरखेरियाजाट में रह रही थी। रविवार को विवाहिता पूजा ने संदिग्धावस्था में कुंडी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । ससुराल वाले घर से फरार हो गए । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई । मायके वालों का आरोप है कि पूजा को दहेज के लिए हत्या कर लटकाया गया है । थाना प्रभारी दीपक राठौर का कहना है कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी ।

### जनरेटर चालू करने के विवाद में चपरासी ने लिपिक को पीटा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति में जनरेटर चालू करने को लेकर हुई कहासुनी में आक्रोशित चपरासी ने लिपिक से अभद्रता कर मारपीट की। जिसमें लिपिक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने ससुर-दामाद सहित तीन लोगों को नामजद कर रिपोर्ट दर्ज की है। लिपिक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि बिजली कटौती होने पर सामयिक चपरासी सुल्तान अहमद से समिति का जनरेटर चालू करने के लिए कहा गया। इस पर सुल्तान ने अपशब्द कहते हुए जनरेटर चालू करने से मना कर दिया। सुल्तान अहमद ने अपने दामाद सिराज अली और एक अज्ञात व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए उनकी पिटाई की। मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया। गोला चौकी प्रभारी सुनील सिंह ने सुल्तान अहमद, सिराज अली और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सात खोखे काटकर चोरों ने उड़ाया एक लाख का सामान

**धौरहरा, अमृत विचार :** थाना खमरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूसेपुर में शनिवार की रात चोरों ने सात खोखे काट दिए। उनमें रखा करीब एक लाख रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित लतीफ पुत्र नसीम ,नफीस पुत्र मोहम्मद हसन ,नाजिम पुत्र रोज अली,रिजवान पुत्र फारुख विदेश पुत्र गोपाली, रामनिवास पुत्र मूलचंद व इसरार पुत्र यूसुफ के अनुसार उनकी दुकानों से करीब एक लाख सात हजार का सामान चोर चुरा ले गए। पीड़ितों ने खमरिया पुलिस को तहरीर दी है।

# जर्जर बाबरपुर-बरगदिया खड़ंजा मार्ग पर चलना दूभर

**संवाददाता, रोशननगर**

**अमृत विचारः** ब्लाक बांकेगंज के रोशननगर से बाबरपुर-बरगदिया खड़ंजा मार्ग जर्जर हो गया है, फिर भी इस मार्ग की और कोई जन प्रतिनिधि और संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहे हैं। गहरे गड्ढों मे तब्दील हो चुके खड़ंजे पर पैदल चलना तक मुश्किल है।

ग्राम बरगदिया में सिद्धार्थ इंटर कालेज है। कालेज प्रबंधक रामनरेश की पत्नी कुसुमा देवी वर्तमान मे ब्लाक बांकेगंज की ब्लाक प्रमुख हैं। पलिया के विधायक रोमी साहनी हैं। दोनों जन प्रतिनिधि भाजपा के होने के बावजूद भी इस खड़ंजे की सुधि नही ली जा रही है, जबकि बाबरपुर, बरगदिया, रामपुर, अर्जुनपुर, मछोहा, लखैया के ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से रोशननगर की साप्ताहिक बाजार, बैंक, पोस्ट आफिस, सहकारी समिति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोला आने जाने के लिए जर्जर खड़ंजे पर मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

गड्ढों में तब्दील रोशननगर बरगदिया मार्ग।

# आग से गैस सिलेंडर फटा, झुलसने से बुजुर्ग की मौत

**संवाददाता, सिंगाही**

**अमृत विचार :** कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र के कस्बा बेलरायां स्थित रेलवे कॉलोनी में रविवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। सरकारी आवास पर चाय बनाते समय गैस रिसाव होने से भड़की आग से तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। हादसे में पैटमैन के बुजुर्ग पिता की झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हादसा रविवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे के करीब हुआ। मूलरूप से बिहार के छपरा निवासी गुरुसरण शाह रेलवे विभाग में पैटमैन के पद पर कार्यरत हैं। वह बेलरायां रेलवे स्टेशन पर तैनात हैं। तार महीने पहले उनके पिता शिव जी शाह (65) छपरा से अपने बेटे गुरुसरण के पास आए थे। तब से वह यहीं रुक रहे थे। आवास पर पिता-पुत्र ही रह रहे थे। रविवार की सुबह पैटमैन गुरुसरण शाह ड्यूटी परह चला गया। उसके पिता आवास पर थे। बताते हैं कि वह करीब साढ़े आठ बजे किचन में चाय बना रहे थे। इसी बीच अचानक गैस सिलेंडर में गैस रिसाव होने से आग भड़क उठी। वह कुछ समझ पाते और शराबा कर बाहर की तरफ भागते। इससे पहले ही सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे उनकी झुलसकर मौके पर ही मौत हो गई। धमाका इतना तेज हुआ कि आसपास के मकान भी हिल गए। सूचना पाकर बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक यादव फायर बिग्रेड के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। हादसे में घर में रखा सामान भी जलकर नष्ट हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटनास्थल पर जानकारी लेती बेलरायां चौकी पुलिस। अमृत विचार

> चाय बनाते समय सिलेंडर में आग लगने की बात सामने आई है। सिलेंडर भी फटा है। शव पोस्टमार्टम को भेजकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।
>
> **-अभिषेक कुमार यादव,** चौकी प्रभारी बेलरायां

**प्रतियोगिता** गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट देखने के लिए उमड़ रहे क्रिकेटप्रेमी

# एफसीसी, आजाद व ईदगाह क्लब ने जीते मैच

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

अमृत विचारः गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन एफसीसी, आजाद क्लब और ईदगाह क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की।

स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम पब्लिक इंटर कालेज में हो रहे 17 वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन पहला मैच एफसीसी गोला और वारियर्स क्लब के मध्य खेला गया। वारियर्स क्लब ने 78 रन बनाए। एफसीसी गोला की टीम ने छह ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर आठ विकेट से जीत दर्ज की।

दूसरा मैच आजाद क्लब भवानीगंज और ऊंची भूड़ गोला के मध्य खेला गया। भवानीगंज ने राजू 66 की मदद से 120 रन बनाए। ऊंची भूड़ 58 रनों पर ही ढेर हो गई। तीसरा मैच धिरावां क्रिकेट क्लब और ईदगाह क्रिकेट क्लब के मध्य हुआ। धिरावां की टीम ने 84 रन बनाए। ईदगाह क्रिकेट क्लब ने छह ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली। टूर्नामेंट कमेटी अध्यक्ष जनार्दन गिरि, उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि, रामगुलाम पांडे, केके शुक्ला, सभासद आनंद सोनी, शोभित सिंह, रामरक्षपाल, शिवांशु शुक्ल, कमाल अहमद आदि मौजूद थे।

गोला में खिलाड़ी को नकद पुरस्कार देते कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### अय्यूब ने झटके 4 विकेट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** ईदगाह क्लब के गेंदबाज अय्यूब ने अपने पहले ओवर में चार विकेट लिए। अय्यूब को ईशानी चैरिटेबल फाउंडेशन के डायरेक्टर शिवांशु शुक्ला ने 501 रुपये का इनाम दिया। उपाध्यक्ष मधुसूदन गिरि ने भवानीगंज के बल्लेबाज मनोज को हाफ सेंचुरी लगाने पर 151 रुपये का पुरस्कार दिया।

# आज रात 12 बजे खुल जाएगा गोला-लखीमपुर हाईवे

**▸▸ रजागंज और फरधान होकर दौड़ेंगे वाहन**

**लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** लखीमपुर और गोला के बीच आज आधी रात से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। इस पर पिछले सात दिन से वाहनों का आना-जाना प्रतिबंधित था। लखीमपुर मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी ने 27 मई की आधी रात से वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इन दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निर्माण का काम आज रात पूरा हो जाएगा। इसके बाद मंगलवार यानी कल से गोला और लखीमपुर के बीच फिर से पहले की तरह वाहन रजागंज और फरधान होकर दौड़ने लगेंगे।

> फरधान रेलवे क्रॉसिंग पर सेतु निर्माण का काम पूरा हो गया है। जबकि गोला में अभी काम चल रहा है जो आज रात तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद लखीमपुर और गोला मार्ग पर रजागंज व फरधान होकर वाहनों के संचालन के लिए मार्ग खोल दिया जाएगा।
>
> **- प्रशांत कुमार,** एई पीडब्ल्यूडी

# पत्नी ने प्रेमी की मदद से काटी थी पति की गर्दन

## राजफाश: पुलिस ने आलाकत्ल बरामद कर दोनों को भेजा जेल, प्रेमी से शादी करने के लिए रची थी साजिश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां पुलिस ने धारदार हथियार से युवक की गला काट कर हुई हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पति की हत्या की मास्टर माइंड पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर आला कत्ल फरसा बरामद कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया।

बता दें कि मौरावां थानांतर्गत असरेंदा गांव के मजरा दृगपालगंज निवासी बेचेलाल (33) पुत्र बिन्दा प्रसाद पुताई का काम करता था। इस समय वह बाराबंकी में काम कर रहा था। 12 दिन बाद वह वहां से लौटा तो पत्नी रेखा व बच्चों से मिलने इसी थानाक्षेत्र के ही लऊआ गांव स्थित ससुराल चला गया। शुक्रवार को वहां से लौटा था। रात करीब 11 बजे वह छत पर पत्नी रेखा व बच्चों के साथ छत पर सोने चला गया। बेचेलाल जमीन पर चटाई बिछाकर लेट गया। पत्नी व बेटी बगल में चारपाई डालकर सो गई। रात में धारदार हथियार से गर्दन पर वार कर उसकी हत्या हो गई। लेकिन, पत्नी और बेटी को इसकी भनक तक नहीं लगी। शनिवार भोरपहर करीब पांच बजे जब रेखा की नींद खुली तो उसने पति को रक्तरंजित पड़ा देख शोर मचाया था। घर से 40 मीटर दूर खेत में झोपड़ी में रहने वाला पिता बहू की चीख सुन दौड़ा तो बेटे का शव देख बेहाल हो गया। हत्या की सूचना पर एसओ चंद्रकांत सिंह, सीओ पुरवा, फोरेंसिक व स्क्वाड टीम के साथ पहुंचे और जांच की। परिजनों ने किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं बताई थी। आलाकत्ल बरामद करने के लिए पुलिस ने सब्जी के खेत में भी तलाश की लेकिन कुछ नहीं मिला। पुलिस को जांच के दौरान पत्नी के पैर व अन्य अंगों पर खून लगा मिला था। इसी से पुलिस का शक गहराया और उसने मृतक, उसकी पत्नी व अन्य संदिग्ध नंबरों को सर्विलांस पर लगाया था। पत्नी व मृतक के साले को पुलिस ने शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। सर्विलांस की मदद से सीडीआर निकलवाने के बाद पुलिस का शक यकीन में बदल गया और उसने रेखा से कड़ाई से पूछताक्ष की तो उसने सच उगल दिया। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि युवक की हत्या करने वाली उसकी पत्नी व प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में प्रयुक्त फरसा बरामद कर दोनों को कोर्ट पेश किया गया।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी पत्नी व उसका प्रेमी। अमृत विचार

### तीन साल से प्रेम संबंध

- उसने बताया कि उसके तीन साल से संजय पुत्र स्व. रमेश कोरी निवासी गांव सुदौली थाना बछरावां जिला रायबरेली से प्रेम संबंध थे और वह उससे पति की गैर मौजूदगी में मिलने भी आता था। इसकी जानकारी उसके पति को हो गई थी और उसने कई बार दोनों को रंगे हाथ पकड़ा भी था। दोनों शादी करना चाहते थे। इसलिए उसने पति को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या करने की योजना बनायी और शुक्रवार रात उसने प्रेमी के साथ मिलकर फरसा से पति की हत्या कर दी। पुलिस ने संजय को गिरफ्तार किया और उसकी निशानदेही पर घटना स्थल से 300 मीटर आगे तालाब किनारे झाड़ी से हत्या में प्रयुक्त खून से सना फरसा बरामद किया।

# सात जुलाई को निकाली जाएगी प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा, की चर्चा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित सब्जी मंडी में रविवार को श्रीमद् जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां पदाधिकारियों ने पिछले वर्ष हुये आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

बैठक को संबोधित करते हुये समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने बताया कि 7 जुलाई को नगर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जायेगी। इसके लिये अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि नेहरू नगर से मिश्रा कॉलोनी होकर यात्रा जायेगी। यात्रा को भव्य रूप देने के लिये सामाजिक संगठनों को यात्रा में सहयोग करने के लिए भी चर्चा कर उनसे सम्पर्क करने की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों को सौपी गई। जिसके बाद समिति के कोषाध्यक्ष कमल वर्मा ने आय-व्यय का ब्योरा सदस्यों के समक्ष रखा। इस मौके पर योगेन्द्र देव त्रिपाठी, अंकुर शुक्ला, दीपेन्द्र अवस्थी, राम प्रकाश शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, मिथलेश बाजपेयी, श्रीकान्त त्रिवेदी, डॉ तारकेश्वर पाण्डेय, ओम प्रकाश दीक्षित, कैप्टन राहुल तिवारी, श्याम नरायण मिश्रा, संदीप शुक्ला, राजेन्द्र बाजपेयी, अमित मिश्रा, राकेश तिवारी, अनूप मिश्रा, मनीष शुक्ला, राजेश अग्निहोत्री, अरुण शुक्ला, मुन्ना सोनी, रोशन सोनी, सन्तोष शुक्ला, दिलीप शुक्ला, मनमोहन दीक्षित, अवधेश दुबे, प्रमोद ओझा, रमाशंकर तिवारी, नागेश मिश्रा, प्रभाकर पाण्डेय, श्री प्रकाश मिश्रा, शिवाकान्त मिश्रा, नितिन दीक्षित मौजूद रहे। बैठक का संचालन अंजनी अग्निहोत्री ने किया।

बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष। अमृत विचार

## एक नजर

### कानपुर के युवक ने गंगा में लगाई छलांग

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर बेकनगंज निवासी एक युवक ने रविवार सुबह घरेलू कलह से ऊबकर गंगा में छलांग लगा दी। यह देख तट पर मौजूद पंडा ने उसे बचा लिया और बाहर निकाल कर पुलिस को सूचना दी। कानपुर बेकनगंज निवासी अबुल हसन पुत्र स्व. निसार अहमद रविवार सुबह आठ बजे नवीन पुल के नीचे पहुंचा। जहां कुछ देर टहलने के बाद उसने गंगा में छलांग लगा दी। यह देख तट पर मौजूद पांड संटी तिवारी ने भी छलांग लगा दी और उसे सकुशल बाहर निकालकर लाये। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक से पूछताछ की। उसने बताया कि माता पिता की मौत के बाद वह अपनी बहनों के साथ रहता है। किसी बात को लेकर वहनों से झगड़ा हो गया, जिससे वह जान देने के लिए गंगा में कूदा। पुलिस युवक को कोतवाली लेकर पहुंची और परिजनों के सुपुर्द किया।

### ट्रैक्टर खड़ा करने पर भाइयों को लाठी-डंडों से पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी गांव में आटा चक्की के बाहर ट्रैक्टर खड़ा करने पर संचालक ने दो भाइयों को लाठी डंडों से पीट दिया। बनी निवासी अमित रावत ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसने संभर खेड़ा निवासी संजय से चावल खरीदा था, उसी को तौल कराने के लिये देवारा कलां स्थित आटा चक्की पर पहुंचा और बाहर ट्रैक्टर खड़ा कर दिया। जिस पर संचालक गाली गलौज कर पीटा। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### रुपये लिए, दूसरी शादी की तैयारी का लगाया आरोप

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी रिंकी ने महिला थाना में दी तहरीर में बताया कि उसकस सन-2020 में थानाक्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी रामनाथ के बेटे आयुष्मान उर्फ अवधेश गौतम से प्रेम विवाह हुआ था। इससे उसे दो बेटियां आंचल व अंजली हैं। वह पति के साथ हरियाणा के आर्यनगर बालमगढ़ में रहकर मजदूरी करती थी। बीते साल उसकी ननद की शादी में खर्च करने के लिए सुसरालियों ने उससे एक लाख रुपये लिए। कुछ दिन पहले पति फिर उससे 55 हजार रुपये लेकर गांव लौट आया। वापस न आने पर वह अपनी बेटियों के साथ ससुराल पहुंची तो उसे घर में घुसने नहीं दिया और दूसरी शादी की तैयारी में है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतने के बाद प्रमाण-पत्र दिखाते एथलीट।

# एथलीट में नितिन, सरोजनी करेंगी यूपी का प्रतिनिधित्व

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** स्पोर्ट अथारिटी आफ इंडिया के लखनऊ स्थित रीजनल सेंटर में आयोजित सातवीं उत्तर प्रदेश स्टेट यूथ एथलेटिक चैंपियनशिप-2024 में जिले के बालक व बालिका वर्ग में दो एथलीट ने पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। अब वह राष्ट्रीय चैंपियनशिप में यूपी का प्रतिनिधित्व करने जाएंगे।

एथलीट नितिन गुप्ता ने 18 वर्ष आयु वर्ग में जहां स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वह 5000 मीटर वाक रेस में अव्वल रहे। वहीं सरोजनी ने 3000 मीटर की वाक रेस में रजत पदक जीत कर स्वयं को साबित किया। यह खबर मिलते ही जिला खेल कार्यालय द्वारा संचालित स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। दोनों वाक रेसर के कोच आमिर खान ने बताया कि अब यह एथलीट अपने आयु वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग करते हुए यूपी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी यह दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता बनने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं।

कोच के मुताबिक ग्रामीण परिवारों से जुड़े दोनों ही एथलीट आर्थिक तौर से कमजोर परिवारों से संबंधित हैं।

# पूंजी गवां चुके लोगों ने दो को पीटा

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत ट्रेडिंग कंपनी में पैसा इंवेस्टमेंट कर 15 फीसदी ब्याज के झांसे में आकर करोड़ों रुपए गवां चुके करीब आधा दर्जन पीड़ितों ने बीते शनिवार को देर शाम इन्वेस्टर गिरोह के दो सदस्यों को दबोच कर उनकी पिटाई कर दी।

बांगरमऊ कोतवाली के कस्बा गंजमुरादाबाद निवासी अयाजुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि मोहल्ला जोक नगर निवासी असफाक, आदिल, आशिफ व अलकैप ने उसके भतीजे और भांजे की लातघूंसों से पिटाई कर दी और कार का शीशा तोड़ डाला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। बता दें कि 15 प्रतिशत मासिक ब्याज देने का लालच देकर क्षेत्र के दर्जनों लोगों से करोड़ों जमा कराने वाले गिरोह के सदस्य अयाजुद्दीन के विरुद्ध ठगी के शिकार लोगों द्वारा कई रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं। बीती शनिवार देरशाम जमा रकम वापस मांगने को लेकर पीड़ितो से फिर विवाद हो गया। बीते एक माह से जारी मनी ट्रेडिंग के विवाद को लेकर दर्ज रिपोर्टों के मामले में पुलिस अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है।

# परिषदीय विद्यालयों के समर कैंप स्थगित, शिक्षकों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- बीएसए ने कहा रविवार होने से नहीं देखा आदेश, निर्देशों का होगा पालन

**अमृत विचार।** अब परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों सहित बच्चों को पांच से 12 जून तक जबर्दस्त गर्मी के बीच स्कूल नहीं पहुंचना होगा। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को अगले आदेश तक पूर्व में जारी आदेश स्थगित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया है कि लू व धूप के प्रकोप को देखते हुए फिलहाल समर कैंप नहीं आयोजित होंगे।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में डीजी कंचन वर्मा ने केंद्रीय अधिकारियों के निर्देश पर ईको क्लब फार मिशन लाइफ के तहत विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर परिषदीय विद्यालयों में समर कैंप आयोजित कराने का आदेश जारी किया था। यह आदेश जारी होते ही शिक्षकों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया जताई गई थी। शिक्षक इसे ग्रीष्मावकाश से वंचित करने सहित किसी बच्चे के साथ अनहोनी होने पर दंडित किए जाने को लेकर विरोध जता रहे थे। शिक्षकों के दबाव में शिक्षक नेताओं को आदेश के खिलाफ मोर्चा खोलना पड़ा। विभिन्न संगठनों ने न सिर्फ डीजी स्कूल शिक्षा, बल्कि बेसिक शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर समर कैंप के आदेश को निरस्त कराने की मांग उठाई थी। इस पर शनिवार को डीजी स्कूल शिक्षा ने पूर्व में जारी आदेश को स्थगित करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने विपरीत मौसम को ही आदेश स्थगित करने का कारण बताया है। समर कैंप स्थगित होने को शिक्षक-शिक्षिकाएं जीत बता रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों का कहना है कि संगठन की एकजुटता से राहत मिली है। जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय व प्रवक्ता मदन पांडेय ने कहा कि शिक्षकों के साथ अन्याय होने पर संगठन हमेशा आवाज बुलंद करता है। हालांकि अभी यहां बीएसए संगीता सिंह की ओर से आदेश निरस्त किए जाने का पत्र नहीं जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि समर कैंप स्थगित होने की जानकारी मिली है, लेकिन अभी डीजी का पत्र नहीं देखा है। सोमवार को आदेश पढ़ने के बाद निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

# भाजपाई उत्साहित, विपक्ष भी आश्वस्त

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मतदाताओं के खामोश रहने से अंदरखाने सभी को सता रही चिंता

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर विभिन्न खबरिया चैनल्स पर दिखाए गए एक्जिट पोल ने भाजपाइयों का उत्साह बढ़ा दिया है। वहीं इस संसदीय सीट पर मुख्य प्रतिद्वंदिता में शामिल इंडिया गठबंधन की सपा उम्मीदवार का खेमा स्थानीय स्थितियों को लेकर खुशी से लबरेज दिखाई दे रहा है।

करीब डेढ़ माह प्रमुख प्रत्याशियों के बीच जीत हासिल करने की लगातार होड़ लगी रही। उम्मीदवारों सहित चुनाव प्रचार में जुटे नेताओं की मतदाता हां में हां तो मिलाते रहे, लेकिन स्वयं खुलकर कुछ कहने से बचते रहे। मतदान के बाद से अब तक आम मतदाता मिली-जुली प्रतिक्रिया देते आ रहे हैं, जबकि दलीय निष्ठा रखने वाले चौक-तिराहों पर खुलकर अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। शनिवार को अंतिम चरण के लिए मतदान समाप्त होते ही विभिन्न न्यूज चैनल पर एक्जिट पोल का प्रसारण शुरू होने पर जनप्रतिनिधियों सहित राजनीति में रुझान रखने वाले स्क्रीन से चिपके रहे। सर्वे एजेंसियों के सभी एक स्वर से भाजपा गठबंधन की सरकार बनने के दावों को देखते हुए सत्तारूढ़ दल के नेताओं की बाछें खिली हैं। भाजपा नेता पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को स्वर्णिम काल बताते हुए एक्जिट पोल पर भरोसा जता रहे हैं। इसके विपरीत विपक्षी एक्जिट पोल को सत्ता पक्ष के दबाव से प्रेरित बता रहे हैं। सपा, बसपा व कांग्रेस के नेताओं का कहना है मतों की गिनती एक्जिट पोल से सर्वथा भिन्न होगी। इंडिया गठबंधन में शामिल दल अप्रत्याशित बढ़ाकर नतीजे घोषित होने के बाद केंद्र में नई सरकार गठित करेंगे। स्थानीय सपा नेताओं सहित गठबंधन में शामिल दलों के लोग यहां भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ मतदाताओं में पनपे आक्रोश को देखते हुए जीत सुनिश्चित होने का दावा कर रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मतदाताओं की चुप्पी को देखते हुए कुछ कहना सही नहीं होगा।

# गर्मी से रिक्शा चालक की मौत, परिजन बेहाल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के गांधी नगर निवासी एक बुजुर्ग बालूघाट स्थित रिक्शा कंपनी में रहकर रिक्शा चलाने व देखरेख करने का काम करता था। शनिवार रात पालिका के बने टेंपो स्टैंड की बेंच पर लेटा था। इस दौरान उसकी मौत हो गई। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की है।

गांधी नगर निवासी 87 वर्षीय रामेश्वर बालूघाट स्थित एक रिक्शा कंपनी का रिक्शा चलाता था। रिक्शा कंपनी मालिक सुमित कुमार गुप्ता ने बताया कि दो तीन दिनों से अधिक गर्मी पड़ने के कारण वह बीमार हो गया था। जिस कारण शनिवार रात पालिका द्वारा बनवाये गये टेंपो स्टैंड की बेंच पर लेट गया। जहां दोपहर तक उठा नहीं तो आस पास के रहने वाले लोगों को शंका हुई। लोगों ने आवाज दी लेकिन, कोई हरकत न देने पर उसे हिलाया ढुलाया गया। जहां मृत समझ कर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी लेकिन परिवार के सभी लो बाहर होने के कारण पुलिस ने जांच करने के बाद शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

गायत्री नगर में साफ-सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

# हर रविवार मच्छरों पर वार को लेकर गायत्री नगर में चला अभियान

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिका गंगाघाट की ओर से हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को वार्ड 18 गायत्री नगर में पालिका कर्मियों की फौज पहुंची। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के नेतृत्व में पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 18 गायत्री नगर में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में साफ सफाई की। इसके अलावा नालियों से सिल्ट साफ की। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर सभी साफ सफाई कराई जायेगी।

**खेती-किसानी** | 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान होने के कारण हो रही समस्या

# गर्मी के कारण धान की नर्सरी से बच रहे किसान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जून माह शुरू हो चुका है लेकिन, तापमान सातवें आसमान पर है। भीषण गर्मी से धान नर्सरी की बुआई लेट हो रही है। किसान गर्मी को लेकर चिंतित हैं और नर्सरी नहीं तैयार कर पा रहे हैं। महीने की शुरुआत में ही धान नर्सरी की बुआई शुरू हो जाती है लेकिन, देर होने से पैदावार पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

किसानों की परेशानी बढ़ने की वजह भी साफ है कि 42 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान में धान नर्सरी की बुआई की जाती है तो उसके किल्ले जल जाते हैं। ऐसे में अगर नर्सरी लगाई गई तो बीज भी खराब हो जाएगा। साथ ही धान की रोपाई भी लेट होगी। इस वजह से किसान नर्सरी की बुआई नहीं कर पा रहे हैं। किसान हरि प्रसाद निवासी तौरा ने बताया कि जून की शुरुआत में ही धान की नर्सरी डालनी शुरू कर दी जाती है। जिससे जुलाई के पहले या दूसरे हफ्ते में रोपाई शुरु हो सके। 15 जुलाई तक या इससे पहले रोपाई होने से पैदावार अच्छी होती है। लेकिन इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है तापमान 44 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में नर्सरी तैयार नहीं हो पाएगी। वहीं किसान फ़रीद मोहम्मद ने बताया कि तापमान कम होने का इंतजार करना पड़ रहा है। गर्मी अधिक होने से नर्सरी की बुआई नहीं कर पा रहे हैं। अगर समय से नर्सरी की बुआई नहीं हुई तो पैदावार पर असर पड़ेगा। जिसे लेकर किसान परेशान हैं।

नर्सरी लगाने के लिए खेत में भरा गया पानी। अमृत विचार

- पैदावार में पड़ेगा प्रतिकूल असर, अभी बुआई करने पर जल सकते हैं किल्ले

### 35 से 40 डिग्री तापमान में ही करनी चाहिये नर्सरी की बुआई

जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने बताया कि अधिक तापमान में नर्सरी की बुआई नहीं करनी चाहिए। इससे किसानों को नुकसान होने की संभावना रहती है। तापमान 35 से 40 डिग्री से कम होने पर नर्सरी की बुआई हो तो अच्छी नर्सरी होती है और किसान समय से रोपाई करके पैदावार भी बेहतर कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण करते ब्रह्मसभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

### ब्रह्मसभा की ओर से कराया गया शर्बत वितरण

**शुक्लागंज उन्नाव।** गर्मी को देखते हुये रविवार को ब्रह्मसभा शुक्लागंज व श्री रामनाम लेखन महायज्ञ समिति की ओर से शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। ब्रह्मसभा शुक्लागंज व श्री रामनाम लेखन महायज्ञ समिति की ओर से राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल के बाहर शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले राहगीरों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। शर्बत वितरण सुबह से दोपहर तक चलता रहा। इस मौके पर जयशंकर मिश्र, ओम प्रकाश मिश्र, आशुतोष शुक्ला, अशोक शुक्ला, अंकुर शुक्ला, अंजनिकांत मिश्र, अवनीश शुक्ला, ओम प्रकाश दीक्षित, शिवसरन अग्निहोत्री, सत्यकुमार उपाध्याय, बी डी त्रिवेदी, संतोष मिश्र, अंजनि अग्निहोत्री, श्रीकान्त त्रिवेदी, श्रीप्रकाश मिश्र, योगेन्द्र देव त्रिपाठी, लालाराम शुक्ल, प्रमोद त्रिवेदी, कमल वर्मा, राहुल तिवारी, अशोक तिवारी, विजय शंकर तिवारी, बब्लू बाजपेई मौजूद रहे।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से साकेतपुरी की सात घंटे गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के साकेतपुरी मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर रविवार को फुंक गया। जिस कारण सैकड़ों घरों की सात घंटे तक बिजली गुल रही। दोपहर के समय बिजली न आने पर लोग गर्मी में बिलबिला उठे। साकेतपुरी में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रविवार दोपहर करीब एक बजे विद्युत आपूर्ति के दौरान फुंक गया। इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया लेकिन ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हो सका। जिस कारण दोपहर से लेकर रात तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने पर लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। शाम लगभग सात बजे नया ट्रांसफार्मर लाया गया, उसके बाद रात करीब साढ़े आठ वजे प्रभावित घरों की सप्लाई चालू की जा सकी। आपूर्ति चालू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में पहुंचे 40 मरीज, दी गईं दवाइयां

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डा. रश्मि वर्मा, आयुर्वेदिक डॉ. अर्चना, विमल किशोर ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। प्रभारी ने बताया कि पीएचसी में 40 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### दोपहर में बैराज मार्ग पर लगे जाम में फंसी एम्बुलेंस

**शुक्लागंज उन्नाव।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर रविवार दोपहर वाहनों का अधिक भार रहा। जिस कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। इसी दौरान उन्नाव से मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। जिससे मरीज गर्मी में तड़प गया। दोपहर करीब एक बजे बैराज मार्ग पर वाहनों का भार बढ़ने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। क्रासिंग बंद होने के कारण एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहन कतारों में खड़े हो गये। इसी बीच उन्नाव से कानपुर मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई। जिससे मरीज भीषण गर्मी में तड़प उठा। यह देख राहगीरों ने किसी तरह एम्बुलेंस को बाहर निकलवाया। इस दौरान दो बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

### कारीगर पर लाखों की चांदी चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कप्तान साहब हाता निवासी एक युवक चांदी का काम करता है। उसने बिछिया बनाने के लिये कारीगर को साढ़े सात किलो चांदी दी थी। कारीगर ने बताया कि चांदी चोरी हो गई। जिस पर युवक ने कारीगर के खिलाफ कार्यवाही को लेकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कारीगर के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। कप्तान साहब हाता निवासी किशोर वर्मा चांदी के आभूषण बेचने का काम करते हैं। बीतीरात कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि पोनी रोड बमबम चौराहा निवासी दीपक वर्मा चांदी की बिछिया बनाने का काम करता है। उसने बताया कि उसने दीपक को साढ़े सात किलो चांदी बिछिया बनाने के लिये दी थी। रविवार रात करीब ग्यारह बजे दीपक घर आया, जहां उसने बताया कि वह चांदी की बिछिया बनाकर बाइक से आ रहा था, इसी दौरान एक घर में पैसे देने चला गया। तभी अज्ञात चोरों ने उसकी चांदी की बिछया चोरी कर ली। शक होने पर किशोर ने गंगाघाट पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दीपक को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया और तहरीर के आधार पर उससे पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही चोरी गये माल को बरामद किया जायेगा।

## एक नजर

### महिला की तहरीर पर पति सास व ननद पर रिपोर्ट दर्ज

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव समाधा निवासी ज्योति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन वर्ष पूर्व समाधा निवासी अजीत से उसकी शादी हुई थी। बताया कि शादी के बाद से पति, सास सुषमा व ननद कोमल दहेज में बाइक व 50 हजार नगद लाने की बात कहकर उसे प्रताड़ित करते थे। 27 मई को पति व अन्य ससुरालियों ने मायके से बाइक व 50 हजार न लाने पर उसे मारा पीटा और विरोध करने पर घर से भगा दिया। एसओ रामऔतार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति व अन्य नामितों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर के बाहर से ई-रिक्शा गायब, दी तहरीर

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के संदाना गांव निवासी उत्कर्ष सिंह पुत्र अनिल बीते कई साल से अजगैन स्थित घर में परिवार के साथ रहता है। शनिवार देररात उसका ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा था। तभी मौका पाकर चोरों ने ई-रिक्शा पार कर दिया। सुबह जब परिजन घर के बाहर आए तो रिक्शा वहां नहीं था। काफी खोजने के बाद भी रिक्शा का पता नहीं चला। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र दिया है। प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि प्रार्थनापत्र के आधार पर जांच की जा रही है।

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**पुरवा।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय-प्रथम से अमानत में खयानत के मामले में काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी राकेश को कोतवाली पुलिस ने पकड़ कर कोर्ट में पेश किया। दरोगा राजेश यादव ने कहा कि सन-1997 में बीघापुर थाने से अमानत में खयानत का मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव मरोई के राकेश के विरुद्ध हुआ था। जिसमें आरोपी जेल भी गया था। लेकिन काफी अरसे से कोर्ट में हाजिर न होने पर उसके विरुद्ध वारंट जारी हो गया था। जिस पर न्यायालय से हाल में ही (82) मुनादी की कार्रवाई होते ही कोतवाली पुलिस ने पकड़ने के लिए वारंटी राकेश के घर पर दबिश देकर उसे पकड़ा और कोतवाली लाई। जहां से उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### दो साल तक लिव इन रिलेशनशिप में रहा, अब शादी से किया इनकार

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथनखेड़ा निवासी युवक का आसीवन थानाक्षेत्र की एक युवती से दो साल से प्रेम-संबंध था। उनमें शादी करने की बात हो रही थी। दोनों दो साल से लिव इन रिलेशनशिप मे रह रहे थे। वे लोग गांव के साथ दिल्ली में भी रहे। एक सप्ताह में पहले गांव आये और शादी की बात होने लगी। लेकिन, उनमें आपसी समझौता नहीं हो सका। जिससे शादी नहीं हो सकी। इसके बाद पीड़ित युवती ने कोतवाली में युवक के विरुद्ध शादी का झांसा देकर दो साल तक शारीरिक शोषण करने का प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दो वारंटियों को पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान में पुलिस ने अलग-अलग मामले में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। जहां उनके खिलाफ कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि एससी एसटी, चोरी, मारपीट के मामले में आरोपी हाजीपुर बसधना निवासी मनोकांत व सलीन्द थाना सफीपुर निवासी संजय को कोर्ट में हाजिर नहीं हुये। जिस पर उनका वारंट जारी हो गया। पुलिस ने चलाये गये अभियान के दौरान दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है।

# तापमान में गिरावट के बाद भी गर्मी के चढ़े रहे तेवर, लोग परेशान

## आखिरी दिन भी खूब तपा नौतपा, सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को जिले का तापमान तो अन्य दिनों से कुछ कम रहा लेकिन गर्मी ने अपना रौद्र रूप कम नहीं किया। इससे दिन में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। रविवार को तापमान अधिकतम 42 और न्यनतम 29 रहा। वहीं, आखिरी दिन भी नौतपा खूब तपा, जिससे रविवारीय अवकाश के दिन शहर की सड़कों पर शाम तक लोगों की कम आवाजाही रही। दोपहर के समय सवारियां ढोने वाले वाहनों को जहां खड़े रहना पड़ा। वहीं मौसम की मार से बेहाल लोग अब गर्मी से घमौरियों के शिकार हो रहे हैं।

माना जाता है कि सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी कम होने की वजह से नौतपा के नौ दिन अत्याधिक गर्म रहते हैं। रविवार को आखरी दिन लोगों को उम्मीद थी कि अन्य दिनों की तुलना में गर्मी से कुछ राहत रहेगी, लेकिन इसके उल्ट सुबह से मौसम गर्म बना रहा। हालांकि रविवार का दिन होने से नौकरी पेशा लोगों को आफिस भागने की टेंशन नहीं रही। इसीलिए शहर की सड़कों पर आमदिनों की अपेक्षा शाम तक लोगों की आवाजाही काफी रही। लोगों के घरों से न निकलने की वजह से जहां आटो व ई रिक्शा चालकों के लिए दिहाड़ी निकालना मुश्किल रहा। वहीं सवारियों का टोटा बना रहने से परिवहन निगम सहित रोडवेज व निजी बसों के चालक स्टापेज का समय ओवर होने पर खाली गाड़ियां आगे बढ़ाने को मजबूर रहे। इसी तरह टैंपो सहित अन्य डग्गामार वाहन भी स्टैंडों पर खड़े रहकर सवारियों का इंतजार करते रहे। गर्मी से सबसे अधिक परेशानी रोज कमाने-खाने वालों को हो रही है। शहर में फेरी लगाकर सब्जी व फल सहित अन्य सामान बेचने वालों का कहना है कि वैसे दोपहर तक घूम-घूम कर परिवार के भरण-पोषण का इंतजाम हो जाता था, लेकिन इधर दोपहर के समय सभी घरों के दरवाजे बंद रहते हैं। इससे लगातार घूमते रहने के बाद भी खरीदार नहीं मिलते हैं।

सवारियों के इंतजार में स्टैंड पर खड़े टेंपो। अमृत विचार

### आमजन के लिये रखा गया पानी का टैंकर गायब पुलिस खोजने में जुटी

**नवाबगंज, उन्नाव।** भीषण गर्मी से आमजन को राहत देने की मंशा से डीएम के आदेश पर सीएचसी के पास लगाया गया पानी का टैंकर शनिवार रात अचानक वहां से गायब हो गया। सुबह जानकारी होने पर नगर प्रशासन ने पुलिस को इसकी सूचना दी और एक सीसीटीवी फुटेज भी दिया। जिसमें रात को एक टैक्टर टैंकर ले जाता दिख रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि डीएम ने नगर प्रशासन को आदेश दिये थे कि गर्मी से बचाव के लिये सीएचसी के बाहर पानी का टैंकर खड़ा करा दे। बीते एक हफ्ते से टैंकर वहां खड़ा था। नगर प्रशासन दो बार उसमें पानी भी भरता था। रविवार सुबह कर्मचारी जब टैंकर लेने पहुंचे तो वह वहां नहीं था। नगर पंचायत के लिपिक तुफैल अहमद ने इसकी सूचना ईओ अनिल कुमार और चेयरमैन दिलीप लश्करी को दी। नगर प्रशासन ने पास के मेडिकल स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा तो कैमरे में रात 1.35 बजे एक काली कार और नीला टैक्टर टैंकर ले जाता दिखा। फुटेज और एक प्रार्थनापत्र पुलिस को दिया गया। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। जांच की जा रही है। टैंकर जल्द बरामद किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री का आदेश दरकिनार जमकर हो रही बिजली कटौती

**समस्या**

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चेतावनी के बावजूद शहर सहित जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली की आवाजाही से निजात नहीं मिल रही है। लोगों का कहना है कि बिजली गुल होते ही बच्चों व बुजुर्गों का बुरा हाल बना रहता है। वहीं स्थानीय अधिकारी ओवरलोडिंग का रोना रोते हुए फाल्ट की मरम्मत के लिए शट डाउन लेने को मजबूरी बता अपना पल्लू झाड़ लेते हैं।

एक तरफ जबर्दस्त गर्मी लोगों को बेहाल किए हैं। वहीं दूसरी तरफ बिजली की आवाजाही लोगों की मुश्किलें बढ़ाए रहती है। आमतौर पर बिजली गुल होने पर 20 मिनट आधे घंटे बाद ही आपूर्ति बहाल होती है। इस चिलचिलाती गर्मी में आपूर्ति ठप होने के साथ कूलर व एसी काम करना बंद कर देते हैं, जिससे बच्चों का जहां रो-रोकर बुरा हाल बना रहता है। वहीं बुजुर्ग भी पसीने से लस्त-पस्त हो जाते हैं। इसी तरह महिलाओं को भी खाना बनाते समय बिजली गुल होने पर किचन छोड़ने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इधर एक पखवाड़े से प्रतिदिन औसतन 10 बार बिजली आंख-मिचौली का खेल खेलती है। विभागीय अवर अभियंताओं का कहना है कि इधर अधिकांश ट्रांसफामर्स पर क्षमता से अधिक लोड है। चेकिंग अभियान चलाकर स्वीकृत लोड से अधिक उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन विद्युत उपकरणों के इस्तेमाल में बेतहाशा वृद्धि होने से समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने दावा किया कि ओवर लोडिंग की वजह से ही फाल्ट होते रहते हैं। इसलिए उपभोक्ताओं को एहतियात बरतते हुए विद्युत उपकरणों का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही जरूरत के मुताबिक स्वीकृत लोड बढ़वाना चाहिए। अभियंताओं का कहना है कि मानसून आने के साथ ही फाल्ट कम होंगे, जिससे शट डाउन न लिए जाने से अधिक बेहतर आपूर्ति हो सकेगी।

बिजली कटौती का कैरीकेचर।

- मुख्यमंत्री ने गर्मी के चलते कटौती न करने के निर्देश अधिकारियों को दिये थे
- अफसरों पर इसका कोई असर नहीं है और बिजली की आंख मिचौली जारी है

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# टैंकर में टक्कर मार भाग रहे डंपर ने युवक को कुचला

संवाददाता चकलवंशी, उन्नाव

**अमृत विचार।** मांखी थानांतर्गत रऊ करना चौराहा के पास खड़े टैंकर में डंपर ने टक्कर मार दी। इस पर नुकसान की भरपाई के लिये टैंकर चालक भाग रहे डंपर को रोकने के लिए पायदान पर चढ़ गया लेकिन चालक ने डंपर को दौड़ा दिया। इससे वह करीब 200 मीटर घिसटने के बाद पहिए के नीचे आकर कुचल गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने क्षतविक्षत शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बता दें कि औरैया जिला व थानाक्षेत्र के रामपुर रामसहाय गांव निवासी विपिन बाबू (40) पुत्र स्व. शिवनाथ रिलायंस डिपो का टैंकर चलाता था। शनिवार रात 11 बजे वह डिपो से लोड लेकर बाहर निकला था। रात होने से वह वहीं रुक गया था। सुबह पांच बजे पेट्रोल लदा टैंकर सफीपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के लिए निकला। रविवार सुबह करीब आठ बजे वह उन्नाव-हरदोई मार्ग पर माखी थानाक्षेत्र के रऊकरना चौराहे पर ही पहुंचा था कि आगे एक ई-रिक्शा सवारी बैठाने के लिए रुक गया। इस पर उसने टैंकर रोक दिया और पानी पीने को नीचे उतर गया। जबकि साथ रहा क्लीनर कानपुर देहात जिले के थाना अकबरपुर के गांव मुरीदपुर निवासी प्रमोद पुत्र राम अवतार उसी में बैठा रहा। तभी हरदोई से आये तेज रफ्तार डंपर ने कंटेनर में टक्कर मार दी और भागने का प्रयास किया। यह देख कंटेनर चालक विपिन बाबू डंपर की खिड़की में चढ़ गया और उसे रुकवाने का प्रयास किया। चालक को चढ़ता देख डंपर चालक ने डंपर दौड़ा दिया। इससे विपिन का पैर फिसल गया लेकिन, चालक ने डंपर की गति और बढ़ा दी। इससे वह 200 मीटर घिसटते हुए डंपर के पहिये के नीचे आ गया। इसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद वहां भीड़ लग गई। क्लीनर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ परिजनों को इसकी जानकारी दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के बड़े भाई रामबीर ने बताया कि डंपर चालक ने मेरे भाई की हत्या की है। मेरा भाई गिरा नहीं बल्कि डंपर चालक ने खिड़की खोलने के बाद उसे धक्का दिया और सड़क पर गिरते ही उस पर गाड़ी चढ़ा दी। मृतक तीन भाईयों में छोटा था। पति की मौत से पत्नी प्रियंका, बच्चों में बेटा अर्पित और बेटी पूर्वी बेहाल हैं। क्लीनर प्रमोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि क्लीनर की तहरीर पर कंटेनर चालक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर व पीएम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई होगी।

विपिन बाबू। अमृत विचार

### टैंकर में भरा था 19 हजार लीटर पेट्रोल

उन्नाव। क्लीनर प्रमोद ने बताया टैंकर में 19 हजार लीटर पेट्रोल लदा था। डंपर ने चालक की खिड़की की ओर टक्कर मार दी। यदि थोड़ा आगे टक्कर लगती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इससे विपिन डंपर चालक के पास गया था। फिलहाल पुलिस ने टैंकर थाने में खड़ा कराया है और डंपर चालक की तलाश कर रही है।

# शिकवे भूलकर फिर थामा हाथ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र व थाना-कोतवाली में स्थापित महिला हेल्पडेस्क में तैनात सिपाहियों के प्रयासों से पति-पत्नी के 28 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को राजी हुए।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर पुलिस लाइन व विभिन्न थाना-कोतवाली में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया था। हेल्पडेस्क टीम ने काउंसिलिंग करते हुए परिवार परामर्श केंद्र व महिला थाना से 7-7, औरास से 4, सोहरामऊ से 3, माखी व अचलगंज से 2-2, बांगरमऊ, कोतवाली सदर व बेहटा मुजावर से 1-1, जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया। इस दौरान डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में डा. मनीष सिंह सेंगर, निम्मी अरोड़ा, अबरार हुसैन, अबसार अली, डा. सगीर अहमद, संजय चौरसिया, शिवेंद्र चौहान, स्वास्तिक मिश्रा व एसओ महिला थाना अर्चना, महिला सिपाही लक्ष्मी सिंह, चिंतन, नेहा शुक्ला, गिरजा, रूबी आदि मौजूद रहीं।

परिवार परामर्श केंद्र में जोड़े के साथ मौजूद परामर्शदाता। अमृत विचार

# घरेलू कलह से परेशान युवक ने लगाई फांसी, हो गई मौत

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** एक अविवाहित युवक ने घरेलू कलह के चलते गांव के बाहर खेत में लगे पाकड़ के पेड़ के सहारे रस्सी के फंदे से लटककर फांसी लगा ली। सूचना पुलिस को दिए बिना परिजनों ने गांव के बाहर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शादीपुर के मजरा नारायन खेड़ा निवासी रामपाल का 22 वर्षीय पुत्र सूरज फरीदाबाद हरियाणा में रहकर मजदूरी करता था। दो दिन पहले वह घर आया था। रविवार सुबह सूरज ने घरेलू कलह के चलते गांव के बाहर खेत में लगे पाकड़ के पेड़ पर फांसी लगा ली। खेत में मौजूद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की मां की तीन साल पहले मौत हो चुकी है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जवान बेटे की अचानक मौत से पिता रो-रोकर बेहाल है।

- **पुलिस को सूचना दिए बिना परिजनों ने गांव के बाहर शव का किया अंतिम संस्कार**

## ढाबा संचालक के खिलाफ दी तहरीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ स्थित एक ढाबा में कामर्शियल सिलेंडर सप्लाई किये जाने की शिकायत पर भारत पेट्रोलियम के कानपुर विक्रय अधिकारी ने छापेमारी की।

जिला पूर्ति अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि 31 मई को भारत पेट्रोलियम के विक्रय अधिकारी हिमांशु सिंह ने जाजमऊ त्रिभुवनखेड़ा स्थित मंदाकिनी ढाबा पर छापेमारी की। जहां उन्होंने कामर्शियल सिलेंडर की सप्लाई होते मिली। उन्होंने बताया कि चालक उन्नाव तौरा निवासी शोभित को पकड़ा था। वाहन में रखे 20 कामार्शियल सिलेंडर में 10 खाली थे। उन्नाव कामर्शियल भारत गैस एजेंसी द्वारा अवैध तरीके से सप्लाई किया जा रहा था। जिला पूर्ति अधिकारी ने जाजमऊ चौकी पर जब्त सिलेंडर व वाहन के मुताबिक चालक शोभित और एजेंसी मालिक युसूफ पुत्र मो. हाशिम के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मामला पंजीकृत किये जाने को लेकर गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# सेनानी परिवारों को राष्ट्रीय परिवार घोषित किया जाए

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव भूलभुलिया खेड़ा स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व. साहबलाल द्विवेदी के स्मारक स्थल पर रविवार को स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों की बैठक हुई। इसमें सभी सेनानी परिवारों को राष्ट्रीय परिवार घोषित कराने हेतु एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की गई।

बैठक में गांव मेथी टीकुर के विख्यात स्वतंत्रता सेनानी व कवि स्व. गया प्रसाद शुक्ल निर्भीक के पुत्र व बार एसोसिएशन उन्नाव के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में वर्षों तक जेल की सजा भुगतने और भारत को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों के परिवार आज सरकारी उपेक्षा के चलते गुमनामी की स्थिति में जा पहुंचे हैं। केंद्र व प्रदेश सरकारों को जगाने के लिए अब स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के संगठन को मजबूत कर अपने स्वाभिमान और सम्मान के लिए पुरजोर आवाज बुलंद करना है। गांव हफीजाबाद के विख्यात स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पं. भूपेंद्र नाथ शुक्ल एडवोकेट के पौत्र शशांक शेखर शुक्ल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अब भविष्य में हर माह के प्रथम रविवार को स्वतंत्रता सेनानी आश्रितों के स्मारक स्थलों पर बैठक होगी। सर्व सम्मति से तय हुआ कि अगली बैठक आगामी दिनांक 7 जुलाई दिन रविवार को 10 बजे गांव हफीजाबाद में आयोजित होगी। अंत में सभी आश्रितों द्वारा साहबलाल द्विवेदी, सूरज प्रसाद मिश्रा, गया प्रसाद शुक्ल निर्भीक, क्षेत्रपाल सिंह, रुद्र नारायण दीक्षित, सेवाराम व दुर्गा प्रसाद पाल स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

अध्यक्षता स्नेहलता त्रिपाठी व संचालन शैलेन्द्र शुक्ल ने किया। बैठक में शशांक शेखर शुक्ला, जगदीश प्रसाद दीक्षित, विपिन द्विवेदी, विनय द्विवेदी, वंश गोपाल मिश्रा, नरेश द्विवेदी, गरिमा दीक्षित, हरिशरण, उत्सव द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण द्विवेदी व पप्पू पाल आदि सेनानी आश्रितों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मौजूद स्वतंत्रता सेनानी परिवार के लोग व सेनानियों के चित्र। अमृत विचार

**अनदेखी** उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी सीधे नदी में बहाने से बढ़ रही फ्लोराइड की मात्रा

# औद्योगिक प्रदूषण से लोन नदी का पानी हो रहा 'जहरीला'

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले की प्रमुख नदियों में शामिल लोन नदी का पानी इन दिनों जहरीला हो गया है। टेनरियों के दूषित पानी के जाने से नदी के पानी में फ्लोराइड की भी मात्रा बढ़ी है। आज लोन नदी का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है टेनरियों के जहरीला पानी ने लोन नदी को विषैला बना दिया है। भीषण गर्मी में मवेशी इसमें चले जाते हैं। जिसका जहरीला पानी पीने से उनकी मौत भी हो रहीं हैं। नदी के आस पास बसे गांव का पानी भी दूषित हो गया है खेतों की उत्पादन क्षमता भी धीरे-धीरे घटने लगी है आसपास के ग्रामीण बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

बता दें कि जिले की सदर पुरवा और बीघापुर तहसील से लोन नदी निकली हुई है। सदर तहसील क्षेत्र में संचालित टेनरियों का दूषित पानी सीधे इस नदी में छोड़ा जाता है। जिससे नदी का पानी अब केवल ग्रामीणों के लिए अभिशाप बनता जा रहा है तीनों तहसील क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गांव जिसमें सदर तहसील के चांदपुर, गजौली जमुक़ा, बड़ौरा, नेवरना, जरगांव, पड़री खुर्द, पड़री कला, मीरपुर, जगेथा, झाऊखेड़ा आदि पुरवा तहसील के गाँव मंगतखेड़ा, बैगांव, अतरसई, मझखोरिया, तारागढ़ी, मिर्जापुर सुभारी, हिम्मत खेड़ा गदोरवा, अटवा नवाव, सिंहपुर, टिकरिया आदि। बीघापुर तहसील के गांव चमियानी, गढ़ाकोला, भाटमऊ, जाजनपुर, बैजूवामऊ, परसंडा आदि हैं। तीनों तहसीलों के गांव के लोग इस नदी के पानी से खेतों में बोई हुई फसलों की सिंचाई करते हैं। प्रदूषित पानी से फसलों की सिंचाई होने से खेतों की उपजाऊ क्षमता धीरे-धीरे घटने लगी है। ग्रामीण इलाकों में देखने को मिल रहा है कि गांव का पानी तक खराब हो चुका है। हैंडपंप फ्लोराइड युक्त पानी दे रहे हैं। जिसे पीकर लोग बीमार हो रहे हैं। इस भयंकर गर्मी में मवेशी प्यास बुझाने के लिए नदी में चले जाते हैं और जहरीला पानी पीने से उन मवेशियों की मौत हो रहीं हैं।

**दुर्गंध इतनी कि आधा किमी पहले ही बंद करनी पड़ती नाक :** लोन नदी का पानी इस हद तक जहरीला हो गया है कि इसके पास से गुजरने पर देखने में पानी काफी गंदा नजर आता है। यह केमिकल के मिले होने से लाल हो गया है। आधा किमी दूर तक इसके पानी की दुर्गंध आती करता है। इसी कारण नदी के निकट बसे गांव के लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी जाने से प्रदूषित हुआ लोन नदी का पानी।

**बोले किसान**

इंदल कुमार।

अटवा नवाब गांव निवासी किसान इंदल ने बताया कि उनका गांव लोन नदी के पास है। इस नदी का पानी विषैला होने से गांव में पीने का पानी भी दूषित हो गया है। फ्लोराइड बढ़ने से लोगों को बीमारियां बढ़ रही है।

राजेंद्र पांडेय।

पड़री कलां गांव के किसान राजेंद्र पांडेय ने बताया कि लोन के पानी से फसल सींचने से खेत की उत्पादन क्षमता कम हो गई है। गेहूं व चावल काफी हो रहा है। भविष्य में खेत के बंजर होने का खतरा बढ़ गया है।

# कीटनाशक निगलकर महिला ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थानांतर्गत शनिवार रात कुरसठ कस्बा निवासी एक विवाहिता ने कीटनाशक निगल लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अभी मायके पक्ष की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। लेकिन चर्चा है कि पारिवारिक विवाद के बाद महिला ने आत्मघाती कदम उठाया।

बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा कुरसठ के मोहल्ला गोड़ी याना निवासी पप्पू कश्यप बर्फ बेचता है। शनिवार शाम काम से वापस घर लौटा। पत्नी गौरी (24) से घर के काम को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर वह दो साल के बच्चे आदित्य को लेकर अपने कमरे में चली गई। पति बाहर दूसरे कमरे में लेट गया। इसके बाद रात में गौरी ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। लेकिन वह कमरे से बाहर नहीं आई। रात में बच्चे की रोने की आवाज सुन पप्पू कमरे में पहुंचा तो पत्नी मुंह से झाग निकल रहा था और कमरे में उल्टी पड़ी थी। इस पर वह उसे मियागंज सीएचसी लाया। पति ने पुलिस को सूचना देने के साथ मृतका के मायके हरदोई जिले के थाना संडीला के गांव चौपट टोला निवासी पिता रामभजन को दी। वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। लेकिन, उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाया है।

गौरी।

# स्टेडियम होने के बाद भी खेलने को तरस रहे खिलाड़ी

## टोंडरपुर के कोठिला सरैया में लाखों की लागत से निर्मित स्टेडियम बना घास का जंगल

टोडरपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खंड टोंडरपुर क्षेत्र के कोठिला सरैया में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा निर्मित स्टेडियम सिर्फ नाम के लिए बना है, जिसको लाखों की लागत से तैयार किया गया है। यह स्टेडियम लगभग 15 बीघे में बना है। फिर भी क्षेत्र के खिलाड़ी खेल के लिए तरस रहे हैं। खेल प्रतिभाओं को ग्राम स्तर पर आगे लाने के लिए बनाया गया यह स्टेडियम बेमकसद साबित हो रहा है।

बताते चलें कि स्टेडियम की शुरुआत होने के बाद कुछ दिन तक इसका रखरखाव हुआ, लेकिन बाद में जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते इसकी दशा बिगड़ गई। मैदान में घास का जंगल बन गया है। स्टेडियम बनने से क्षेत्र के युवाओं व खेल प्रेमियों को उम्मीद थी कि अब उन्हें बेहतर सुविधा मिल सकेगी, जिससे वह खेलों में अपना नाम रोशन कर सकेंगे। क्षेत्र के खिलाड़ी विकास तिवारी, संजीव कुमार, आनंद तिवारी, हिमांशु पाल, सत्यम पाल आदि खिलाड़ियों ने बने स्टेडियम के संबंध में कहा कि कई वर्षों से खेल गतिविधियां संचालित न होने से खिलाड़ी इस मैदान में खेल खेलने नहीं आते हैं, गांव की गलियों में ही या फिर दूरदराज खेलने जाना पड़ता है, जिससे हम खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्टेडियम में उगी घास। अमृत विचार

### खिलाड़ियों ने प्रशिक्षक पर लगाए आरोप

संजीव यादव

हिमांशु पाल

विकास तिवारी

आनंद तिवारी

### स्टेडियम में अव्यवस्थाएं, नहीं हो रही देखरेख

खिलाड़ियों ने इस स्टेडियम के जिम्मेदार खेल व्यायाम प्रशिक्षक मनोज यादव पर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें इस स्टेडियम की देखरेख व व्यायाम प्रशिक्षण की पूरी जिम्मेदारी दी गई है, फिर भी स्टेडियम में बड़ी-बड़ी झाड़ियां खड़ी हैं। बिजली व्यवस्था खराब पड़ी है। स्टेडियम की देखरेख के लिए शासन द्वारा कर्मचारी तैनात किए गए हैं, लेकिन हीलाहवाली के चलते कर्मचारी नदारद रहते हैं।

### जिम्मेदार ने झाड़ा पल्ला

स्टेडियम की मूलभूत सुविधाओं की देखरेख की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए जिम्मेदार अपना नाम बताने से मुकर गए। कहा, अगर अन्य जानकारी करनी है तो युवा कल्याण ऑफिस जाकर पता कर लो हम आपको फोन के माध्यम से कुछ नहीं बता पाएंगे। खिलाड़ियों से पता करने पर उनका नाम मनोज यादव बताया गया और यह खेल व्यायाम प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इन्हीं को स्टेडियम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पट्टे के लिए लगाई जा रही 50-50 हजार की बोली

हरदोई

▸▸ अपात्रों को पट्टा देने के लिए तैयार पत्रावली निरस्त कराने की मांग

**अमृत विचार।** दबंग पूर्व प्रधान की शह पर खुल्लम-खुल्ला 50-50 हज़ार रुपये ले कर पट्टा दिया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए अपात्रों को पट्टा देने के लिए तैयार की गई पत्रावली को निरस्त किए जाने की मांग की गई है।

बताया गया है कि सवायजपुर तहसील के बरवन नसेब में भूखण्ड संख्या-27 जो कि नवीन परती में दर्ज है और जिसका रकवा लगभग 50-52 बीघा है। उस जमीन को दबंग पूर्व प्रधान पारूल सिंह कुछ अपात्र लोगों से 50-50 हजार रुपये लेकर उन्हें पट्टा कर देना चाहते हैं। इसी कड़ी में उसमें मौजूद प्रधान रीतिराम ने जब पारूल सिंह की बात नहीं मानी तो उसके ऊपर गम्भीर मुकदमा दर्ज करा कर उसे जेल भिजवा दिया और अपनी मर्जी से एक समिति बनाकर सोन पाल को प्रधान नियुक्त कराकर उसके जरिये अपात्र लोगों को पट्टा देने के लिए पत्रावली तैयार कराई गई है। जिसमें मौजूदा समिति के प्रधान के भाई शिवपाल आदि को भी पट्टा दिया जा रहा है। जबकि गांव में मौजूद पात्र व्यक्ति जिनके पास एक बीघा भूमि भी नहीं है, उनको पट्टा नहीं दिया जा रहा है। पारूल सिंह के डर से मौजूदा लेखपाल कुछ भी बताने से इनकार कर रहे हैं। गांव के अखिलेश द्विवेदी, पंकज, बृजकिशोर सक्सेना, छोटे भईया, नरेश पुत्र राजेन्द्र, महावीर, माधौ, बाबूराम व प्रकाश ने मांग की है कि अपात्रों को पट्टा देने के लिए तैयार की गई पत्रावली को निरस्त किया जाए।

# मतगणना स्थल पर मोबाइल रहेगा प्रतिबंधित

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक, कहा- मतगणना के दौरान अपने दायित्वों का करें निर्वहन

हरदोई

▸▸ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर प्रवेश न करने दिया जाए

▸▸ बिना पास किसी के भी परिसर में जाने पर रहेगी रोक

**अमृत विचार।** नवीन मंडी परिसर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाए। सभी लोग समय से मतगणना स्थल पर पहुंचे। मतगणना हॉल में मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर किसी को प्रवेश न करने दिया जाये।

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर में किसी भी दोपहिया व चौपहिया वाहनों को प्रवेश न करने दिया जाये। बिना पास किसी को परिसर में न जाने दिया जाये। किसी को भी कोई ज्वलनशील पदार्थ व हथियार न ले जाने दिया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि परिसर व मतगणना हॉल में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अग्निशमन की टीम भी रहेगी।

पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को परिसर में प्रवेश न करने दिया जाये। पार्किंग व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना के दौरान अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बताया कि पोस्टल बैलट व ईटीपीबीएस की गणना एक साथ प्रारम्भ होगी। पोस्टल बैलट के लिफाफे को सावधानी के साथ खोलें। उन्होंने गणना में लगे अधिकारियों के प्रश्नों का समाधान किया तथा प्रश्न पूछकर एआरओ की जानकारी को परखा। एसडीएम धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने ईटीपीबीएस की स्कैनिंग से लेकर गणना तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने पोस्टल बैलट व ईटीपीबीएस की गणना उपरांत सीलिंग के बारे में भी बताया। उपजिलाधिकारी राकेश सिंह ने ईवीएम से की जाने वाली गणना व सीलिंग आदि प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

मतगणनास्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मतगणना के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। मतगणना स्थल पर समय से पहुंचे। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलट की गणना 8 बजे से शुरू होगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व प्रत्याशियों को मतगणना प्रक्रिया की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एजेंट अपनी निर्धारित टेबल पर ही रहें। अन्यत्र जाने की छूट नहीं होगी। एजेंट पेन, पेन्सिल व नोट पैड ला सकते हैं। मोबाइल सहित किसी प्रकार का इलेक्ट्रोनिक उपकरण लाना निषेध है। मोबाइल आदि रखने के लिए विधानसभा वार क्लॉक रूम बनाया गया है। बिना परिचय पत्र प्रवेश पूरी तरह से वर्जित होगा। परिसर में प्रवेश के समय चेकिंग की प्रक्रिया से गुजरना होगा। परिसर को नो वेहिकल जोन बनाया गया है। पार्किंग की व्यवस्था सीएसएन व आर आर कॉलेज में की गयी है। परिसर में पब्लिक कम्युनिकेशन सेंटर बनाया गया है। यहां उम्मीदवार व एजेंट मोबाइल से बात कर सकते है। परिसर में कोई भी ज्वलनशील पदार्थ व हथियार आदि ले जाने की अनुमति नहीं है। परिसर में लंच आदि की व्यवस्था की गयी है। एसडीएम धीरेन्द्र श्रीवास्तव ने पोस्टल बैलट की गणना की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# सबसे पहले गिने जाएंगे पोस्टल बैलेट

हरदोई

▸▸ आठ पंडालों में ईवीएम से की जाएगी काउंटिंग

**अमृत विचार।** मतगणना के संबंध में प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी जिलाधिकारी ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया मंडी समिति में 10 पंडालों में काउंटिंग का कार्य किया जाएगा। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी। इसके बाद ईवीएम से काउंटिंग की जाएगी। मतगणना स्थल के अंदर बिना परिचय पत्र के किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। गर्मी से बचाव के पूरे इंतजाम किए गए हैं। पेयजल भरपूर मात्रा में मौजूद रहेगा।

मतगणनास्थल पर की गई तैयारियों के बारे में बताते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि मतगणना में जाने वाले लोगों के वाहन खड़ा करने की व्यवस्था सीएसएन कालेज, आईटीआई व आरआर कालेज में की गई है। मतगणनास्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगा। बिना पास के किसी को मंडी समिति के अंदर आने नहीं दिया जाएगा। मतगणना पंडालों के बाहर बनाए गए क्लार्क रूम में मोबाइल आदि जमा करने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश से पूर्व तलाशी ली जाएगी। सबसे पहले आठ बजे पोस्टल बैलट की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे ईवीएम से काउंटिंग प्रारंभ होगी। आठ पंडालों में ईवीएम से काउंटिंग की जाएगी, जबकि दो पंडालों में पोस्टल बैलट गिने जाएंगे। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइस गणना पंडालों में ले जाने की इजाजत किसी को नहीं होगी। मीडिया सेल बनाया गया है वहां पर इंटरनेट, टीवी आदि की व्यवस्था की गई है। कर्मचारियों व मतगणना से जुड़े समस्त लोगों के लिए पेयजल की पुख्ता व्यवस्था की गई है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह कूलर व पंखे लगाए गए हैं। पूरी तरह मतगणना निष्पक्ष व आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कराई जाएगी।

प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने कहा कि सुरक्षा की व्यापक सुरक्षा की गई है। जगह-जगह पर बैरियर लगाए गए हैं। बिना जांच के किसी को भी मंडी के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह मौजूद रही।

## मतगणना से पहले सपाइयों को किया गया अलर्ट

**हरदोई, अमृत विचार।** मतगणना को लेकर जहां सरकार तमाम तैयारियां कर रही हैं। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतगणना की बात आयोग से लेकर जिला प्रशासन कर रहा है, वहीं सपा के लोग मतगणना को लेकर काफी अलर्ट दिख रहे हैं। सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली ने अपने सभी पूर्व पदाधिकारियों को जिन्हें मतगणना एजेंट बनाया गया है, उन्हें मतगणना के दिन समय से पहुंचने तथा पूरी गंभीरता से मतगणना में भाग लेने को कहा गया है। जिलाध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ताओं को पत्र भेज कर पूरी मुस्तैदी से मतगणना कराने के निर्देश दिए हैं। जिलाध्यक्ष ने अपने मतगणना एजेंटों से कहा है कि वह प्रत्येक ईवीएम पर निगाह रखें। इसी कड़ी में सीतापुर के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता सोमवार को पत्रकारों से रूबरू होंगे।

भाजपा की जीत पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

# अरुणाचल प्रदेश में सरकार बनने पर मनाया जशन

हरदोई

**अमृत विचार।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में सरकार बनने पर जिला भाजपा कार्यालय पर एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया गया। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों ने एक दूसरे को लड्डू खिलाया तथा खुशियां व्यक्त की।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लगातार कीर्तिमान बना रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा 4 जून को पुनः तीसरी बार केंद्र में मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी 400 के लक्ष्य को निश्चित ही पाएगी, ऐसा तमाम एग्जिट पोल भी इशारा कर रहे हैं। हताश निराश विपक्ष मीडिया पर अपनी फ्रस्ट्रेशन निकाल रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, संजय सिंह गुड्डू, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, ओम वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, आईटी संयोजक सौरभ सिंह गौर सोशल मीडिया संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा हर्षित मिश्र आदि मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन की टंकी पर चढ़ा युवक, मची अफरा-तफरी

हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर रेल कर्मियों की लापरवाही के चलते एक युवक स्टेशन परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक सुबह लगभग आठ बजे से पानी की टंकी पर चढ़ा हुआ है। खबर लिखे जाने तक युवक पानी की टंकी से नीचे नहीं उतरा है। युवक के पानी की टंकी पर चढ़े होने की जानकारी लगते ही रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, सिविल पुलिस व दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और युवक को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए प्रयास विफल साबित हुआ। पुलिस कर्मियों ने लगभग 2 घंटे तक युवक को उतारने के लिए कई प्रयत्न किए, लेकिन सब सफल रहे।

बताया जा रहा है कि स्टेशन परिसर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ा युवक मानसिक विक्षिप्त है।

रेलवे स्टेशन पर बनी पानी की टंकी पर चढ़ा विक्षिप्त। अमृत विचार

▸▸ युवक को नीचे उतारने के सारे प्रयास हुए असफल

पानी की टंकी पर चढ़ा युवक ऊपर से इट पत्थर भी चल रहा है, जिससे यात्रियों के घायल होने व चुटहिल होने की आशंका भी बनी हुई है। हालांकि काफी मनोबल के बाद भी जब युवक नीचे नहीं उतरा तो सिविल पुलिस और दमकल कर्मी वापस चले गए। हालांकि मौके पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### रेल कर्मियों की लापरवाही हुई उजागर

हरदोई। रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग के सामने रेलवे की पानी की टंकी बनी हुई है। इस टंकी के चारों ओर दीवार काफी नीचे है। साथ ही सुरक्षा के लिए लगाया गया गेट भी काफी छोटा है, जिससे कोई भी व्यक्ति गेट फांद अंदर प्रवेश कर सकता है। साथ ही पानी की टंकी परिसर में लगा गेट हाथ डालकर खोला जा सकता है। इस गेट और दीवार पर सुरक्षा को लेकर कोई भी इंतजाम रेल कर्मियों द्वारा नहीं किए गए थे। रेल कर्मियों की लापरवाही के चलते युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक के पानी की टंकी पर चढ़े होने की जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, सिविल पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा युवक को भोजन उपलब्ध कराया गया। फिलहाल टंकी पर चढ़े युवक द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की कोई भी मांग नहीं की गई है।

## सार-संक्षेप

### बीएड प्रवेश परीक्षा के संबंध में की बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में 9 जून को आयोजित की जाने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी तीनों परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किये गए हैं। परीक्षा की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं। परीक्षा केन्द्रों के आस पास फोटो कॉपी की दुकाने बन्द रखी जाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सभासद ने आरोपों को बताया निराधार, एसपी से की शिकायत

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला गिगियानी के सभासद ने अपने साथी सहित एसपी को प्रार्थना पत्र भेजकर अपने ऊपर लगाए गए आगजनी के आरोपों का खण्डन करते हुए मामले की सही जांच करने की मांग की है। कोतवाली के मोहल्ला गिगियानी के वार्ड सभासद आदित्य गौतम पुत्र रामनाथ गौतम ने अपने साथी सुरेंद्र कुमार के साथ बताया, वह लोग जनता के प्रतिनिधि हैं, लेकिन मोहल्ले के अमित राठौर जो भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। विपक्षी की हमसे पुरानी रंजिश है, शनिवार को स्टार धर्मकांटा के पीछे विपक्षी ने अपने भूसे के गूंगे में खुद आग लगा दी। विपक्षी द्वारा उस पर झूठा आगजनी का आरोप लगाया जा रहा है। उन्होंने एसपी केशव चंद गोस्वामी को लिखित शिकायत भेज कर सही जांच की मांग करते हुए विपक्षी द्वारा लगाए गए आगजनी के आरोपों का खण्डन किया है।

### चोरी की बाइक समेत दो गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने 29 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दिनदहाड़े चोरी हुई बाइक को बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों को जेल भेजा गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कठमा निवासी शिवराज अपनी पत्नी की दवा लेने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद आए थे। दिन में तकरीबन 12 बजे उनकी स्प्लेंडर बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। 1 जून को बाइक चोरी की रिपोर्ट कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज कराई थी। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम राम लखन निवासी ग्राम कचूरा थाना शाहाबाद तथा दूसरे ने अपना नाम विकास निवासी ग्राम निजामपुर थाना मंझिला बताया।

# सूखे पड़े हैं अमृत सरोवर

अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** शासन से निर्देश हैं की गांवों में सूखे पड़े अमृत सरोवरों में अफसर पानी भरवाएं, लेकिन भरावन में सूखे पड़े सरोवर अफसरों की कामचोरी की गवाही दे रहे हैं। बीडीओ कार्यालय से सटा हुआ लगा वाटर कूलर 6 माह से खराब पड़ा है, जिस पर भी बीडीओ का ध्यान नहीं जा रहा है। तपती धूप में इन दिनों आसमान से आग बरस रही है। इससे बचने के उपाय आयेदिन चिकित्सक बता रहे हैं। पशु पक्षी बेहाल हैं, भरावन में सूखे पड़े सरोवरों से धूल उड़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि भरावन के अफसर एसी में बैठकर अपनी मस्ती में मस्त हैं, जबकि शासन ग्रामीणों के लिए तमाम सुविधाएं मुहैया करा रहा है, फिर भी जनता को सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सरोवरों को अब सिर्फ मेघों से ही उम्मीद है, क्योंकि यहां अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीण शिवेंद्र, लवकुश, राजेश, भानू ने बताया कि जब बीडीओ अपने चैंबर से सटे वाटर कूलर को नहीं दुरुस्त करा पा रही हैं तो सरोवरों में पानी क्या खाक भरवाएंगी।

किसान नेता विष्णु मिश्रा ने कहा, बीडीओ द्वारा इस पर ध्यान न देने के मामले को उच्चाधिकारियों तक ले जाया जाएगा।

बहेरिया में सूखा पड़ा अमृत सरोवर।

बुरा हाल | पर्याप्त सफाई न होने से नालों में फंसा हुआ है पानी व कचरे का ढेर

# जिम्मेदारों की अनदेखी से जंगल में तब्दील हो गया गंदा नाला

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** तस्वीर में जो जंगल देख रहे हैं, वास्तव में यह जंगल नहीं है, बल्कि अधिशासी अधिकारी की लापरवाही का नतीजा है। कोतवाली के बगल से निकले गंदे नाले का यह नजारा है।

बरसात के मद्देनजर गंदे नालों को साफ करने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा सफाई अभियान चलाया गया, लेकिन सफाई अभियान के अंतर्गत अधिशासी अधिकारी को यह गंदा नाला नजर नहीं आया। इस गंदे नाले में बड़े-बड़े पेड़ उग आये हैं, जिन्होंने जंगल का रूप ले लिया है। इस जंगल से पानी का निकास कैसे हो रहा होगा? इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। अगर बरसात हो जाए तो बंद नालों की वजह से पूरा शहर डूब जाएगा लेकिन अधिशासी अधिकारी की बला से।

शासन के निर्देश पर बारिश के मद्देनजर गंदे नालों की सफाई का अभियान तीव्र गति के साथ चलाया गया। नगर में 17 छोटे बड़े नाले हैं, जिनको साफ करने का नगर पालिका परिषद का काम है। नगर पालिका परिषद के पास बड़ी और छोटी जेसीबी मशीनें हैं। सफाई कर्मचारी, और संविदा सफाई कर्मचारी तथा सफाई नायकों की लंबी फौज है, लेकिन गंदे नालों में व्याप्त गंदगी का यह आलम है जो इस तस्वीर में दिखाई दे रहा है। यह गंदा नाला नर्मदा स्थल से कोतवाली, क्षेत्राधिकारी कार्यालय काशीराम कॉलोनी, खत्ता जमाल खान होते हुए बाजार संभा पहुंचता है। यहां पर बड़े गंदे नाले में समाहित हो जाता है। उसके बाद गंदे नाले का यह पानी मंगला दीन की कोठी के बाद शहर से बाहर निकल जाता है। लेकिन नालों की पर्याप्त सफाई न होने की वजह से नालों में पानी फंसा हुआ है। नालों में कूड़े कचरे का ढेर लगा है। कोतवाली के निकट इस नाले में जंगली पेड़ बड़े हो गए हैं, जिससे पूरी तरह से नाला बंद हो गया। पानी का निकास पूरी तरह से अवरुद्ध है।

अधिशासी अधिकारी ने कभी भी शहर में साफ-सफाई या अतिक्रमण का जायजा नहीं लिया, जबकि इससे पहले के अधिशासी अधिकारी नगर में साफ सफाई का जायजा लेते थे। सफाई कर्मचारी और सफाई नायकों की कार्यशैली का भी निरीक्षण करते थे। क्षेत्रवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनते थे और उनका निराकरण करते थे, लेकिन अधिशासी अधिकारी आरआर अंबेश जब से नगर पालिका परिषद में आए हैं, तब से उन्होंने शाहाबाद नगर क्षेत्र में किसी भी वार्ड में जाकर न तो सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। न ही सफाई कर्मचारियों के काम का औचक निरीक्षण किया और न ही उनको दंडित किया। जनता से रूबरू होना तो दूर की बात है सप्ताह में दो बार ही वह नगर पालिका परिषद के कार्यालय आते हैं। उसके बाद पांच दिन के लिए बिना प्रार्थना पत्र के छुट्टी पर चले जाते हैं। जब उनके अवकाश का किसी अधिकारी को पता चलता है तो तत्काल उनका प्रार्थना पत्र नगर पालिका के अभिलेखों में लग जाता है। कुल मिलाकर अधिशासी अधिकारी की लापरवाही के चलते अधिकांश गंदे नालों का यही हाल है।

कोतवाली के निकट गंदे नाले में दिख रहा जंगल का नजारा। अमृत विचार

### क्या बोले सफाई निरीक्षक...

सफाई निरीक्षक दीपक कुमार का कहना है गंदे नालों की सफाई का कार्य तीव्र गति के साथ किया जा रहा है। सभी नालों पर छोटी बड़ी जेसीबी मशीन चलाई जा रही हैं। सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई नायकों की देखरेख में कार्य चल रहा है। कोतवाली के समीप इस नाले पर भी सफाई अभियान चलाया जाएगा।

## एक नजर

### प्रेक्षागृह के आगे नाले में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के रसखान प्रेक्षागृह के आगे नाले में एक अधेड़ का शव दिखाई देने से वहां हड़कंप मच गया। प्रेक्ष गृह के सामने इस तरफ जेल और उस तरफ वीआईपी गेस्ट हाउस होने से पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। उसका कहना है कि अधेड़ मानसिक तौर पर ठीक नहीं था और इधर-उधर भटकता रहता था। बताया गया है कि रविवार की शाम को जेल रोड पर रसखान प्रेक्षागृह के बाहर बने वाले में 53 से 55 साल के एक अधेड़ का शव पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया। कहा जा रहा है कि अधेड़ रात के अंधेरे की वजह से नाले में गिर गया होगा। पुलिस का कहना है कि वहां के दुकानदारों के मुताबिक अधेड़ मानसिक तौर पर ठीक नहीं था, वह इधर-उधर भटकता रहता था। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। हालांकि उसके लिए पुलिस की कोशिशें लगातार जारी है।

# आंधी व बूंदाबांदी से तापमान में आई गिरावट

## दोपहर में फिर तेज धूप ने लोगों को किया परेशान

हरदोई

**अमृत विचार।** जिलेवासियों को शनिवार की रात से गर्मी में कुछ राहत मिलनी शुरू हुई। शनिवार की देर रात 25 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली आंधी के साथ पानी की बौछार भी आई। रविवार को भी सुबह आसमान में बादल छाए रहे, जिससे तापमान में गिरावट आई। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि शुक्रवार को जिले का तापमान 45.6 तक पहुंच गया था।

गर्मी से बिलबिला रहे जिलेवासियों को रविवार को कुछ राहत मिली। बूंदाबादी के साथ आई आंधी ने लोगों को गर्मी से कुछ निजात दिलाई। रविवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। ठंडी हवाओं से तापमान कुछ कम हुआ, लेकिन दोपहर में फिर तेज धूप ने लोगों को परेशान कर दिया। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को उम्मीद है कि अब शायद गर्मी की मार ज्यादा दिन तक नहीं सहनी पड़ेगी। जिले में लगातार गर्मी के चलते लोग बीमार हो रहे हैं। गर्मी के कारण चार लोगों की जान भी जा चुकी है। मौसम वेधशाला के अनुसार एक-दो दिनों में बूंदाबांदी होगी। मौसम सुहावना होने से तापमान और अभी गिरेगा।

तेज धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जातीं महिलाएं। अमृत विचार

## भीषण गर्मी में बिजली फाल्ट से बिलबिलाए लोग

बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार की रात आई आंधी से 10 घण्टे बिजली गायब रही। लोकल फाल्ट की वजह से लोग बिलबिला गए। इसके अलावा भीषण गर्मी के बीच वहीं बिजली की अघोषित कटौती लोगों का पसीना छुड़ा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में फाल्ट और ट्रिपिंग से मुश्किलें बढ़ गई हैं। लगातार हाल बदतर हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 10 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है, इससे किसानों की सिंचाई के लिए भी दिक्कतें आ रही है। यही नहीं बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज की समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा हैं।

भीषण गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती ने भी हाहाकार मचा दिया है। पूरे दिन में कई बार कटौती होने से लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। जिले में बिजली आपूर्ति बुरी तरह गड़बड़ा गयी है। भीषण गर्मी के बीच हो रही अघोषित कटौती से शहरी व ग्रामीण इलाकों के साथ ही सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। इस मौसम में गन्ना व चारे की फसल के साथ ही अधिकांश फसलों को सिंचाई की आवश्यकता है। देहात में किसानों के सामने फसलों को बचाने का संकट खड़ा हो गया है। अनीस खान, शीबू खान, उमाकांत पाठक, पिंटू चौरसिया का कहना है कि लो वोल्टेज और बिजली कटौती के कारण परेशानी हो रही है। ऊर्जा निगम के अधिकारियों को आपूर्ति में सुधार करना चाहिए। जेई बावन महेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया कि ग्रामीणों और किसानों को अधिक से अधिक आपूर्ति देने का प्रयास किया जा रहा है। कई बार फाल्ट के कारण आपूर्ति बाधित होती है। फाल्ट को तत्काल दूर कराया जाता है।

## ई-रिक्शा पर रोक लगाने में प्रशासन नाकाम

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में इन दिनों ई-रिक्शों की भरमार है। ई-रिक्शों के चलते यातायात व्यवस्था बदहाल हो रही है। कई बार यह रिक्शे मार्ग दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। जिला प्रशासन के तमाम प्रयास भी इन बेतरतीब ई-रिक्शा चालकों पर लगाम नहीं लगा सका है।

बताते चलें कि जिला मुख्यालय पर बिना किसी रुट चार्ट के ई-रिक्शों का संचालन हो रहा है। कई बार सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से यातायात व्यवस्था को बदहाल कर रहे ई-रिक्शा चालकों को नियमानुसार चलवाने की बात प्रशासन से कही। प्रशासन ने भी रुट चार्ट भी बनाया, लेकिन रुट चार्टों का कहीं पर पालन नहीं हो रहा है। इसका नतीजा यह है कि बेतरतीब ई-रिक्शा मार्ग दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इन ई-रिक्शों की वजह से जाम लगना आम बात है। शायद ही ऐसा कोई दिन हो जब नगर में जाम की समस्या न पैदा होती हो।

# करणी सेना ने मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस पर उठाए सवाल

**युवराज हत्याकांड** राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हत्यारोपी के एनकाउंटर की रखी मांग, कहा- समझौता मंजूर नहीं

लोगों को संबोधित करते करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष।

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस्माइलपुर पहुंचने पर गांव में लगी भीड़। अमृत विचार

हरदोई/पाली

**अमृत विचार।** युवराज सिंह की हत्या में करणी सेना के बीच में आने से पाली का माहौल और गर्मा गया। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह 'वीरू' का कहना है कि उनका संगठन खून के बदले खून की मांग करता है। उन्होंने हत्याकांड को लेकर की गई पुलिस की कार्रवाई को झुनझुना बताया और कहा कि उनका संगठन हत्यारोपियों को सज़ा दिला कर ही दम लेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष इस्माइलपुर पहुंचे और युवराज के घर वालों से मिल कर उन्हे ढांढस बधाया।

बताते चलें कि 30 मई को इस्माइल पुर के युवराज सिंह उर्फ युवी की पाली में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड को ले कर पाली में न सिर्फ बवाल हुआ बल्कि नारेबाजी कर रही भीड़ ने तोड़फोड़ करते हुए पुलिस से हाथापाई तक की। हत्याकांड में तीन लोगों और उसके दूसरे दिन बवाल करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए हालात काफी हद तक काबू कर लिए थे, लेकिन रविवार को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस्माइलपुर पहुंचने की खबर से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। इस्माइलपुर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए। इस्माइलपुर जा रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला निज़ामपुर पुलिया पर रुका, जहां उन्होंने कहा कि जिसने भी इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है, उसका भी एनकाउंटर होना चाहिए एक आरोपी की पुलिस से हुई मुठभेड़ में पैर में गोली मारने पर कहा कि ऐसे इंसाफ नहीं मिलता। आगे कहा कि वे युवराज के घर वालों को ढांढस बंधाते हुए उन्हें हर हाल में इंसाफ दिलाने का वादा करेंगे। वीर प्रताप सिंह वीरू ने हत्या को ले कर इस तरह की वारदात से मुख्यमंत्री का ज़ीरो टारलेस का दावा हवा-हवाई साबित हो गया। उन्होनें पाली पुलिस की कार्रवाई को झुनझुना बताया है। आगे कहा कि करणी सेना युवराज के घरवालों से मुलाकात के बाद आगे की रणनीति बनाते हुए उन्हे इंसाफ दिला कर ही दम लेगी। उसके लिए चाहे कितना भी संघर्ष करना पड़े, उनका संगठन पीछे नहीं हटेगा।

### हर तरफ की गई थी सख्त नाकेबंदी

**हरदोई।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर होते ही पुलिस का खुफिया महकमा अलर्ट हो गया। युवराज हत्याकांड के बाद से लगातार जूझ रही पुलिस को सिरदर्द मोल नहीं लेना चाहती, इस वजह से सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह वीरू के इस्माइलपुर पहुंचने से पहले ही वहां पहुंचने वाले हर रास्ते पर सख्त नाकेबंदी की गई थी। साथ ही सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म की बराबर निगरानी की जा रही है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** अपनी बीमार भैंस के लिए दवाई लेने जा रहे बाइक सवार को डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसे सीएचसी से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। उसे लखनऊ ले जाया जा रहा था, उसी बीच उसकी रास्ते में मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया।

**दवाई लेने जा रहा था बांगरमऊ, रास्ते में हुआ हादसा**

धीरू

बताया गया है कि मल्लावां कोतवाली के मुस्तफाबाद निवासी 32 वर्षीय धीरू पुत्र रामपाल अपने भाई के साथ खेती-बाड़ी करता था। बताते हैं कि उसकी भैंस बीमार थी। रविवार की सुबह वह अपनी बाइक से भैंस की दवाई लेने बाइक से बांगरमऊ जा रहा था। उसी बीच मल्लावां के एक गेस्ट हाउस के पास सामने से आ रहे डंपर ने उसकी बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, उसकी बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार धीरू बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। कस्बे के अंदर हादसा होने से वहां अफरा-तफरी मच गई, उसी बीच ड्राइवर डंपर के साथ वहां से भाग निकला।

## सुजानपुर जंगल में अज्ञात व्यक्ति का लटका मिला शव

**हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली कछौना के ग्राम सुजानपुर के जंगल में एक व्यक्ति का शव पेड़ में लटकता चरवाहों ने देखा, चरवाहों ने कछौना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक ने गमछे से बबूल के पेड़ में फंदा लगा लिया। मृतक सफेद रंग की शर्ट, काली पैंट पहने था, कद सामान्य हैं। शव एक सप्ताह पुराना है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी हैं। कोतवाली कछौना लोन्हारा कटियामऊ में वन विभाग का घना जंगल है। पूर्व वर्षों में अज्ञात शव मिलने का सिलसिला चल रहा है। अक्सर अपराधिक प्रवृत्ति के लोग घने जंगल में घटना को अंजाम देते हैं या शव फेंक जाते हैं।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार को गांव के बाहर भैंस चराने गए युवक का शव का रविवार की सुबह नदी किनारे बने कुंडा में पाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लोनार थाना क्षेत्र के ग्राम ठेहापुर निवासी अनमोल उम्र 20 वर्ष पुत्र चंद्रसेन शनिवार की सुबह गांव भैंस चराने गया था। वहीं पास से गर्रा नदी निकली हुई है। गर्रा नदी किनारे बने कुंडा में डूबने से इसकी मौत हो गयी। जब शाम तक यह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने इसकी तलाश शुरू की। रविवार की सुबह जब यह लोग कुंडा के पास पहुंचे तो देखा कि अनमोल के कपड़े चप्पल और लाठी रखी दिखाई दी, जिससे अनुमान लगाया गया की इसी कुंडे में यह डूब गया है। पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने परिजनों के साथ मिलकर इसके शव को बाहर निकलवाया। परिवार में मृतक तीन बहनों के बीच अकेला था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

दंगा नियंत्रण योजना का रिहर्सल करते पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी। अमृत विचार

# पाली में किया गया दंगा नियंत्रण का रिहर्सल

**हरदोई, अमृत विचार।** पाली में हुए युवराज हत्याकांड को लेकर पुलिस काफी सतर्क है। एडीजी लॉ एंड आर्डर के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को कहीं न कहीं दंगा निरोधी रिहर्सल किया जा रहा है।

इसी कड़ी में रविवार को पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने दलबल के साथ कस्बा पाली में दंगा नियंत्रण योजना का अभ्यास किया। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी की सुरक्षा के लिए लगातार मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक ने जनता से भेंट कर प्रेम सौहार्द में रहने तथा किसी प्रकार का उपद्रव न करने की सलाह दी। इस दौरान कस्बे के प्रत्येक चौराहे पर फोर्स तैनात रही। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स लगाई गई।

# जान हथेली पर रख कर रहे यात्रा

## पुलिस व एआरटीओ की मिलीभगत का नतीजा

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** जिंदगी की भागम भाग और आपाधापी के बीच अब आदमी अपनी जान हथेली पर रखने से भी बाज नहीं आ रहा है। उसे सिर्फ अपने गंतव्य तक पहुंचने की जल्दी है। जान जोखिम में पड़े तो पड़े समय बचना चाहिए। टेंपो के छत के ऊपर बैठा यह यात्री जान जोखिम में डालकर शायद यही संदेश दे रहा है।

ऐसे नजारे प्रतिदिन हर मार्ग पर देखने को मिल जाते हैं। टेंपो और टैक्सियों के पीछे लटकते हुए लोग छत के ऊपर बैठकर यात्रा करते हुए लोग कमरे में कैद हो जाते हैं। यह तस्वीर बासित नगर चौराहे से पाली की ओर जाने वाले रोड की है। टेंपो की छत पर बेफिक्री से बैठे इन महाशय को यह पता नहीं है कि घर पर उनका कोई इंतजार भी कर रहा है, लेकिन उन्हें जल्दबाजी है अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा करने की। ऐसी तस्वीर प्रतिदिन देखने को मिल जाएंगी। यह नजारा पुलिस और एआरटीओ के मिली भगत का परिणाम है। पुलिस और एआरटीओ पैसा लेने के बाद इन डग्गामार वाहनों को चेक करना मुनासिब नहीं समझते हैं। जिससे आएदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोग मौत का शिकार हो जाते हैं। बड़ी दुर्घटना होने के बाद तो एक दो दिन तक डग्गामार वाहन स्वामियों पर कार्रवाई कर दी जाती है, उसके बाद फिर वही पुराना ढर्रा शुरू हो जाता है। इस संबंध में जब एआरटीओ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाता है। शिकायत मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाती है।

बासित नगर चौराहे पर टेंपो के ऊपर बैठा यात्री। अमृत विचार

## कुंडली खंगालने के लिए पड़ोसी जिलों की कुंडी खटखटाएगी पुलिस

टड़ियावां, हरदोई

**शारदा नहर में मिले शवों की शिनाख्त का मामला**

**अमृत विचार।** शारदा नहर में बहते हुए बरामद हुए युवक और युवती के शवों की शिनाख्त के लिए पुलिस ने पड़ोसी जिलों में लापता हुए लोगों का पता लगाने की कोशिश तेज़ कर दी है। इसके लिए लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, रामपुर, सीतापुर, कन्नौज, लखनऊ और फर्रुखाबाद पुलिस से मदद ली जाएगी। माना जा रहा है कि ऐसा होने से शवों की शिनाख्त में काफी हद तक मदद मिल सकती है।

बताते चलें कि शनिवार को टड़ियावां पुलिस ने शारदा नहर के धूरा पुल के पास से युवक और युवती के पानी में बहते हुए शव बरामद किए थे। हालांकि पहले बताया गया था कि उन दोनों के चेहरे जले हुए थे। लेकिन एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने साफ कर दिया कि शव जले हुए नहीं थे, कई दिनों से पानी में पड़े रहने से उनमें सड़ांध हो गई थी। उन्होंने बताया कि शवों की शिनाख्त के लिए हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। इसके लिए पड़ोसी ज़िलों की पुलिस से कहा गया है कि उनके यहां से गुमशुदा हुए लोगों के बारे में जो जानकारी हो, उसे टड़ियावां पुलिस से साझा करें। आगे कहा कि शिनाख्त न होने पर 72 घंटे पूरे होने के पुलिस उनका पोस्टमार्टम कराएगी। हत्या कर शवों को नहर में फेंके जाने की लगाई जा रहीं अटकलों के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है।

**मनमानी** वन विभाग व पुलिस की लापरवाही से धड़ल्ले से चल रहा आरा

# बिलग्राम में नहीं लग रही हरे पेड़ों की कटान पर रोक

बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** अवैध कटान पर रोक लगाने के तमाम प्रयास सरकार कर रही है, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते कटान पर रोक नहीं लग पा रही है। यही वजह है कि दिनोंदिन अंधाधुंध पेड़ कटने से तापमान में बेतहाशा वृद्धि हो रही है।

जनपद के बिलग्राम थाना क्षेत्र वन माफियाओं का धड़ल्ले से चल रहा आरा क्षेत्रीय खाकी व वन विभाग के आला अफसरों की मौन स्वीकृति के चलते वन माफियाओं के हौसले लगातार बुलंद होते ही जा रहे हैं। क्षेत्रीय खाकी व वन विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। प्रशासन भी वन माफियाओं से लेनदेन कर इस तरफ अनदेखी कर रहा है, जबकि हर वर्ष सरकार व प्रशासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है। इस पर सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। विभिन्न संस्थाएं भी लगातार जागरूक करते हुए पौधरोपण कर रही हैं, जिससे हमारा क्षेत्र व देश हरा भरा रहे और प्रकृति संरक्षण का सपना साकार हो, लेकिन जब रक्षक ही बन जाए भक्षक तो उनसे पर्यावरण सुरक्षा की उम्मीद बेईमानी के सिवा कुछ नहीं है। वन संरक्षण और उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही खाऊ कमाऊ नीति के चलते लापरवाही बरत रहे हैं।

हरदोई जनपद बिलग्राम थाना क्षेत्र में खुले आम आएदिन वन माफिया तांडव करते नजर आ रहे हैं लेकिन क्षेत्रीय खाकी सब जानने के बावजूद भी अंजान बनी हुई है। इस बार भी पुलिस तथा विभाग के द्वारा बिलग्राम कस्बे के बाबा मंशा नाथ इंटर कॉलेज के पीछे खड़े प्रतिबंधित हरे पेड़ों को लकड़कट्टों ने आरा धड़ल्ले से चलाकर काट डाले हैं।

गौरतलब हो कि बीते दिनों बिलग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम अलीगढ़ अन्दर नगर पालिका बिलग्राम (मोहल्ला मैदानपुरा कस्बा बिलग्राम) बीते दिनों लगभग 15 वर्ष पुराना नीम के पेड़ को लेकर प्रमेश तिवारी ने बिलग्राम कोतवाली में तहरीर दी थी कि उसे शक है कि उसका नीम का पेड़ कादिर पुत्र शाकिर निवासी मोहल्ला मैदानपुरा कस्बा बिलग्राम ने अवैध रूप से काट लिया है। अब देखना होगा कि चोरी से बिना किसी अनुमति के नीम के पेड़ को लेकर कार्रवाई की जाती है या फिर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा या फिर वन माफियाओं के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। यह तो आने वाला समय ही तय करेगा।

विदित हो कि बिलग्राम थाना क्षेत्र में वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से हरियाली पर आरा चलाया जा रहा है। जब कोई शिकायत करता है तो वन विभाग द्वारा लकड़कट्टों के ऊपर मुकदमा लिखाने के बजाय जुर्माना कर मामले को रफा दफा कर दिया जा जाता है। इस संबंध में जब वन विभाग के जिम्मेदार से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।

अवैध रूप से काटा गया पेड़। अमृत विचार

# मिट्टी खनन का हब बना कछौना

हरदोई

**ठेकेदार मानकों को ताक पर रख करवा रहे खनन कार्य**

**अमृत विचार।** कोतवाली कछौना के अंतर्गत दर्जनों गांव अवैध मिट्टी खनन का हब बन गए हैं। वर्तमान समय में लखनऊ पलिया हाईवे का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जिसमें पीएमसी कंपनी ठेकेदारों से मिट्टी का कार्य करा रही है। यह ठेकेदार मानकों को ताक पर रखकर मिट्टी खनन का कार्य कर रहे हैं।

तेज गति व ओवरलोड मिट्टी डंपर निकलने से धूल उड़ाने से निर्माण कार्य से अभी तक दर्जनों लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए हैं। मासूम लोगों की जान चली गई है। यह सब स्थानीय लोगों को गुपचुप तरीके से मिट्टी बेच देते हैं। इनकी आड़ में खनन माफिया सक्रिय हैं। जिन्हें पुलिस प्रशासन, राजस्व, खनन विभाग का संरक्षण प्राप्त है। खनन माफियाओं ने गांव को जोड़ने वाली संपर्क मार्गों को ध्वस्त कर दिया है। प्रशासन के संरक्षण के चलते इनके हौसले बुलंद हैं। पीएनसी निर्माण कंपनी मानकों को दरकिनार करके अवैध खनन कर रही है, जिससे ओवरलोडिंग डंपरों के आवागमन से चंद दिनों में सड़कें ध्वस्त हो जाती हैं। सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान कर रहे हैं। कृषि योग्य उपजाऊ जमीन व तालाबों को मानकों से ज्यादा गहरे गड्ढे खोद रहे हैं, जबकि सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश है कि तालाबों के स्वरूप में परिवर्तन नहीं होना चाहिए। एनजीटी मानकों को ताक पर रखकर कार्य कर रहे हैं। तीन फीट से ज्यादा कार्य करके गड्ढा खोद कर मिट्टी निकाल रहे हैं।

मानसून आने वाला है। बारिश के मौसम में पानी भरने से गहरे गड्ढों में दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई हैं। आए दिन बड़े हादसों को न्यौता देंगे, पूर्व में इन गहरे गड्ढों में कई बच्चों की डूबने से मृत्यु हो चुकी है। आसपास के किसान खेतों में जाने से भयभीत नजर आ रहे हैं।

कछौना क्षेत्र में ग्राम सैदूपुर, हरदासपुर, लोन्हारा, हथौड़ा, कटियामऊ, बघुआमऊ, टिकारी, पतसेनी देहात, गौसगंज, बेरुआ आदि से बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन स्थानीय ईंट भट्ठों व औद्योगिक क्षेत्र में मिट्टी जा रही है। यह लोग सार्वजनिक भूमि तक को नहीं छोड़ते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पटेल ने पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारी एनजीटी से की है। स्थानीय स्तर पर पुलिस, राजस्व, खनन विभाग के संरक्षण के कारण खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। जिसका खामियाजा आमजन मानस को उठाना पड़ रहा है।

## एक नजर

### फसल चराने से मना करने पर युवक को पीटा, केस दर्ज

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के अंतर्गत फसल चराने से मना करने पर दबंग ने युवक को जमकर पीट दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दबंग के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। थानाक्षेत्र के महतनिया निवासी मोहित शर्मा पुत्र रामबहादुर शर्मा शनिवार गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहा था, उसी दौरान गांव का ही खप्पी पुत्र नत्थू की बकरियां गन्ने की फसल चरने लगीं। मोहित के मना करने पर विपक्षी गाली गलौज करते हुये चला गया। रात्रि में घर जाते समय घात लगाये खप्पी ने मोहित को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। शोर सुनकर लोगो ने बचाया थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया केस दर्जकर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### फर्जी लेबर दिखाकर निकाली जा रही रकम

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** रेउसा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सभा थौरा के मजरे जसवंत नगर से मिश्रनपुरवा गांव के मध्य मनरेगा योजना के तहत करवाए जा रहे बांध निर्माण कार्य में जिम्मेदार योजना को लाखों का चूना लगा रहे हैं। जिसके लिए कागजों पर फर्जी लेबरों के माध्यम से प्रति दिन के हिसाब से मोटी रकम निकाल कर बंदरबांट करने का काम किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार साईड पर आठ से दस लेबर ही कार्य करते देखे जाते हैं, लेकिन फर्जी तरीके से लगभग पौन सैकड़ा लेबरों का पैसा निकालने का काम किया जा रहा है। बांध निर्माण कार्य से संबंधित ग्राम प्रधान रमेश ने 20-25 लेबर होना बताया, जबकि उक्त कार्य से संबंधित दूसरे व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया काम के लिए 10-12 लेबर ही लगाए जाते हैं। खण्ड विकास अधिकारी रेउसा विवेक मणी त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार को जांच करवाते हैं।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के रेलवे लाइन पर एक अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर की फौती सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का काफी प्रयास किया। मगर शिनाख्त न हो सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। रविवार सुबह करीब सात बजे कोतवाली क्षेत्र के बेहटा छावनी वार्ड के पास रेलवे लाइन पर एक अज्ञात वृद्ध का शव उम्र लगभग 62 वर्ष पड़ा स्टेशन मास्टर द्वारा देखा गया। जिसके बाद स्टेशन मास्टर ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हो गई है। मौके पर पहुंची सबको कब्जे में लेकर मृतक के संबंध में आसपास लोगों से जानकारी की मगर शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं, पुलिस मृतक वृद्धि की शिनाख्त में काफी प्रयास कर रही है।

### लहरपुर में दवा लेने गई नाबालिग लापता

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र लहरपुर के एक ग्राम से दवा लेने गई 17 वर्षीय नाबालिग लापता हो गई। पीड़ित पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह परिवार सहित दिल्ली में रहकर काम करता है, पुत्र की तबीयत खराब होने पर वह अपने गांव आया था, विगत 26 मई को उसकी 17 वर्षीय पुत्री दवा लेने जाने के बहाने घर से गई थी और वापस नहीं आई, पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर दिल्ली में अपने साथ काम कर रहे नवयुवक पर उसे बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# टक्कर से खाई में गिरा बाइक सवार, मौत

महोली/सीतापुर

▸▸ हरदोई से पिसावा रिश्तेदारी में आते वक्त हुआ हादसा

**अमृत विचार।** पिसावां थाना इलाके में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक सड़क किनारे खाई में जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के टड़ियावां थाना क्षेत्र के बदौली गांव का निवासी महेंद्र (19) पुत्र रामगोपाल रविवार की शाम पिसावां थाना क्षेत्र के नेवदिया गांव में स्थित अपनी बुआ के घर आ रहा था। इसी दौरान वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। एक अज्ञात वाहन चालक ने ढ़खिया-गुरुसंडा मार्ग पर उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह अनियंत्रित होकर नीचे खाई में जा गिरा और मौके पर उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मौसम की तल्खी से लोग परेशान, ढूंढ रहे उपाय

तालाब में नहाकर गर्मी दूर करते बच्चे। अमृत विचार

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** दिन के साथ रात में भी लोग मौसम की तल्खी से परेशान हो रहे हैं। पारा 40 से 42 के पार पहुंचने से गर्मी को पंख लग गए हैं। सुविधा सम्पन्न लोग तो किसी तरह गर्मी से राहत पा रहे हैं, लेकिन सुविधाहीन लोग इस मौसम से तंग आ चुके हैं। लोग धूप की तेजी और लोग के थपेड़ो के बीच सफर करके अच्छे मौसम की प्रार्थनाएं कर रहे हैं। रविवार को सफर के दौरान धूप से तो कोई घर में ही घर से पसीना बहाता रहा। सफर करने वाले पुरुष गमछा और कैप लगाए दिखे तो कहीं महिलाएं ऊपर से नीचे तक कपड़ों के कवच में ढकी दिखी।

मौसम के रुख को पहचानते हुए लोग अपना अपना बचाव कर रहे हैं। जिससे मौसमी बीमारियों से बच सके। तेज धूप और धूल भरी हवा में सफर करने वाले लोग जरा सी लापरवाही कर रहे हैं तो उन्हें बुखार खांसी पेट में दर्द डायरिया जैसी बीमारियां हो रही है। इस वजह से प्राइवेट के साथ सरकारी अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है। कड़ी के धूप के बीच कई बार बादलों को डेरा भी आसमान में दिखाई पड़ने लगता है। इससे तीखी धूप के साथ कुछ राहत तो मिलती है, लेकिन बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि अभी बारिश के कोई आसार नहीं है। इन दिनों भीषण गर्मी को देखते हुए बाजारों में लस्सी व कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ गई है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने गन्ने का जूस, आम का जूस व अन्य प्रकार के शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेकर गर्मी में कुछ राहत पाने के प्रयास करते नजर आते है। दोपहर को पेड़ के नीचे बैठकर लोग सुस्ताते नजर आते है। उधर गर्मी के मौसम में लोंगो के पसंदीदा फ्ल बाजारों में खूब बिक रहे है। जगह-जगह तरबूज-खरबूजा, खीरा की दुकाने सजी हुई है।

# नौतपा के नौवें दिन गर्मी से मिली राहत

## रविवार सुबह हल्की फुहारों और बादलों की आवाजाही से मौसम ने ली करवट, 5 डिग्री गिरा तापमान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** जिले में नौवें दिन नौतपा का असर खत्म होता दिखाई दिया। रविवार की सुबह उमस और गर्मी से निजात दिलाने वाली दिखाई थी। सुबह हल्की फुहारों के साथ करीब 10 बजे तक बादलों की आवाजाही लगी रही। जिससे मौसम में बदलाव नजर आया। दोपहर के समय बादलो के छटने से तेज धूप ने लोगों को गर्मी का अहसास कराया। रविवार को अन्य दिनों की अपेक्षा तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

नौतपा के आठ दिनों में जिले में लोगों का गर्मी से जीना मुहाल रहा। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच लोग निजात पाने के लिए घरों में दुबकने को मजबूर हुये थे। बावजूद इसके बिजली की लगातार ट्रिपिंग और अघोषित कटौती से लोगों घरों में भी परेशान नजर आये। नौतपा के प्रकोप में विधुत विभाग ने ट्रांसफॉर्मरों के बढ़ते टेम्प्रेचर के चलते कूलर और पंखो के साथ पानी का छिड़काव कर ट्रांसफॉर्मरों को ठंडा कर विधुत आपूर्ति करने की जद्दोजहद में नजर आये थे। नौतपा के आठवे दिनों में आम जनजीवन के साथ जीव जंतु बेहाल नजर आये थे। अलग-अलग जगहों पर लोगों के बेहोश होने के साथ वेयर हाउस में लोड के चलते फुके ट्रांसफॉर्मरों की संख्या बढ़ गई थी। रविवार की सुबह लोगो के लिए राहत भरी रही। बादलों की आंख मिचैली के साथ दोपहर तक मौसम सुहाना रहा।



धूप के बीच दुपट्टे से मुंह ढककर लालबाग चौराहे से गुजरती युवती। अमृत विचार

### दोपहर बाद धूप से बढ़ी गर्मी

नौतपा के बीते 8 दिनों में सबसे अधिकतम जिले का तापमान 44 डिग्री रहा। प्रत्येक दिनों में तापमान की उठापटक जारी रही, लेकिन लोगों को राहत का अहसास नहीं हो सका। रविवार की सुबह मौसम में बदलाव देखने को मिला। यहां सुबह पानी की फुहारों के बीच चली तेज हवाओं ने मौसम का रुख बदल दिया। रविवार को अन्य दिनों के तापमान की अपेक्षा 5 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। 38 डिग्री से 39 डिग्री तक रविवार को तापमान दर्ज किया गया है। बादलों की आवाजाही से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दी है। जिसके बाद निकली धूप ने उमस का अहसास कराया। हाल के दिनों में तेज धूम व गर्मी से लोग काफी परेशान रहे।

आसमान में छाये काले बादल। अमृत विचार

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, भाई-बहन घायल

घटनास्थल पर खड़ी पिकअप। अमृत विचार

**तालगांव, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके के न्यामूपुर गांव के पास सड़क के किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को एक अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार दी।

लहरपुर बिसवां मार्ग पर तालगांव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम न्यामुपुर में सड़क के किनारे सूबिया पुत्री सिराज 21 वर्ष व उसका भाई शादाब 18 वर्ष निवासी चंदनपुर थाना बिसवां जो लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौव्वापुर अपने ननिहाल जा रहे थे, पेट्रोल डलवाने के लिए सड़क के किनारे मोटरसाइकिल रोक कर खड़े थे तभी पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और दोनों को 15 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, लोगों के शोर मचाने पर चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप चालक नशे में था। वहां भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर सूबीया की गंभीर हालत होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, वहीं शादाब को हल्की फुल्की चोट आई है। मौके पर पहुंची तालगांव पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी।

# शॉर्ट सर्किट होने से सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस में लगी आग

**सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली नगर इलाके में सड़क किनारे खड़ी एक यूपी परिवहन निगम की अनुबंधित बस शनिवार देर रात अचानक धू-धू कर जलने लगी। बस में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक बस का अगला हिस्सा जलकर खाक हो चुका था। बस में आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। हादसे के दौरान बस में कोई यात्री सवार नहीं था।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के आंख अस्पताल से बड़ा डाकखाना मार्ग पर स्थित मुस्कान गेस्ट हाउस के समीप सड़क किनारे परिवहन निगम की तीन अनुबंधित बसें खड़ी थी। बताया जाता है कि देर रात अचानक आगे खड़ी अनुबंधित बस संख्या यूपी 34 टी 9930 में धुएं निकलने के कुछ समय बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय राहगीर जब तक कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बस का अगला हिस्सा जलने लगा।

सड़क किनारे आग से जलती खड़ी बस। अमृत विचार

▸▸ हादसे के दौरान बस में कोई यात्री सवार नहीं था, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक अगला हिस्सा जलकर खत्म हो गया। बस में आग लगने की वजह बैटरी में शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। आग लगने के दौरान गनीमत रही कि आग डीजल टैंक और पीछे खड़ी अन्य दो बसों तक नहीं पहुंची। वरन बस की आग बड़े हादसे का सबब बन जाती। बस में आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि बस संख्या यूपी 34 टी 9930 लखनऊ से सीतापुर होते हुए लखीमपुर खीरी के लिए अनुबंधित है।

## धर्म-कर्म

सत्यनारायण धाम में भागवत कथा का आयोजन

# कथा के श्रवण से पुण्य में बदल जाते हैं पाप

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार।** भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। यह प्रवचन भागवत व्यास गोविन्द शास्त्री भागवत कथा के चौथे दिन कहा। नैमिष स्थित सत्यनारायण धाम में सप्त दिवसीय भागवत कथा का दिव्य आयोजन चल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा के चैथे दिन कथाव्यास ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव का बहुत ही मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि असुरों के विनाश और धर्म की संस्थापना के लिए भगवान पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। इस अवसर मुख्य कथा परीक्षित सत्य नारायण धाम के संस्थापक पूर्व सभासद देवीप्रसाद तिवारी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, धनीराम तिवारी ने भागवत भगवान की आरती उतारी। इस अवसर पर भगवती प्रसाद तिवारी, प्रबंधक पप्पू तिवारी, मनीराम तिवारी एवं समस्त तिवारी परिवार समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भागवत कथा सुनाते गोविन्द शास्त्री।

# शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनकर भावविभोर हुये भक्त

**सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां के रौना गांव के दानेश्वर बाबा मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय नवम श्रीरुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन कथा व्यास महेंद्र मानस मधुकर महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई।

कथा व्यास ने कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उनकी शादी की चिंता सताने लगी। माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए लेकिन माता पार्वती खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लीं। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। कथा विश्राम के बाद आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। इसके पूर्व यज्ञाचार्य प्रभात मिश्र द्वारा यज्ञ मंडप में स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**कमलापुर।** थाना इलाके में घर के बाहर सोये एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। ग्राम श्रीपालपुर मजरा सुरैचां निवासी बाइस वर्षीय युवक अजय पुत्र लल्लू राम का शव रविवार की सुबह चिलवल के पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने बताया कि मृतक अजय रात में खाना खाकर बाहर सो गया था। सुबह हम लोग नित्य कर्म से निवृत्त हो रहे थे। तभी गांव के लोगों ने बताया कि आपका लड़का दुपट्टे से भट्ठा के निकट चिलवल के पेड़ से लटका हुआ है। परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी कृष्ण बली सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### किवानी नदी से हो रहा रहा बालू खनन का कारोबार

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** अवैध बालू खनन पर रोक के बाद भी जिम्मदारों की मिलीभगत से किवानी नदी में रात के अंधेरे में अवैध बालू खनन कार्य हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायतों को भी दरकिनार कर जिम्मेदार खनन माफियाओं पर कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते अवैध खनन का कारोबार फल-फूल रहा है। सकरन थाना क्षेत्र की पटनी ग्राम पंचायत में ग्रामीण विपिन यादव, कामता, लल्लन, संदीप, नीरज आदि ने किवानी नदी में लगातार हो रहे अवैध बालू खनन की शिकायत खनन विभाग को आईजीआरएस के माध्यम से की है। ग्रामीणों ने बताया कि किवानी नदी से पटनी गॉव के ही सोनू पुत्र हरेश, महेंद्र उर्फ टिंकू पुत्र हरेश द्वारा किवानी नदी में करीब पांच माह से अवैध बालू खनन किया जा रहा है। प्रतिदिन चार से पांच ट्राली बालू बेची जाती है। ये लोग दिन में ठेके पर मजदूर लगाकर नदी से बालू निकलवाते हैं और रात में ट्राली से ले जाकर बेच देते हैं। अवैध बालू के कारोबार के सम्बंध में जिले के खनन विभाग के अधिकारी के फोन नंबर 8887534839 पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि ट्राली को रोक के रखो हम लोग एक दो घंटे मे आ जायेंगे। कई बार तो लोकेशन भी मांगी गयी, लेकिन कोई नहीं आया और न ही कोई कार्यवाही की गई। प्रशासन के सख्त निर्देश होने के बाद भी अवैध बालू खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। यदि कोई ग्रामीण हिम्मत जुटाकर ऐसे कारनामों की शिकायत भी करता है तो जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में निष्क्रिय हो जाते हैं। कार्यवाही न होने पर अवैध कार्यों में लिप्त लोगों के हौसले बुलन्द हैं। इस प्रकरण पर खनन अधिकारी सीतापुर ने बताया कि पटनी क्षेत्र की फोन से शिकायत मिली थी, मौके पर टीम गई थी लेकिन कोई मिला नहीं था। ग्रामीणों की शिकायत पर जांचकर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### असलहा दिखाकर युवक से बाइक और मोबाइल छीना

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** महमूदाबाद-पैंतेपुर मार्ग पर बदमाशों ने बाराबंकी के युवक से बाइक और मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी तहरीर के जरिये कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस ने केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला नेतपुरवा बेलहरा के सौरभ मौर्य पुत्र सुरेंद्र मौर्य महमूदाबाद कस्बे को शनिवार को मिक्सी लेने आया था। वापस आते समय नूरपुर पुल से पैंतेपुर पुल के मध्य भरहर मऊ गांव के पास उत्तरी नहर पटरी पर करीब डेढ़ बजे दो बाइकसवार बदमाशों ने ओवरटेक करके सौरभ को रोक लिया और असलहा दिखाकर उसकी बाइक यूपी 41 एएस 4776 और एक मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज के लिए युवती को घर से निकाला, थाने में शिकायत

**सीतापुर, अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त दहेज की मांग कर अपनी विवाहिता बहू को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने मामले की सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर पड़ोसी जनपद खीरी निवासी मायके पक्ष ने थाना इमलिया सुल्तानपुर में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की चैकी कचनार की ग्राम कचनार निवासी गुड्डू पुत्र नवी अहमद की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व खीरी जनपद के थाना शारदानगर के ग्राम अटकोहना निवासी पप्पू पुत्र अब्दुल रहमान की पुत्री सब्बो के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के साथ की थी। पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि विवाहिता की गोदी में एक वर्ष का पुत्र अर्श भी है। लड़की के पिता पप्पू ने अपनी हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था। आरोप है कि ससुराल पक्ष से ससुर नवी अहमद व गुड्डू ने कुछ दिनो बाद अपनी बहू सब्बो से अतिरिक्त दहेज के रूप में एक चार पहिया गाड़ी व नगद एक लाख रूपये की मांग कर उसे लगातार प्रताड़ित करते रहते थे। पीड़िता को ससुराल पक्ष ने लगभग 45 दिन पूर्व अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मारपीट कर घर से भगा दिया था। पीड़ित महिला के पिता ने इमलिया सुल्तानपुर थाने में एक तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### सर्वे टीम कर रही किसानों के गन्ने की नाप

**सीतापुर, अमृत विचार।** सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री के पेराई सत्र 2024-25 के लिए गन्ना आपूर्ति करने के लिए गन्ना सर्वे कार्य प्रारंभ हो गया है। जो बीते 10 मई से प्रारंभ हुआ था। चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक डॉक्टर अनूप कुमार व गन्ना समिति के सचिव बीके अंबेडकर ने संयुक्त रूप से बताया कि चीनी मिल व परिषद के संयुक्त रूप से गन्ना सर्वे कार्य चल रहा है। इसके लिए 60 टीमें लगाई गई है। गन्ना सर्वे जीपीएस मशीन द्वारा किया जा रहा है। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वह अपने गन्ने की नाप टीम के साथ सहयोग करके सही रूप से अंकित करा लें अन्यथा चीनी मिल चल जाने पर उन्हें अपना गन्ना मिल को आपूर्ति करने में परेशानी उठानी पड़ेगी। साथ ही सभी किसान अपना घोषणा पत्र भी ऑनलाइन अवश्य भर दें। इस बार सर्वे टीम द्वारा किसानों के पेढ़ी गन्ने की नाप नहीं की जा रही है। केवल पौधा गन्ना ही नापा जा रहा है, जिससे किसानों को तो परेशानी है ही साथ ही कई किसान अपनी पेढ़ी गन्ना जो कमजोर होता है, उसे हटा देते हैं जिससे गन्ने का सही आकलन भी क्षेत्र में संभव नहीं हो पाएगा।

### तीन दिवसीय श्री कृष्ण लीला मंचन कार्यक्रम आयोजित

**सीतापुर, अमृत विचार।** रविवार को स्वयंसेवी क्योर एण्ड केयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित एवं सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित श्री कृष्ण लीला का मंचन ग्राम सभा जलालाबाद, सीतापुर में तृतीय अंतिम दिवस कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। श्रीकृष्ण लीला मंचन कार्यक्रम में आज अंतिम दिवस पर श्री कृष्णलीला कार्यक्रम के अंतर्गत पूतना वध एवं माखन चोरी की लीलायें दिखाई गई। श्री कृष्ण लीला देखने आये हुए दर्शकों ने खूब सराहा एवं खूब तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। माखन चोर माखन चोर के नारे लगने लगे। कार्यक्रम के अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि क्योर एण्ड केयर फाउंडेशन के कलाकारों ने बहुत ही जबरदस्त रोल निभाया है कि उठने का मन ही नहीं कर रहा था। उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों को बहुत-बहुत सफल कार्यक्रम की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही विशिष्ट अतिथि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का मंच संचालन स्वयं संस्था अध्यक्ष राहुल अवस्थी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से संस्था सचिव प्रदीप पाण्डेय, राकेश सिंह, राहुल श्रीवास्तव, पीयूष बाजपेई, लालता प्रसाद, रामकृष्ण अवस्थी, अमन बाजपेई, विनोद कुमार, जगदम्बा लोधी आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### साफ-सफाई न होने से नालियां चोक, पनप रहे मच्छर

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकास खण्ड खैराबाद में मानपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत भीमरी के गांव मिर्जापुर में सफाईकर्मी की तैनाती है। उसके बाद भी वह सफाई करने नहीं आता है। ऐसे में नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। उसमें मच्छर पनप रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अत्यन्त गन्दगी की भरमार है नाले नालिया कचरे से जाम है जबकि गांव में सफाई कर्मचारी भी तैनात है लेकिन वह महीनों बीत जाते हैं गांव की सफाई करने नहीं आता है। जिससे मलेरिया डेंगू का प्रकोप भी बढ़ रहा है। शिकायत के बाद भी ग्राम प्रधान और न ही सचिव का इस तरफ ध्यान दे रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो जिम्मेदार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) को ताक पर रखकर कार्य कर रहे हैं। गांवों में तैनात सफाई कर्मचारी परमानेंट ड्यूटी नहीं करते, जिसके कारण गांवों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सफाई कराने की मांग की है।

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# उत्साहजनक वृद्धि

किसी भी देश की उन्नति व समृद्धि के लिए मजबूत अर्थतंत्र का होना बहुत आवश्यक है। एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था से ही हम देश की सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक खबर आई है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.8 फीसदी रही है। वहीं पिछले साल की समान तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.1 फीसदी रही थी। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी रही है। जीडीपी के यह आंकड़े अनुमानों से कहीं बेहतर रहे हैं। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। गौरतलब है कि यह वृद्धि दर एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत और आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। वहीं वित्त वर्ष 2023-24 में चीन की जीडीपी लगभग 4.5 फीसदी के आसपास रही है। चीन की आर्थिक वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में 5.3 फीसदी रही है। कोरोना काल के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में उथल पुथल है। चीनी अर्थव्यवस्था गिरते जीडीपी से जूझ रहा है। हालांकि हाल ही में आईएमएफ ने 2024 के लिए चीन की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान को पहले के 4.6 फीसदी से बढ़ाकर 5 फीसदी कर दिया है। आईएमएफ ने आगाह किया है कि 2029 तक यह घटकर 3.3 फीसदी रह जाएगी। यह संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

'इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। जीडीपी के उत्साह जनक आंकड़े आने के बाद अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक और अच्छी खबर आई है। देश का सकल जीएसटी संग्रह मई में 10 प्रतिशत बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह वृद्धि घरेलू लेन-देन से राजस्व में वृद्धि के कारण हुई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। मंत्रालय ने बयान में कहा, "मई, 2024 में सकल जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये रहा है।" सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की यह गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। साथ ही आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

मेरे प्यारे देशवासियों, लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव 1 जून को पूरा हो गया है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं। वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। मां भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरुआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद, उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार, मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं, मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार, आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया। मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूं कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, एकता का निरंतर एहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था। कश्मीर से कन्याकुमारी ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्याकुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर मां शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है-भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएं यहां राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आज़ादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतंत्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट, एस्पिरेशनल ब्लॉक जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है।

भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुंच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व टेक्नोलॉजी लोकतंत्रीकरण को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। साथियों, नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गंवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है। 21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें रिफॉर्म को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत रिफॉर्म को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में रिफॉर्म की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे रिफॉर्म 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है। हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुए अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा। भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है। जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आज़ादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आज़ाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूं कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

## प्रसंगवश

# शहर सत्ता के केंद्र

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शहर सत्ता के केंद्र हैं। जितना बड़ा शहर, उतनी ही अधिक उसकी हैसियत। राजनीतिक सत्ता का केंद्र दिल्ली, तो आर्थिक सत्ता का मुंबई। फिर इनके नीचे के शहर और उनके भी नीचे के, फिर और भी नीचे होते होते अंचल के कस्बाई शहर। ये सब मिलकर गावों का दोहन करते हैं जिसके लिए ऊपर से नीचे तक बाजार का, दलाली का और शोषण का सिस्टम कायम है।

बाजार ने शहरों के माध्यम से मध्यकाल का सामंती तंत्र खड़ा कर लिया है। जीवन की सारी सुविधाएं- सड़क, मकान, मनोरंजन, पढ़ाई, दवाई, कमाई आदि सभी बड़े शहरों में है। कभी भारत के गांव आर्थिक रूप आत्मनिर्भर होते थे। केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन से उन पर कोई असर नहीं पड़ता था। उनका काम सिर्फ टैक्स देना था, लेकिन अब बात बदल चुकी है बाजार के आगमन ने सारे हिंदुस्तान को ऊपर से नीचे तक एक जाल में आबद्ध कर दिया है। अब मुंबई या दिल्ली को जाड़ा लगता है तो सारा हिंदुस्तान कंपकंपी का शिकार हो जाता है। "कोऊ नृप होहि हमहि का हानी" वाली बात अब बीते दिन की बात हुई। शहरों की इस सत्ता और अमीरी ने इनमें बीच भांति-भांति के लोगों को जन्म दिया है। दिल्ली के दिलशाद गार्डन के एक पार्क में सुबह टहलते हुए तरह तरह के नजारे दिखे। औरत-मर्द पूरी गति में टहलते मिले, तो एक कोने में व्यायाम करते भी। एक जगह योग कक्षा चल रही थी तो एक जगह लाठी चालन शाखा भी थी। दिल्ली जैसे शहरों में पुरुष और औरत लगभग समकक्ष स्थान रखते हैं। सिर्फ लाठी चालन शाखा को छोड़कर अन्य सारे जगहों पर औरत मर्द समान रूप से मौजूद थे।

दिल्ली में बहुत गर्मी है। पर यह कहने से क्या होगा? अब गांवों में गर्मी क्या कम है? गांवों के लगभग सारे बाग-बगीचे समाप्त हो गए। ताल तलैया पोखर भी खत्म। पहले कुंआ खोदने पर दस फीट पर ही पानी निकल आता था, अब सौ फीट बोरिंग कराना पड़ रहा है। जिस तरह से जंगल काटे गए हैं और बाग-बगीचे खत्म हुए है, आने वाले दिनों में गर्मी का और ज्यादा विकराल रूप देखने को मिलने वाला है। सो भयानक गर्मी हो या प्रचंड ठंड, बड़े शहर से भागकर कोई कहां जाएगा। विगत पांच सौ वर्षों में क्या-क्या गुल खिलाएगी, देखना बाकी है।

# भारतीय संस्कृति की पीड़ा: अपने ही घर में किरायेदार



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं है, मिथक समूचे विश्व में हैं।

डॉ. सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने संस्कृति के वर्तमान अर्थ के लिए पुराने 'कृष्टि' शब्द का प्रयोग किया, जो एक तरह से 'कल्चर' का ध्वन्यात्मक दृष्टि से संवादी शब्द है। इस 'कृष्टि' शब्द का अर्थ खेती के विविध प्रकारों-बागवानी, रेशम के कीड़ों का पालन आदि अर्थों में विस्तृत हुआ। साथ ही किसी भी पदार्थ को संशोधित करके उसके स्वरूप को उत्तम बनाने के अर्थ में परिवर्धित हुआ।

इन सभी अर्थों का आधान 'संस्कृति' शब्द में करके इसे मनुष्य की सर्जनात्मक ऊर्जा के अनुसंधान के अर्थ में किया जाता है। संस्कृति इसीलिए एक सिद्ध पदार्थ नहीं है, बना-बनाया या पका-पकाया पदार्थ नहीं है। यह साध्य है, निरंतर कुछ-से-कुछ बन रहा पदार्थ है। यह निष्पन्न न होकर निष्पाद्य है। अपने को नए-नए रूप में उत्पन्न करने का भाव है। यह उसके सहज स्वभाव को ऊपर लाना है। भारतीय संस्कृति की पीड़ा वे नहीं समझ सकेंगे। भारतीय संस्कृति की पीड़ा है कि हम आज अपने ही घर में किराएदार बन गए हैं। बाजारवादी संस्कृति ने भारत और इंडिया के बीच गहरी रेखा खींच दी है। डाक्टर कपिलाजी ने मुझे एक पत्र में लिखा था कि "आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है।"

जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। दिन-रात असंख्य चैनल चल रहे हैं और हमें समझा रहे हैं कि देह ही मनुष्य जीवन का अंतिम सत्य है। देहसुख बाजार का सौदा है, उसे खरीदना जीवन का पुरुषार्थ है। इस सभ्यता के लिए धनवान मनुष्य कंज्यूमर है और सारी प्राकृतिक संपदा तथा निर्धन मनुष्य कच्चा माल है। ऐसे परिवेश में भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की ही पहचान कौन कर रहा है? भारत की लोक संस्कृति पर हमला उस जमाने में भारत की लोक संस्कृति पर हमला हुआ था, तब मंदिर तोड़े गए थे, मूर्तियां तोड़ी गयी थीं, जजिया कर लगाया गया था, किंतु भारत की जीवन पद्धति ने भारत के जीवन दर्शन ने हार नहीं मानी।

हमारी परिवार संस्था बनी रही। मनुष्य और मनुष्य का रागात्मक संबंध बना रहा, मनुष्य और प्रकृति के बीच पारंपरिक संबंध कायम रहा। गंगा और यमुना की धार अविरल बहती रही। आज जब पश्चिम की बयार बह रही है, भारत की जीवन पद्धति और भारत के जीवन दर्शन पर आक्रमण हो रहा है। हम टुकुर-टुकुर देख रहे हैं कि इस पछैयां-ब्यार में सब कुछ उड़ा जा रहा है, जीवन पद्धति भी, जीवन दर्शन भी। भाषा भी, कला भी, संगीत भी। पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण पुराण प्रसंगों में आने वाले मोटिव्स या अभिप्रायों को लेकर कुछ नेता बहुत अधिक उत्साहित रहते हैं। हमारे यहां इंटरनेट था, हमारे यहां टेस्टट्यूब था, हमारे यहां सर्जरी थी और न जाने क्या-क्या था। हमारे यहां एटमबम था, हमारे यहां हवाई जहाज था उन्हें कौन खा गया? ऐसी ऐसी हास्यास्पद बातें करके ये अपने बुद्धिबल (आग्रह) का परिचय दे देते हैं। आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल ने इस प्रवृत्ति को पश्चिमाक्रांत दृष्टिकोण माना था। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में रेल, तार, हवाई जहाज आदि के नाम और रचनाविधि को ढूंढना अनावश्यक तो है ही, पश्चिमाक्रांत प्रवृत्ति का द्योतक भी है।

इन बातों से ये लोग भारतीय मिथकशास्त्र का उपहास ही करते हैं। मिथक केवल भारत की ही संपदा नहीं हैं, मिथक समूचे विश्व में हैं। मिथकशास्त्र आज एक अनुशासन का रूप ग्रहण कर चुका है। हम इस मामले में भी पीछे हैं। हम अपने पुराणों की अभिप्राय अनुक्रमणिका अभी तक नहीं बना सके। सीता का धरती से जन्म लेना, धरती में समा जाना, यज्ञ का फल खाकर दशरथ की रानियों के गर्भ होना, रावण के दस सिर होना, नाभि में अमृतकुंड, पसीने की बूंद, कान के मैल, अग्निकुंड, घट, फल आदि से जन्म होना, कुंड में नहाने से स्त्री का पुरुष बन जाना, वृद्ध का युवा बन जाना, अक्षय पात्र होना। अगस्त्यमुनि का समुद्र का आचमन कर जाना, कल्पवृक्ष, शाप-वरदान जैसी परिकल्पना। ये मोटिफ हैं। मिथकशास्त्र की। हम अध्ययन अनुसंधान की पद्धति का विकास नहीं कर सके। इन लोगों की समझ में यह बात नहीं आ पाती कि अवश्य ही मिथक इतिहास की रचना है, लेकिन मिथक इतिहास नहीं है। भारतीय संस्कृति में आत्मा की अवधारणा आधारभूत है, भारतीय संस्कृति में मनुष्य की प्रतिष्ठा है।

## सोशल फोरम

# हम न भूलेंगे

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

कई साल पहले की बात है। एक आर्थिक परेशानी आन पड़ी। एक नामी फाइनेंस कंपनी में समय से पूर्व एफडी तुड़ाने पहुंचे। वहां एक सज्जन से बात हुई। उन्होंने एक काउंटर की ओर इशारा किया, वहां अर्जी लिख दें। दो-चार दिन बाद मिल पाएंगे पैसे।

हमने अर्जी लिखकर काउंटर की तरफ बढ़े। वहां देखा, एक लड़की बैठी थी। बहुत सुंदर तो नहीं, लेकिन चेहरे पर शरारत और स्मार्टनेस। हमने समझा रिसेप्शनिस्ट है। अर्जी पकड़ा कर हम वापस जाने के लिए मुड़े ही थे कि उसने बैठने का इशारा किया और उसने खुद को पीछे ठेला। वो रिवॉल्विंग चेयर पर थी। ऐसी चेयर उन दिनों हमारे बत्ती विभाग में बड़े अफसरों के पास ही हुआ करती थीं। फिर वो उठी और गायब हो गई। पांच मिनट बाद वो फिर प्रकट हुई। फिर रिवॉल्विंग चेयर पर धम्म से बैठ गई। अगले पांच मिनट तक हम उसे उसी चेयर इधर से उधर लुढ़कते यानी स्किट करते हुए देखते रहे। कोई संपेरनी जैसी नाच रही हो। हैरान थे हम कि यह कर क्या रही है? फिर वो हमारी और मुखातिब हुई। एक जुंबिश ली उसने और स्किट करती हुई हमारे करीब आ गई। उसने हमें एक कागज पकड़ाया। हमने उस कागज को देखा। हमारी आंखें फटी रह गईं। वो चेक था। कुछ पल तक हम दूसरी दुनिया में रहे। उसने चुटकी बजाई, ओ हेल्लो। हम धरती पर वापस आए। इतनी जल्दी काम हो गया? कल्पना से परे। वो कह रही थी, इस स्लिप पर सिग्नेचर कर दीजिए, रिसीविंग के। हमने उसे थैंक्यू बोला तो वो मुस्कुरा दी।

गजब की मुस्कान थी। मानो कह रही थी, इन दरो-दीवारों को गौर से देख लीजिए, इस अंजुमन में आपको आना है बार-बार। हमारा उठने का मन नहीं था, लेकिन ओवरआल हम शरीफ आदमी थे। लोक-लाज भी निभानी थी और यह बात भी हमारे दिमाग में थी कि ऑफिस में हमारा स्टेटस ऑफिसर का है। हम जमीन पर पैर दबाकर रखे ताकि ऐसा न हो कि चिकने फर्श पर गिर जाएं और हंसी का पात्र बनें। वो दिन है आज का, हम आज भी उस फाइनेंस कंपनी में जाते रहते हैं, कभी एफडी भुनाने तो कभी बनवाने। मगर वो लड़की वहां नहीं मिलती है। सोचता हूं, अब तो बाल-बच्चों वाली होगी।

- फेसबुक वॉल से

# चीन के जे-20 स्टील्थ फाइटर प्लेन्स का भारतीय जवाब



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है।

हम यहां इस बात पर लड़ रहे हैं कि अगली सरकार किसकी बनती है और उधर चीन ने सिक्किम से 200 किलोमीटर दूर अपने एयरफोर्स फेस पर जे-20 स्टील्थ फाइटर एयरक्राफ्ट तैनात कर दिए हैं। जे-20 नीची उड़ान भर सकते हैं और इन पर एक खास कोटिंग होने की वजह से ये रडार की पकड़ में भी नहीं आते। हिमालय की टोपोग्राफी ऐसी है कि घाटी में ये जहाज नीची उड़ान भरकर भारत के भीतर 1000-1200 किलोमीटर भीतर तक घुस सकते हैं। चीन के पास 250 के करीब ऐसे जहाज हैं।

ऐसा एक फाइटर प्लेन बनाने पर $100-120 मिलियन अर्थात् 8.5 अरब भारी रुपये तक खर्च होते हैं। लगता है उधर तिब्बत और इधर भारतीय हिमालय में हाई ऑल्टियुड वारफेयर के लिए अभी से तैयारी होने लगी है। एक दिन तो यह होकर रहेगा। ग्राउंड फोर्सेज से बात नहीं बनते देख दोनों ओर से एयरफोर्स और मिसाइल बेस बनाए गए हैं। बड़े स्तर के युद्ध से तो भारत के गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों से सिंचित मैदानी इलाकों के लिए तो पूरी हाइड्रोलॉजी ही बदल जाएगी। इससे देश में फूड क्राइसिस अवश्यंभावी है। भयंकर बाढ़ और भू-स्खलन तो होना ही है। अगर ऐसा युद्ध होता है तो इसकी कॉस्ट बहुत अधिक होगी। चीन की पीएए युद्ध को भयानक और निर्णायक बनाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। भारत की एयरफोर्स के खरीदे हुए विमान और असलहा कहां तक काम आएगा और हॉल ही विकसित एमके लाइट फाइटर विमान जे-20 के आगे किस तरह ठहर पाएगा, यह तो एयरफोर्स के चीफ ही बता पाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी कभी-कभी ही नहीं, बल्कि इस मामले में हमेशा ही ठीक कहते आए हैं कि कांग्रेस सरकार ने देश में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में पूरी तरह से नालायकी की है। जे-20 का विकास जे-एक्स एक्स से 90 के दशक के अंत में उभरा और 2008 में चीन की एयरफोर्स ने प्रोजेक्ट 718 का समर्थन किया। 2010 तक पहले संस्करण प्रोटोटाइप ने चेंगदू विमान डिजाइन संस्थान में उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया।

22 दिसंबर 2010 को पहले जे-20 प्रोटोटाइप ने चेंगदू एयरक्राफ्ट डिज़ाइन इंस्टीट्यूट (सीएडीआई) के बाहर उच्च गति टैक्सीगि परीक्षण किया। तीन महीने बाद, पहला जे-20 प्रोटोटाइप बनाया गया। इसके बाद से अब तक चीन ऐसे जहाज़ों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी कर रहा है। या जहाज किसी भी देश को नहीं दिए जाते। चीन के सिचुआन प्रोविंस में स्थित चेंग-दू एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी प्लांट में हर साल करीब 18-20 उक्त अदृश्य जहाज बनाने की क्षमता है। भारत इसका मुकाबला अपने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए मार्क 1) कैसे करेगा? अभी कैबिनेट ने डीआरडीओ की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी को एएमसीए बनाने रु.15 हजार करोड़ रुपये देकर इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत दिए हैं जिसे हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स बनाकर देगा। इसकी खेप सन् 2028 से भारतीय वायुसेना को मिलने लगेगी। तब तक इसमें स्टील्थ कैपबिलिटी, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस का इंटीग्रेशन, लॉन्ग-रेंज टार्गेटिंग एंड पायलट रहित बहुत से फंक्शन इनकार्पोरेट कर लिए जाएंगे। तब तक चीन को 'होल्ड-ऑन' पर अर्थात् रोके रखना होगा। भारत के एएमसीए-मार्क 1 प्रोजेक्ट की अधिकांश डिटेल्स क्लासिफाइड हैं।

इस मामले में चीन और भारत के बीच पांच साल का अंतराल काफी मायने रखता है। इसीलिए भारत में केंद्र सरकार की लीडरशिप में मोदी का रहना अत्यावश्यक है। डिफेंस प्रोजेक्ट्स को लेकर कांग्रेस सरकार का पिछला रिकॉर्ड बिल्कुल निराशा जनक है। अमेरिका और इंग्लैंड के कहने पर इसने भारत में डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना तो दूर इसे ठीक से काम भी नहीं करने दिया। इसीलिए डिफेंस रिसर्च, डेवेलपमेंट और प्रोडक्शन में लगे हुए हमारा ढांचा चरमराने की कगार पर था जब 2014 में मोदी ने इसका आकलन किया।

# डर और अंधविश्वास

इकबाल अहमद

जब हमें डर लगता है। बड़े नुकसान की संभावना नजर आती है, जो भी कोशिश कर सकते है वो कर चुके होते हैं या कर रहे होते हैं। सभी फेल हो चुकी होती हैं। ऐसे समय में कोई अपना-पराया राय देता है कि फलां दरगाह/मंदिर चले जाइए। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ, जो वहां गया हो और उसकी मन्नत पूरी न हुई हो। हम सोचते है चलो ये भी सही, करके देखते हैं।

ऐसे हालात में दो स्थिति हो सकती हैं। या तो काम बन जाएगा या नहीं बनेगा, नहीं बना तो उस दरगाह या मंदिर के दर्शन और चढ़ावे की याद भी नहीं आएगी, क्योंकि हमने उसे एक तुक्के की तरह लिया था। वहीं अगर काम बन गया तो सबसे पहले वो चमत्कारिक वजह ही याद आती है। उस समय ये नहीं सोच पाते कि बाकी की जो मेहनत की, जुगाड़ लगाया उसका ये उसका परिणाम है।

डर के आगे जीत नहीं, उसके आगे डर लगातार कायम रहता है। अगली बार कोई निर्णायक कदम उठाने से पहले कदम उधर ही बढ़ जाते हैं। उंगलियों में अंगूठियां, गले में माला और कलाई पर धागे बढ़ने लगते हैं। व्यक्ति कितना भी आम या कितना भी खास हो डर सबका बराबर होता है। डर का निवारण बताने वाला व्यक्ति की जेब का ध्यान रखता है। जेब हल्की है तो पड़ोस के घोड़े शहीद बाबा की दरगाह काफी है। जेब में वजन है तो हाजी अली के नीचे बात नहीं होगी। यही कहानी बूढ़े बरगद वाले हनुमान जी से लेकर तिरुपति बाला जी तक जाती है। अंगूठी के रत्न में भी वर्ग संघर्ष कायम रहता है। अमिताभ बच्चन की समस्या है तो निर्दोष नीलम। राम प्रसाद कष्ट निवारण के लिए फिरोजा (चिचड़ी) चल जाएगा।

अक्सर अपनी समस्या का दोष दूसरे पर मढ़ हम सुकून पाते है। ये चढ़ावे, दर्शन और शॉर्ट टर्म परेशानी निवारण एक्सेसरीज (अंगूठी, धागे, ताबीज आदि) भी हमारी समस्या टालू मंत्र के साधन हैं। गोरेपन की क्रीम की तरह एक बड़ा आर्थिक साम्राज्य इधर भी है। फेयर वाली क्रीम लगाने से न कोई हैंडसम होता है न लवली, लेकिन खुद को लगता है कुछ तो फर्क पड़ रहा है।

कुछ वैसी ही कहानी रोज ज्यादा असुरक्षित होते जाते इंसान की है। डर बढ़ता है और निवारण यंत्र ये भरोसा दिलाते है कि कुछ तो हो रहा है, पहले से बेहतर। हथेली को फैलाकर और दबाकर भाग्य रेखा को जबरदस्ती लंबा करने की कोशिश करते रहते हैं। कीरो की लिखी किताब से भाग्य पर भरोसा बढ़ा था। वही किताब जो रेलवे स्टेशन की बुक स्टॉल से सफर पर तब खरीदी थी जब गाड़ी पांच घंटे लेट थी। टाइम पास में भी डर निवारण मिल जाता है।

## एक नजर

### बिना काम कराए धनराशि हड़पने का लगाया आरोप

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बेलवा बाजार निवासी प्रताप नारायण दुबे ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र देकर विकास कार्यों के नाम पर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव पर 40 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

### मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रुपईडीह, अमृत विचार :** भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के मुजेड़ जेठपुरवा गांव निवासी राम बचन व लल्लू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित को पुलिस ने न्यायालय रवाना कर दिया है।

# बिना फायर सेफ्टी ऑडिट चल रहे 40 अस्पताल

## मरीजों और तीमारदारों पर भारी पड़ सकती है लापरवाही, जिम्मेदार कर रहे हादसे का इंतजार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में संचालित हो रहे अस्पतालों में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। लेकिन जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले दिल्ली के विवेक विहार बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल में आग में झुलसकर छह नवजातों की मौत से जिले के अस्पताल संचालक वह जिम्मेदार कुछ सीखने को तैयार नहीं है।

जिले में कमावेश सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में आग से बचाव की स्थिति एक सी है। तीन दर्जन से अधिक प्राइवेट अस्पतालों ने अग्निशमन विभाग से एनओसी तक नहीं ली है। स्वास्थ्य व अग्निशमन विभाग के अधिकारी की लापरवाही से अस्पतालों का संचालन कर मरीजों की जान खतरे में डाली जा रही है। खास यह कि इसकी सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार भी अनजान बने हुए हैं। ऐसा लगता है कि वह किसी बड़े हादसे का इतंजार कर रहे हैं।

नवजात यूनिट में भर्ती बच्चे। अमृत विचार

जिला महिला अस्पताल के विशेष नवजात शिशु देखभाल यूनिट एसएनसीयू में 12 शिशु भर्ती हैं, यहां दो कमरों में नवजात को भर्ती किया गया है। महिला अस्पताल की फायर सेफ्टी आडिट नहीं हुई है। कभी भी नवजातों की जान खतरे में पड़ सकती है। मेडिकल कालेज की भी तीन वर्षों से फायर सेफ्टी आडिट नहीं कराई गई। प्राइवेट अस्पतालों का भी यही हाल है। आग से बचाव का इंतजाम न होने से इनका अग्निशमन विभाग से एनओसी नहीं लिया गया है। जिले के कई अस्पताल बेसमेंट में चल रहे हैं। मेडिकल कालेज व जिला महिला अस्पताल की फायर सेफ्टी आडिट नहीं कराया गया है। 40 से अधिक अस्पताल बिना फायर एनओसी के ही संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य व अग्निशमन विभाग चुप्पी साधे है।

### खतरों से अंजान हैं अफसर

दिल्ली समेत महानगरों में कई अस्पताल में अग्निकांड हो चुका है, लेकिन जिले के अधिकारी उससे से सीख नहीं रहे हैं। मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिले में 1 मेडिकल कालेज 1 जिला महिला अस्पताल, 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, करीब 98 निजी अस्पताल संचालित हैं। जिला अग्निशमन अधिकारी राम सुमेर त्रिपाठी ने बताया कि मेडिकल कालेज व महिला अस्पताल की सेफ्टी आडिट के लिए पत्र भेजा गया है। बिना फायर एनओसी के संचालित अस्पतालों पर करवाई की जायेगी। अभियान चला कर अस्पताल की जांच कराई जाएगी। जिन अस्पतालों में आग से बचाव का मानक पूरा नहीं मिलेगा उन अस्पतालों को जारी एनओसी भी रद्द की जाएगी।

बाबा शहीद मर्द फखरुद्दीन शाह के सालाना उर्स में भाग लेते जायरीन। अमृत विचार

## धूमधाम से मनाया गया दो रोजा उर्स

**संवाददाता, करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत सकरौरा ग्रामीण के मजरा जानकीपुरवा में स्थित बाबा शहीद मर्द फखरुद्दीन शाह का सालाना उर्स हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम अब्दुल हफीज सिद्दीकी व मोहम्मद जमील की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। जिसमें शुक्रवार की रात्रि नातिया प्रोग्राम व शनिवार की रात्रि गोंडा के कव्वाल रफीक वारसी ने सूफियाना कव्वाली सुनाया। पूरी रात जायरीनों ने शिद्दत के साथ कव्वाली सुनी। कार्यक्रम का समापन दुनिया मे अमन चैन के लिए दुआ के बाद हुआ। इस मौके पर मेराज उल हक शाह गुड्डू, शानू मियां, ग्राम प्रधान पराग दत्त गुप्ता, अब्दुल मजीद, हाजी जुबेर रूमी, अब्दुल्ला सलमानी, मुमताज अहमद मौजूद रहे।

# एक तीर्थ ऐसा भी जहां आज भी नहीं पहुंची बिजली

## नैमिषारण्य से मात्र पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित है प्राचीन ब्रह्मावर्त तीर्थ

नैमिषारण्य/सीतापुर

**अमृत विचार।** विश्व विख्यात 88 हजार ऋषियों की तीर्थ स्थली नैमिषारण्य को वृहद एवं सुन्दर रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है। ललिता देवी मंदिर कॉरिडोर से लेकर चक्रतीर्थ, रुद्रावर्त, राजघाट के साथ-साथ अन्य मंदिरों का भी नैमिष के विकास का नैमिष विकास परिषद बोर्ड के गठन के बाद खाका खींचा जा चुका है। बावजूद इसके नैमिषारण्य की परिधि क्षेत्र में आने वाला अत्यंत प्राचीन मंदिर ब्रह्मावर्त तीर्थ आज भी उपेक्षित पड़ा हुआ है। अफसरों की उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते इस ओर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जाता है।

जिले से सटे होने के चलते एवं हरदोई जनपद के अंतर्गत जमुनिया गाँव के पास स्थित यह तीर्थ अत्यंत प्राचीन एवं पौराणिक इतिहास को दर्शाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार तीर्थ की ऐसी मान्यता है कि जब 33 करोड़ देवी देवताओं का आगमन नैमिषारण्य क्षेत्र में हुआ था। उस दौरान भगवान ब्रह्मा विष्णु और शंकर जी ने इसी स्थान पर यज्ञ किया था, एवं ब्रह्मकुंड की स्थापना भी की थी।

मान्यता है कि इस दौरान भगवान ने यहां पर अपना स्थान भी ग्रहण किया था। जो आज भी शिवलिंग के विग्रह रूप में मौजूद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्राचीन एवं विख्यात तीर्थ होने के बावजूद यहां न तो श्रद्धालुओं के पहुंचने हेतु मार्ग व्यवस्था और न ही विद्युत व्यवस्था उपलब्ध है। जिससे यह बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है। है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के श्रद्धालु यहां आने का मन तो बनाते हैं। परंतु इन्हीं सारी समस्याओं को देखते हुए वह इस स्थान पर आने से कतराते रहते हैं।

नैमिषारण्य स्थित ब्रह्मावर्त कुंड में देखरेख के अभाव में व्याप्त गंदगी। अमृत विचार

**अनदेखी**

- कुंड में फैली गंदगी और देखरेख के अभाव में रहता श्रद्धालुओं का टोटा

### कुंड की मान्यता

नैमिषारण्य में स्थापित ब्रह्मकुंड के बारे में ऐसा माना जाता है इसमें तीन स्रोत हमेशा चला करते हैं। जिसके कारण कुंड में कभी जल कम नहीं पड़ता है। यह कुंड चारों तरफ से अष्टकोणीय आकार का बना हुआ है। बताया जाता है कि वर्ष 2014 में पुरातत्व विभाग के द्वारा खुदाई करवाने पर यह कुंड निकला था। इसके साथ ही यहां काफी कीमती चीजें भी इस कुण्ड के अंदर प्राप्त हुई थीं, जो पुरातत्व विभाग के अधिकारी अपने साथ ले गए थे।

पुरातत्व विभाग की टीम के द्वारा मौजूद शिवलिंग के बारे में जब जानकारी जुटाई गई तो अनुमान लगाया गया कि यह शिवलिंग लगभग 7 फीट ऊपर एवं 20 फीट नीचे तक है। यह शिवलिंग अत्यंत प्राचीन एवं मनमोहक है इसके ऊपरी हिस्से में भगवान भोलेनाथ विराजमान है तथा बीच में चतुर्मुख आकार में ब्रह्मा जी व निचले हिस्से में अष्टकोणीय विष्णु जी विराजमान हैं।

### क्या बोले श्रद्धालु

लखीमपुर से दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु करन अवस्थी ने बताया कि वह काफी मान्यता सुनकर नैमिषारण्य स्थित प्रसिद्ध विग्रह के दर्शन करने आये थे। परंतु यहां की दयनीय दशा देखकर उन्हें काफी बुरा लगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस समस्या को देखकर जल्द से जल्द खत्म कराना चाहिए। हरदोई जनपद के पचदेवरा थाना इलाके के लखनौर निवासी श्रीभगवन यहां स्नान एवं दर्शन हेतु ब्रह्मावर्त तीर्थ आए थे। परंतु अत्यधिक गंदगी, सड़क एवं विद्युत समस्याएं देखते हुए उन्होंने अपना दर्द साझा किया और कहा कि सरकार को इस समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए जिससे लोगों का आवागमन बढ़े। ठाकुरनगर निवासी अखिलेश का कहना है कि तीर्थ स्थल तक आने का रास्ता ठीक नहीं है और न ही श्रद्धालुओं के बैठने की जगह है। साथ ही कोई भी वाहन यहां तक नहीं पहुंच पाता है। ऐसे में अफसरों को इन सभी अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान देना चाहिए।

धाम पर स्थापित करीब 27 फीट का मुख्य ब्रह्मावर्त विग्रह। अमृत विचार

श्रीभगवान। अखिलेश।

## महायज्ञ के समापन पर लगाया भंडारा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** श्री बालाजी मंदिर सोनवार धाम में चल रहे कनक धारा महायज्ञ व संत सम्मेलन के समापन पर शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने राधा-कृष्ण की रासलीला प्रस्तुत कर लोगों का मन प्रफुल्लित कर दिया। इस मौके पर महंत बृजमोहन पाण्डेय, कटरा बाजार के विधायक बावन सिंह, ट्रस्ट अध्यक्ष शुभम पाण्डेय, छोटे शुक्ल, बालमुकुंद तिवारी, विकास मिश्रा, लालबाबू मिश्रा, विनोद पाण्डेय, संतोष वर्मा, पप्पू तिवारी, अतुल शुक्ल, शिवम पाण्डेय, अमन पाण्डेय आदि रहे।

## स्कूल को दान में दिए पौधे

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया व उनके बच्चों ने प्रगतिशील किसान वैज्ञानिक ने शिवकुमार मौर्य के दो एकड़ में फैले बागवानी का भ्रमण किया।

शिवकुमार की इस बागवानी में लगभग पांच सौ प्रजाति के सजावटी, मेडिसिनल, सब्जियों, फलों, मसालों आदि के पौधे लगे हैं। पूर्व में ही इस बागवानी का भ्रमण मंडलायुक्त, डीएम, सीडीओ, एसपी व अन्य छोटे बड़े प्रकृति प्रेमी भी कर चुके हैं। किसान वैज्ञानिक शिवकुमार स्कूलों का भी भ्रमण करते रहते हैं और पौधों का महत्व बताते रहते हैं। वे शिवकुमार कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर का भी भ्रमण कर चुके हैं। वे यहां के बच्चों व शिक्षकों से ये काफी प्रभावित हैं। फलस्वरूप शिवकुमार ने स्कूल के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया को पीपल, अमरूद, कटहल, नीम व पाकड़ की पौध दान स्वरूप भेंट किया।

इसके पूर्व में भी शिवकुमार ने स्कूल में जाकर विशेष प्रजाति के तुलसी व नीम के पौधे रोपित कर चुके हैं। भ्रमण में स्टेट अवार्डी शिक्षक सुनील कुमार आनंद, पिंकी देवी, रागिनी देवी, शुभम सिंह कनौजिया, कोमल सिंह कनौजिया, स्वर्णिमा सिंह कनौजिया व श्रेष्ठ सिंह कनौजिया भी शामिल रहे।

# पहले ढाई बीघा जमीन अपने नाम कराई, फिर सास को मार डाला!

**महोली, सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने अपने बहनोई और बहन पर अपनी मां के इलाज के एवज में ढाईं बीघा जमीन का बैनामा करा लेने और बाद में उनकी हत्या कर देने का आरोप लगाया है। हकीकत जानने के लिए पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा है। मामला महोली कोतवाली क्षेत्र के मुड़िया गांव से जुड़ा है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के हथिया मल्लपुर गांव निवासी गया प्रसाद पुत्र मंगूलाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि करीब आठ माह पूर्व उनकी मां नैकिन पत्नी मंगूलाल का इलाज कराने के लिए उनकी बहन शीलू व बहनोई प्रेम पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम मुड़िया थाना महोली अपने साथ अपने घर ले आए थे। कुछ दिनों तक बहन और बहनोई ने उनका इलाज कराया और फिर हाथ खींच लिया। दरअस उनका इरादा इलाज का नहीं बल्कि उनकी ढ़ाई बीघा जमीन अपने नाम बैनामा करा लेने का था। आरोप है कि प्रेम ने हथिया मल्लपुर गांव स्थित नैकिन के नाम की ढाई बीघा जमीन खरीदने के नाम पर बिना किसी को सूचना दिए अपने नाम बैनामा करा ली और किसी को एक रुपया भी नहीं दिए।

**वारदात**

- मृतका के बेटे ने बहन बहनोई पर लगाया मां की हत्या का आरोप
- जमीन बैनामा होने के बाद बेटे ने लगाई थी आपत्ति

गया प्रसाद का आरोप है की जमीन अपने नाम कराने के बाद बहन और बहनोई ने एक माह के अंदर ही नैकिन को जान से मार कर उनकी हत्या कर दी। इंस्पेक्टर उमाकांत शुक्ला ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दस घंटे गुल रही इटियाथोक इलाके की बिजली

## ओवरलोड होने के कारण पावर हाउस का इनकमिंग फीडर हुआ खराब, अंधेरे में रहे 23 हजार उपभोक्ता

संवाददाता, इटियाथोक

**अमृत विचार:** इटियाथोक पावर हाउस का इनकमिंग फीडर ओवरलोड होने के कारण रात दो बजे बैठ गया। फीडर में आई खराबी से पूरे इलाके की बिजली गुल हो गयी। करीब 23 हजार उपभोक्ता घंटों बिजली न मिलने से हलकान रहे। रविवार दोपहर बाद वैकल्पिक व्यवस्था कर आपूर्ति बहाल की गयी। फिलहाल फीडर की मरम्मत का काम चल रहा है। बिजली विभाग के अफसरों का कहना है फीडर में आई तकनीकी खराबी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। देर शाम तक उसे ठीक कर लिया जायेगा।

उपकेंद्र में आई खराबी ठीक करते कर्मी।

नौतपा में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच जिले की बिजली व्यवस्था भी पटरी से उतर गयी है। बिजली की बढ़ी खपत के कारण पावर हाउस की मशीनों ओवरलोड होकर खराब हो रही हैं और जिससे आपूर्ति में बाधा पहुंच रही है। मेहनौन क्षेत्र के धानेपुर, मेहनौन व इटियाथोक उपकेंद्र सबसे अधिक प्रभावित हैं। मेहनौन उपकेंद्र जाने वाली अंडरग्राउंड केबिल एक सप्ताह में दो बार जल चुकी है। रविवार की सुबह करीब दो बजे इटियाथोक उप केंद्र का इनकमिंग फीडर ओवरलोड के चलते अचानक बैठ गया। इस खराबी के कारण इटियाथोक उपकेंद्र से संचालित होने वाले पावर हाउस ईस्ट, साउथ, बलरामपुर, खरगूपुर और पेट्रोल पम्प के नाम से कुल पांच फीडरों की बिजली गुल हो गयी और पूरे इलाके में अंधेरा छा गया। रात में बिजली कर्मियों ने फीडर की मरम्मत का काम शुरू किया लेकिन सुबह 11 बजे तक कमी नहीं पकड़ सके। उपभोक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए दोपहर बाद वैकल्पिक व्यवस्था कर पावर हाउस को दूसरी लाइन से जोड़ा गया और आपूर्ति बहाल की गयी। अवर अभियंता अजय गुप्ता ने बताया कि ओवरलोड के चलते फीडर में तकनीकी खराबी आ गई है।

### क्षमता से अधिक पड़ रहा लोड

क्षमता से अधिक लोड होने पर लाइन में खराबी के साथ एबीसी केबल व ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। इटियाथोक उप केंद्र के अवर अभियंता अजय कुमार ने बताया कि पावर हाउस में दो ट्रांसफर्मर लगे हैं। 10 एमवीए ट्रांसफॉर्मर की क्षमता 525 एंपियर है लेकिन शाम को इसका लोड 600 एंपियर पार चला जा रहा है। इसी प्रकार पांच एमवीए ट्रांसफर्मर की क्षमता 262 एंपियर है। शाम को इसका लोड 270 एंपियर पार हो रहा है। अधिक लोड पड़ने से दोनों ट्रांसफर्मर हीट हो रहा है। इन्हें सुरक्षित रखने के लिए कटौती करनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर अधिक लोड बढ़ने से लाइन में खराबी, लो वोल्टेज, सिंगल फेसिंग, तार टूटना, जंफर कटना आदि समस्याएं हो रहीं है।

## राहगीरों को पिलाया शरबत, ठंडा पानी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शहर के अनमोल ग्रुप के नवयुवक पिछले आठ साल से हर मौसम में सामाजिक सेवा देते चले आ रहे हैं। कर्मयोगी राकेश उर्फ विक्की छाबड़ा ने बताया कि अनमोल सामाजिक समूह पूर्ण रूप से गैर वित्तीय सहायता समूह है। इस समूह को विद्यार्थी जीवन में मित्र समूह के माध्यम से बनाया गया था। रविवार को भीषण गर्मी और हीट वेव और स्ट्रोक से बचाव के लिए बस स्टॉप पर शीतल जल और शर्बत का स्टॉल लगाया गया। जिसमें सैकड़ों यात्रियों राहगीरों ने शीतल जल और शर्बत पीकर राहत महसूस किया। समाजसेवी अनुज सिन्हा और राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि अनमोल सामाजिक सेवा समूह शहर के भरत मिलाप चौराहा, गुरु नानक चौराहा, रानी जामवंती चौराहा सहित हॉस्पिटल में फल वितरण, वृद्ध आश्रम में भोजन कराना, बाढ़ पीड़ितों की सहायता करना, भीषण ठंड में कम्बल वितरण समेत निराश्रितों की मदद करना जैसे कार्य बराबर करता चला आ रहा है। शीतल जल और शर्बत वितरण के दौरान दिनेश प्रजापति, प्रेम कृष्ण श्रीवास्तव, राजू मित्तल, अनिल त्रिपाठी, पंकज, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. अजय गुप्ता, अंकित श्रीवास्तव, अमित गुप्ता आदि रहे।

राहगीरों को शरबत पिलाते लोग। अमृत विचार

# गर्मी के चलते एक माह में जले 280 ट्रांसफार्मर, बिजली विभाग परेशान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गर्मी के चलते पिछले एक महीने में 280 से अधिक ट्रांसफार्मर जल चुके हैं जिसको सही करने में विभाग के पसीने छूट रहे हैं। जनपद में 255 मेगावाट बिजली के डिमांड है जिसके सापेक्ष सप्लाई तो हो रही है लेकिन आपूर्ति में दिक्कत आने पर जबर्दस्त कटौती की जा रही है। गर्मी बढ़ने से आपूर्ति भी बाधित हो रही है। पूरे जिले में लो वोल्टेज की समस्या सबसे अधिक है। कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां लोगों को नहाने व पीने के पानी की भी समस्या हो रही है। दो-दो-तीन दिन से लो वोल्टेज के चलते कोई काम नहीं हो पा रहा है। रात रात भर बिजली गायब रहती है जिससे बच्चे वह बुजुर्गों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी का आलम यह है कि लोगों को बीमारी हो रही है और अस्पताल पहुंचा रहे हैं। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से समस्या बढ़ती जा रही है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पूरे जिले में विद्युत आपूर्ति बिना कटौती के किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। मजबूरी में कटौती की जा रही है। अधिकारियों के माने तो लगभग सभी फीडर को सही कर लिया गया है। परसपुर में गड़बड़ी थी उसको भी सही करने का प्रयास किया जा रहा है।पूरे जिले में बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। अधिशासी अभियंता विद्युत पारेषण मनोज कुमार ने बताया कि पूरे जिले में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए 255 मेगावाट बिजली की डिमांड है। आपूर्ति भी हो रही है। समस्या होने पर कटौती करनी पड़ रही है। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण ने बताया कि आपूर्ति सुचारु रूप से की जा सके इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह में लगभग 280 छोटे-बड़े ट्रांसफार्मर जले हैं जिनको सही करना चुनौती बना हुआ है। फिलहाल जले हुए स्थान पर नए ट्रांसफार्मर लगवा दिए गए हैं। लो वोल्टेज को लेकर अफसरों को अवगत कराया जा रहा है।

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय,अमृत विचार:** छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना क्षेत्र कटरा बाजार अंतर्गत नगर पंचायत की रहने वाली किशोरी के साथ छेड़छाड़ करना युवक को महंगा पड़ा। रविवार को पुलिस ने युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत का था। जहां 27 मई की शाम सानू नाम का युवक, युवती के घर में घुसकर उसका हाथ पकड़कर निकाह करने का दबाव बना रहा था। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले नगर पंचायत कटरा बाजार के पठान टोला निवासी सानू को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

# हर मानव युग परिवर्तन के नाम पर जलाए एक दीपक : जवाहर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गायत्री परिवार के श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के मुख्य यजमान उमानाथ त्रिपाठी के निज निवास निबिहा रमवापुर हरदौपट्टी इटियाथोक में चल रहे प्रज्ञा पुराण की कथा में राष्ट्र निर्माण एवं संकल्प दीप महायज्ञ का वृहद एवं उत्साहपूर्ण तरीके से आयोजन किया गया। गायत्री परिवार से कथावाचक जवाहर मिश्र ने श्रीमद प्रज्ञा पुराण की कथा के साथ साथ परिवार की संचेतना एवं संस्कार पर बल देते हुए सद्बुद्धि की भावना एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। परमपिता गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य के प्रयासों एवं कार्यों पर विशेष बल देते हुए राष्ट्र निर्माण और नवयुग की संकल्पना पर विशेष चर्चा हुई। कथा व्यास ने कहा कि परम पूज्य श्री राम शर्मा आचार्य ने पूरा जीवन सब में एकता तथा सद्बुद्धि में ही लगा दिया। परिवार में बच्चों में संस्कार तथा खुद के आचरण में सुधार कर सब कुछ प्राप्त किया जा सकता है। श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा के समापन पर विराट एवं भव्य दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें अनिल त्रिपाठी एवं अशोक त्रिपाठी के नेतृत्व में एक हजार एक दीपक जलाकर समाज, देश एवं युग परिवर्तन की कल्पना की कामना की गई। कथा में रामनाथ, रमाकांत, राधामोहन, प्रदीप, अंकित, जितेन्द्र द्विवेदी, आयुष्मान, सारिका, अंकिता, प्रज्ञा समेत सैकड़ों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

दीप यज्ञ में भाग लेते लोग। अमृत विचार

## शिकायत लेकर गई महिला के साथ किया दुर्व्यवहार

**परसपुर, अमृत विचार:** दबंगों के घर आम व सागौन के पेड़ जलाने की शिकायत लेकर गई महिला के साथ अभद्रता करते हुए जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार पर केस दर्ज किया है। ग्राम विजई पुरवा मधईपुर कुर्मी निवासी निर्मला देवी ने बताया कि गत 21 मई को दिन के करीब 1.00 बजे उनके गांव के ही कृष्ण कुमार, संदीप कुमार व प्रदीप कुमार तथा प्रेमनाथ ने उसके खेत में आग लगा दी जिससे सागौन व आम के पेड़ जल गये। इस सम्बन्ध में उनके घर शिकायत करने गयी तब उपरोक्त लोगों ने गाली-गलौच देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## एक नजर

### बिजली अभियंताओं का महाधिवेशन 27 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ का 39वां वार्षिक महाधिवेशन 27 जून को राजधानी में आयोजित होगा। वार्षिक महाधिवेशन में बेहतर उपभोक्ता सेवा सुनिश्चित करने, राजस्व वसूली में वृद्धि करने, बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने व बिजली उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ ऊर्जा क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों, विकास की अन्य संभावनाओं, अभियंताओं के अपेक्षित योगदान और अभियंताओं की विभिन्न लम्बित समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किये जायेंगे।

### हीटवेव को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

**अमृत विचार, लखनऊ :** हीटवेव से परेशान होते पुलिस कर्मियों को लेकर डीजीपी प्रशान्त कुमार ने गाइडलाइन जारी की है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी नींबू, इलेक्ट्राल, ग्लूकोज एवं ओआरएस घोल आदि प्रयोग करते रहे एवं अधिक प्रोटीन तथा वसायुक्त भोजन से परहेज करें। उन्होंने उच्चाधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से पुलिस कर्मियों को सत्तू, छाछ, दही आदि के सेवन के लिए प्रेरित करें। डीजीपी ने कहा कि यातायात कर्मी दोपहर में चौराहों पर ड्यूटी करते हैं। अत: उनके बूथ और शेड को ठीक करा लिया जाए। साथ ही वहां पर पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए।

# 179 विशेष प्रेक्षक रखेंगे मतगणना पर पैनी नजर

**75** जिलों में बनाए गए 81 केंद्र, लोकसभा व विधानसभा के लिए अलग-अलग होगी मतगणना

**18** वर्ष से ऊपर के व्यक्ति बन सकेंगे मतगणना एजेंट सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

**37** लोकसभा क्षेत्रों की दो जिलों में और 35 की एक जिले में होगी मतगणना

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष मतगणना के लिए 179 विशेष प्रेक्षक तैनात किये हैं। विशेष प्रेक्षक मतगणना पर सतर्क नजर रखेंगे। 75 जिलों में 81 मतगणना केंद्र बनाएं जाएंगे। लोकसभा व विधानसभा सीटों के लिए अलग-अलग हाल में मतगणना होगी। सभी मतगणना व सीलिंग की कार्रवाई सीसीटीवी की निगरानी में की जाएगी। मतगणना चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगी। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व त्रुटिरहित मतगणना के लिए तैयारी पूरी हो गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र और 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना 80 रिटर्निंग अफसर और 1581 सहायक रिटर्निंग आफिसर के जरिये सम्पन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि आगरा, मेरठ, आजमगढ, देवरिया, सीतापुर व कुशीनगर जिलों में मतगणना दो-दो केंद्रों पर होगी। आठ लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना तीन जिलों में, 37 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना दो जिलों में और 35 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना एक जिले में होगी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की मतगणना जिला निर्वाचन कार्यालयों के मतगणना स्थल में होगी। मतगणना विधानसभा क्षेत्रवार होगी। इसके बाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम का योग कर लोकसभा क्षेत्र का परिणाम घोषित किया जायेगा। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में समाहित साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 1127 मतदेय स्थल होने के कारण सबसे अधिक 41 राउंड में मतगणना सम्पन्न होगी।

मतगणना संबंधी जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

### 851 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला

मतगणना के जरिये कुल लोकसभा सीटों पर 851 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। चुनाव मैदान में रहे इन प्रत्याशियों में 771 पुरुष व 80 महिला हैं। सबसे अधिक 28 प्रत्याशी घोसी लोकसभा क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र में हैं। प्रत्याशियों को मतगणना केंद्र में प्रवेश के लिए निधारित मानक का पालन करना होगा।

### विस सीटों के लिए अलग रिटर्निंग अफसर तैनात

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उप चुनाव वाली सीटों शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैंसड़ी व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) पर मतगणना के लिए अलग-अलग रिटर्निंग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के लिए चार रिटर्निंग अफसर व 26 सहायक रिटर्निंग अफसर तैनात किये गये हैं।

### इन नंबरों पर करें शिकायत

प्रत्याशी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के जरिये मतगणना शुरू होने की तारीख से तीन दिन पूर्व शाम पांच बजे तक मतगणना एजेंट बनाये जाने के लिए प्रारूप-18 पर रिटर्निंग अफसर के समक्ष आवेदन किया गया है। मतगणना एजेंट नियुक्त करने के लिए कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को मतगणना एजेंट बनाया जा सकता है। केंद्र व राज्य सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, मेयर, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष को मतगणना एजेंट बनाये जाने पर प्रतिबंध है। केन्द्र व राज्य सरकार से सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को मतगणना एजेंट बनाये जाने पर भी प्रतिबंध है। ग्राम प्रधान, सरपंच, पंचायत सदस्यों, सभासद आदि को एजेंट बनाये जाने के संबंध में कोई प्रतिबंध नहीं है।

### 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 01 जून तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,44,490 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस भेजे गए है, जिनमें से 27,05,146 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5423 केन्द्रों पर छापा मारा गया और 188 केन्द्रों को सील किया गया है।

# दुबई और ओमान से शुरू होगा दशहरी के निर्यात का सफर

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** फलों का राजा दशहरी के निर्यात की तैयारी शुरू हो गई है। दशहरी के इस सफर की शुरुआत दुबई और ओमान के निर्यात के साथ शुरू हो जाएगी। आगामी 10 जून के बाद आम की यह पहली खेप रवाना हो जाएगी। इन दोनों स्थानों पर 18-18 एमटी आम भेजा जा रहा है। मैंगो पैक हाउस में इसकी तैयारियां शुरू हो गई हैं।

**छह देशों से आर्डर:** बागवानों के मुताबिक दुबई, ओमान के साथ ही कुवैत, सऊदी अरब, इंग्लैंड और रूस आदि से बडे.आर्डर आ रहे हैं। फिलहाल दुबई और ओमान आम निर्यात किए जाने की तैयारी है। मैंगो पैक हाउस तैयार है। आम के टूटने का क्रम दस से शुरू हो जाएगा।

**निर्यात वाले प्रति आम का वजन करीब 400 ग्राम होना जरूरी:** रहमान खेड़ा स्थित मैंगो पैक हाउस के जीएम अकरम बेग बताते हैं कि निर्यात के लिए विशेष तरह के आम का चयन होता है। इसका वजन करीब 400 ग्राम होता है। आम बिल्कुल दाग रहित और साफ होता है। टूटने के बाद विशेष तरह से प्रोसेस कर उसे पैक किया जाता है। उसके बाद तय देशों से आए आर्डर के मुताबिक भेजा जाता है।

▸▸ दोनों जगहों पर जाएगा 18-18 एमटी आम

**बीते वर्षों का आंकड़ा**

| वर्ष | निर्यात एमटी |
|---|---|
| 2020 | 388 |
| 2021 | 437 |
| 2022 | 46 |
| 2023 | 18 |

### अब तक ये देश ले चुके हैं दशहरी का जायका

बीते वर्षों में दुबई, ओमान, लंदन, जर्मनी, दोहा, यूके, नेपाल, इटली, ईरान, जेद्दा, भूटान, बहरीन, रसिया, माले, स्वीटजजरलैंड आदि देशों के लोग आम की विभिन्न किस्मों का स्वाद चख चुके हैं।

# टोल टैक्स बढ़ाने का आदेश प्रभावी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कारों पर नहीं बढ़ाया गया है टोल टैक्स

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को देखते हुए टोल टैक्स बढ़ाने का रूका हुआ आदेश अब प्रभावी हो गया है। टोल टैक्स में लगभग 5 से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जो मासिक पास पर भी लागू होगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश में हाइवे पर रविवार रात से टोल टैक्स बढ़ जाएगा। राज्य में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। इसके साथ ही कई ऐसे हाईवे भी हैं जो कहीं न कहीं इन एक्सप्रेस वे से जुड़ते हैं। इन सभी पर पड़ने वाले टोल प्लाजा पर बढ़ा हुआ टोल वसूला जाने लगा है।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने कार, बस और ट्रक के लिए टोल टैक्स बढ़ा दिया है। टैक्स में 5 से 25 रुपये बढ़ाए जा रहे हैं। 2 जून की रात से ये टैक्स बढ़ जाएगा। टोल प्लाजा पर नए दरों की सूची भी चस्पा कर दी गई है। दरअसल, एनएचएआई ने 1 अप्रैल से टोल टैक्स की दरें बढ़ा दी थीं, लेकिन इसे चुनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। 1 जून को वोटिंग खत्म होने के 02 जून की रात 12 बजे से इसे लागू करने के आदेश जारी हो गए हैं। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि कारों पर कोई टोल नहीं बढ़ाया गया है।

# खुद पर उठे सवालों के बीच मोदी के साथ सारथी की तरह रहे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष की ओर से खुद पर उठ रहे सवालों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सारथी की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रहे। प्रचार के दौरान दोनों जहां भी साथ रहे बेहतर समन्वय देखने को मिला। शनिवार को सर्वे एजेंसियों की रिपोर्ट में एग्जिट पोल के नतीजों ने भाजपा और एनडीए को जोश से भर दिया है। ऐसे में चर्चा हो रही है कि उप्र. में मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर प्रभावी साबित हुई है।

दरअसल, पिछले दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा योगी आदित्यनाथ को उनके पद से हटाए जाने को लेकर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी कहा कि वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

चुनाव के दौरान मेरठ से लेकर मिर्जापुर तक मोदी और योगी तकरीबन 21 कार्यक्रमों में एक दूसरे के साथ रहे। इस दौरान 13 जनसभाएं, 5 रोड शो, वाराणसी में नामांकन और काशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन के दौरान दोनों नेताओं का एक दूसरे के प्रति आपसी विश्वास को बढ़ाने वाले संवादों की चर्चाएं हर जगह हुईं। इस दौरान कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए, जिसने जनता के बीच प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बीच भरोसे को मजबूत किया।

### हाथ पकड़ने वाला वीडियो हुआ वायरल

पीलीभीत में आयोजित जनसभा के दौरान जब मुख्यमंत्री उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री के पीछे से डायस की ओर जाना चाहते थे, तभी प्रधानमंत्री द्वारा उनका हाथ पकड़कर सामने से जाने के लिए आग्रह करना सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ। विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री को त्रिशूल भेंट करने वाला वीडियो भी लंबे समय तक ट्रेंडिंग बना रहा।

# आवक कम, मौरंग-बालू हुई महंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मौरंग का ट्रक 60 से 70 हजार रुपये में हुआ

**अमृत विचार:** कुछ खदानों पर खनन रोके जाने के साथ ही मौरंग की कीमतों ने तेजी पकड़ ली है। इससे लाल मोटी बालू कहा जाने वाला मौरंग का ट्रक 60 से 70 हजार रुपये में पहुंच गया है। वहीं बालू की कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई है।

25 हजार रुपये वाले बालू के ट्रक की कीमत अब 25 से बढ़कर 30 हजार रुपये हो गई है। भवन सामग्री विक्रेताओं का मानना है कि 15 जून के बाद एक बार कुछ दिनों के लिए पट्टा जरूर दिया जाएगा जिससे बरसात के वक्त किसी भी तरह की दिक्कतें न हों।

**भवन सामग्री**

| | मई (आखिरी सप्ताह) | जून (प्रथम सप्ताह) |
|---|---|---|
| मौरंग- | 60,000 | 70,000 |
| बालू- | 25,000 | 30,000 |

नोट : रुपये प्रति ट्रक (एक हजार घनफीट)

भवन निर्माण सामग्री में अचानक बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इसमें मौरंग और बालू खासतौर पर महंगी है। खनन कम होने से इनकी कीमतों में बड़ा अंतर आया है। उम्मीद है सरकार 15 जून तक कुछ दिनों के लिए पट्टा जारी करेगी जिससे बरसात में होने वाली भवन सामग्री की कमी से बचा जा सके। यहीं नहीं सरिया के दाम में भी मामूली अंतर आया है। प्रति टन जो सरिया 60 से 62 हजार रुपये थी वह बढ़कर 64 हजार रुपये हो गई है। **- श्याममूर्ति गुप्ता, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सीमेंट व्यापार संघ**

# सूखे से बचने के लिए जागरूकता जरूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भूमि संरक्षण को बढ़ावा देने, सूखे की स्थिति से बचने और भू-क्षरण की रोकथाम के लिए सेंटर फॉर एनवायरमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) तक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सीड के सीईओ रमापति कुमार ने रविवार को बताया कि इस साल अभियान की थीम 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य और हम है' है। इसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश जलवायु परिवर्तन के लिहाज से देश में सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में मुख्य है। इसलिए अभियान में नागरिकों के द्वारा भूमि व जल संरक्षण के लिए संकल्प एवं पौधरोपण, अनाथालय में बच्चों के साथ जागरूकता प्रसार, हैंड प्रिंट, क्विज, पेंटिंग आदि रचनात्मक गतिविधियों को शामिल किया गया है।

## इटावा लॉयन सफारी से लाए बब्बर शेर से मिले योगी

**अमृत विचार लखनऊ:** दो महीने तक लोस. चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिड़ियाघर में लगभग एक सप्ताह पहले इटावा लॉयन सफारी से लाए गए बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को भी देखा।

# आग बुझाने वाले सिलेंडर चलाना तो दूर खोल तक नहीं पाते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चिकित्सा शिक्षा विभाग में संपन्न बैठक में जताई गई चिंता दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

▸▸ कर्मचारियों को किया जाए प्रशिक्षित : अविनाश चंद्र

**अमृत विचार:** चिकित्सा संस्थान हो या सरकारी अस्पताल, सभी में अग्निशमन सुरक्षा संबन्धी सिस्टम तो उपलब्ध होते हैं, मगर आग लगने की स्थिति में संस्थान के कर्मचारी आदि आग बुझाने वाले सिलेंडर चलाना तो दूर खोल नहीं पाते हैं। क्योंकि उन्हें प्रशिक्षण नहीं मिला होता है। इसलिए संस्थान से अपेक्षा है कि आग बुझाने वाले सिलेंडर निर्धारित तिथि के बाद दुबारा रिफिंग को भेजने के पहले, अधिकारियों व कर्मचारियों को सही प्रशिक्षण दिया जाये, हर एक को सिलेंडर प्रयोग करने का अवसर दिया जाये, जब तक सिलेंडर पूरी तरह से खाली न हो जाये।

यह महत्वपूर्ण सलाह रविवार को एनेक्सी भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा बुलाई गई बैठक में उप्र.अग्निशमन महानिदेशक अविनाश चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि सिलेंडर खाली न होने की दशा में, गैस भरने वाली कंपनी भी सिलेंडर को साफ कर तारीख बदलकर भेज दे देती हैं, क्योंकि उन्हें भी पता है हर सिलेंडर उपयोग नहीं होता है। इससे सरकारी धन का व्यर्थ खर्च भी होता है और सुरक्षा के मानक भी टूटते हैं। इसलिए सिलेंडर खाली करके ही रिफिल के लिए भेजना चाहिये।

अविनाश चंद्र ने आगे बताया कि हॉस्पिटल भवन का इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराना चाहिये। समय समय पर इलेक्ट्रिक वायरिंग के साथ ही वर्तमान इलेक्ट्रिक लोड और तारों की क्षमता चेक करानी चाहिये। इसके अलावा उन्होंने बताया कि एयर कंडीशनर और विद्युत चालित जीवन रक्षक उपकरण लगातार न चलायें, वैकल्पिक व्यवस्था जरूर रखें। ऑक्सीजन टैंकों का भंडारण के मानक जरूर पूरे करने चाहिये, क्योंकि आमजन द्वारा लापरवाही के साथ धूम्रपान करना कभी भी घातक हो सकता है।

### गठित हो चार टीम

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि फायर अलार्म या पब्लिक एड्रेस सिस्टम दुरुस्त होना चाहिये, आग लगने की स्तिथि में जानमाल की सुरक्षा में उपयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल्स में इवैक्यूएशन टीम, फायर फाइटिंग टीम, सर्च एंड रेस्क्यू टीम और को-ऑर्डिनेशन एंड मेडिकल टीम जरूर गठित की जाये।

## 1912 को और प्रभावी बनाने की तैयारी

**अमृत विचार,लखनऊ:** भीषण गर्मी में बिजली समस्याओं के निदान के लिए टोल फ्री नंबर 1912 को और बेहतर बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने संबंधित अफसरों को उपभोक्ताओं की हर कॉल का जवाब सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

अप्रैल 2017 में इस टोल फ्री नंबर की शुरुआत की गई थी। कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने इस सेवा को और प्रभावी व क्रियाशील बनाने के लिए समुचित कदम उठाने के निर्देश दिये हैं।

## वर्ग पहेली-89

**बाएं से दाएं**

1.1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।

2.1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दख़ल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।

4.1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।

7.1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।

8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

ऊपर से नीचे

1.1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।

2.1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।

3.1. कंकड़

4.1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।

5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।

6. टेक या सहारा लगाना।



## वर्ग पहेली -88 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

## सुडोकू -2

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 3 | | | 4 | | |
| | 6 | | | | 2 | | 9 | |
| 1 | | 5 | | | 9 | | 8 | |
| 3 | | | 6 | 5 | | | 1 | |
| | | 8 | 1 | | 3 | 7 | | |
| | 4 | | | 9 | 7 | | | 6 |
| | 9 | | 4 | | | 3 | | 7 |
| | 2 | | 9 | | | | 6 | |
| | | 7 | | | 6 | | 5 | |

## सुडोकू -1 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 9 | 8 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 1 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 7 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 4 जून 00.18 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 4 जून 00.05 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज अति धार्मिक होने से भी आपको समस्या हो सकती है। पेट में इंफेक्शन की संभावना बन रही है। आप नई शुरुआत करने को लेकर उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के प्रति आपके मन में नकारात्मक भाव आएंगे, लेकिन आपको अपनी कमियों पर विचार करना होगा।

**वृष** — आज सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। शत्रु आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** — आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय में तरक्की होने से आपका मनोबल बढ़ेगा। धार्मिक क्रियाकलापों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**कर्क** — आज सॉफ्टवेयर क्षेत्र के व्यवसाय से जुड़े लोगों को निवेशकों के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। पुराने संपर्क का आपको लाभ मिलेगा। आप कई सारे कार्य एक साथ कर पाएंगे। निर्माण कार्यों में आपको अच्छी प्रगति देखने को मिलेगी।

**सिंह** — आज आपकी कठोर भाषा से उच्च अधिकारी नाराज हो सकते हैं। चेहरे पर मुंहासे और दाग जैसी समस्या होने की आशंका है। विवाह आदि कार्यक्रमों को टालना फिलहाल हितकारक होगा। अनावश्यक कारणों से यात्रा होने की संभावना है।

**कन्या** — आज झगड़ा होने की भी संभावना है जिसके दौरान आप कुछ हिंसक भी हो सकते हैं। अपनी मान्यताओं को किसी पर न थोपें। अग्नि से जुड़े उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आपको काफी सतर्क रहना चाहिए।

**तुला** — आज आप व्यवसाय को लेकर काफी सावधान रहेंगे। लोग आपसे काफी प्रभावित रहने वाले हैं। नई जॉब की शुरुआत कर सकते हैं। नए प्रेम संबंधों के उभरने की संभावना बन रही है। विदेशी भाषा का प्रयोग सीख सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करने के लिए दिन शुभ है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपका कोई भी अहित नहीं होगा। मौसम में बदलाव के कारण बुखार और सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। नए कारोबार की योजना बना सकते हैं।

**धनु** — आज आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। यद्यपि आपको कार्यालय में कुछ तकनीकी परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा। अंतरिक्ष और जैव-रसायन जैसे क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज यदि आप निजी कंपनियों में काम कर रहे हैं तो आपको बॉस के नखरों को सहना पड़ सकता है। परिजनों पर गुस्सा न निकालें। धर्म-कर्म को लेकर अंधविश्वासी न बनें। सरकारी कार्यों में रुकावट के संकेत हैं। आप अपनी योजनाओं को सार्वजनिक न करें।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती है। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका संपर्क बनेगा। स्वजनों की अनदेखी न करें। आप कुछ नया जानने को लेकर उत्सुक हो सकते हैं। फिल्मों और कहानियों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा।

**मीन** — आज नए कारोबार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। यूरिन संक्रमण जैसी समस्याओं से घिर सकते हैं। आपको सेहत का ध्यान रखना होगा। कड़वी बातों के कारण जीवनसाथी नाराज हो सकता है।

## आज की फिल्में

**होते होते प्यार हो गया** — सुबह : 10.11
**जोश** — शाम : 05.22
**कहो न प्यार है** — सुबह : 10.40
**फुटफेरी** — रात : 08.00
**जिओस्ट्राम** — सुबह : 10.21
**2012** — रात : 09.00
**पहेली** — सुबह : 11.05
**जोड़ी नं.1** — रात : 07.20
**सूर्या सिंगम 2** — दोपहर : 12.00
**द वॉरियर** — रात : 08.04

### आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू एक होटल में स्कीम देखी और डिनर करने पहुंचा।
वेटर- सर आपका बिल।
गप्पू- लो कार्ड रख लो।
वेटर-लेकिन सर ये तो आप की शादी का कार्ड है।
गप्पू- तो फिर बहार क्या मजाक में लिख रखा है कि 'ऑल कार्ड्स एक्सेप्टेड'...

बब्लू- बेकार ही लोग कहते हैं कि पत्नियां अपनी गलती नहीं मानती है।
डब्लू- अच्छा, तुम्हारी पत्नी क्या कहती है?
बब्लू- कहती है गलती हो गई तुमसे शादी करके।

# मोदी ने सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर दिया बल

## प्रधानमंत्री ने की कई बैठकों की अध्यक्षता, भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा स्थिति को संभालने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की और अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर बल दिया। लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की।

उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात रेमल के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और अगली सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लिया शनिवार को प्रसारित एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत की भविष्यवाणी की गई है। यह पूर्वानुमान यदि नतीजे में परिवर्तित हो जाते हैं तो मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। बयान में कहा गया है कि इस साल मानसून देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में विशेष रूप से उत्तर-पूर्व क्षेत्र में चक्रवात रेमल के बाद की स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा। ● एजेंसी

### रेमल से प्रभावित राज्यों को केंद्र की ओर से हर संभव मदद मिलती रहेगी: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह यहां अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न राज्यों में चक्रवात रेमल के प्रभाव की समीक्षा की और कहा कि केन्द्र सरकार प्रभावित राज्यों को हर संभव सहायता जारी रखेगी। बैठक में अधिकारियों ने इन राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी । मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन तथा बाढ़ के कारण जान माल की हानि भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री को बताया कि स्थिति को ध्यान में रखते हुए जरूरत के मुताबिक प्रभावित राज्यों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों ने एयरलिफ्टिंग और सड़क से निकासी अभियान चलाया है। बैठक के दौरान बताया गया कि गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है।

## दिल्ली के एक मकान में सड़ी-गली अवस्था में मिला शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के एक मकान में 42 वर्षीय एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली हालत में मिला है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात को नौ बजे फोन आया कि छतरपुर में किराए पर रह रहा रतन फोन नहीं उठा रहा है और उसका कमरा बंद है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-रतन एक बहु राष्ट्रीय कंपनी में काम करता था। कॉल पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मकान में घुसी। रतन का शव बिस्तर पर पड़ा था और अत्यधिक सड़ी-गली अवस्था में था। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पुलिस ने पाया कि रतन पिछले एक साल से अकेले रह रहा था। उन्होंने कहा-अपराध शाखा की टीम को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है।

## डाक मतपत्रों की पहले गिनती की जाए, दिशा-निर्देशों का हो पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

● इंडिया गठबंधन के नेताओं ने निर्वाचन आयोग से की मांग

विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने रविवार को निर्वाचन आयोग से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि चार जून को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के नतीजों से पहले डाक मत पत्रों की गिनती कर उनके परिणाम घोषित किए जाएं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि निर्वाचन आयोग को मतगणना प्रक्रिया पर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

लोकसभा चुनाव की मंगलवार को होने वाली मतगणना से पहले, इंडियन नेशनल डेवलपमेन्टल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को निर्वाचन आयोग की पूर्ण

पीठ से मुलाकात की। मुलाकात के बाद, कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा कि यह तीसरा मौका है जब विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आम चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग का दौरा किया। सिंघवी ने बताया कि प्रतिनिधमंडल ने अन्य चीजों सहित अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ईवीएम के नतीजे घोषित किए जाने से पहले डाक मत पत्रों की गिनती हो और उनके परिणाम घोषित किए जाएं।

## एक नजर

### असम में मादक पदार्थ के साथ 7 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि राज्य की बराक घाटी में अलग-अलग अभियानों में सात लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान शनिवार को चलाया गया। एक्स पर जानकारी साझा करते हुए शर्मा ने बताया कि पुलिस के मजबूत खुफिया नेटवर्क के आधार पर अभियान चलाया गया। करीमगंज पुलिस ने एक दुकान पर छापा मारा और करीब 800 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति व 1.9 किलोग्राम हेरोइन के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### तमिलनाडु अभिनेता के बैग से मिलीं 40 गोलियां

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को पूर्व विधायक और अभिनेता करुणास के बैग से बन्दूक की 40 गोलियां बरामद हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता के बैग की जांच करने पर उसमें से गोलियां बरामद हुईं, जब अधिकारियों ने उनसे इस संबंध में पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके पास गोलियां रखने के लिए वैध दस्तावेज हैं। अधिकारियों ने करुणास को बताया कि उड़ान के अंदर गोलियां नहीं ले जाई जा सकतीं हैं।

## पुरी में पटाखा विस्फोट की घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट की घटना में मरने वालों की संख्या 11 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल पुरी, भुवनेश्वर और कटक के विभिन्न अस्पतालों में कुल 19 लोग उपचाराधीन हैं। पुरी में 29 मई की रात भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में हुए विस्फोट में 30 लोग घायल हो गए थे। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) के कार्यालय ने एक बयान में कहा-पुरी में हुई त्रासदी में दो और लोगों की मौत हो गई जिससे कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। वर्तमान में 19 मरीज विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं।

## बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

कोलकाता, एजेंसी

● भाजपा ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर लगाया हत्या का आरोप

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया और पुलिस को शव उठाने नहीं दिया। बाद में शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। भाजपा की उत्तर नादिया इकाई के अध्यक्ष अर्जुन विश्वास ने आरोप लगाया कि तृणमूल के गुंडों ने पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की। हालांकि, जिले के तृणमूल नेता रुकबानुर रहमान ने हत्या के पीछे पारिवारिक कलह को जिम्मेदार ठहराया है।

## मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले के दोषी पर जेल में जानलेवा हमला, मौत

**मुंबई।** मुंबई में 1993 में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोटों के मामले के एक दोषी पर रविवार को कोल्हापुर के कलाम्बा केंद्रीय कारागार में पांच कैदियों ने जानलेवा हमला किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जेल के स्नानागार में नहाने को लेकर अन्य कैदियों के साथ, प्रथम दृष्टया बहस होने के बाद 59 वर्षीय मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान पर हमला किया गया। खान सिलसिलेवार विस्फोट मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा था। पुलिस अधिकारी ने कहा-बहस के बीच, कुछ विचाराधीन कैदियों ने लोहे की जाली उठाई और उससे खान के सिर पर वार किया जिसके बाद वह जमीन पर गिर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## असम में बाढ़ से 10 जिलों में छह लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं। राज्य में 40,000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है।

असम के नागांव जिले में चक्रवात रेमल के बाद हुई बारिश के बाद आई बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर दोपहिया वाहन से जाते लोग। ● एजेंसी

● अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया

### केरल में भारी बारिश ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के कारण केरल के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को राज्य के एर्णाकुलम जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 11 सेंटीमीटर से 20 सेंटीमीटर तक की भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में जिले के अलग-अलग स्थानों पर 'बहुत भारी बारिश' होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पतानमथिट्टा, अलप्पुझा, इडुकी और वायनाड जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## भाजपा सांसद रामकृपाल पर हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पटना।** भाजपा के सांसद रामकृपाल यादव के काफिले पर यहां हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान मसौढ़ी निवासी विकास यादव के रूप की गई है। उन्होंने बताया कि फरार आठ अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है। यादव ने आरोप लगाया कि उनके पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदान खत्म होने के करीब एक घंटे बाद राष्ट्रीय जनता दल (राजद) समर्थकों ने उन पर और उनके काफिले पर हमला किया। उन्होंने दावा किया कि पटना के मसौढ़ी इलाके में शाम करीब साढ़े सात बजे हुए हमले में उनके कुछ समर्थक घायल भी हुए हैं।

## एग्जिट पोल कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा है : संजय राउत

मुंबई, एजेंसी

● शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के सांसद ने की टिप्पणी

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) सांसद संजय राउत ने रविवार को एग्जिट पोल को कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा करार दिया और दावा किया कि एग्जिट पोल जारी करने वाली मीडिया कंपनियों पर दबाव था।

संवाददाताओं से बातचीत के दौरान संजय राउत ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) 543 सदस्यीय सदन (लोकसभा) में 295 से 310 सीट जीतेगा और सरकार बनाएगा। राउत ने यह भी कहा कि उन्हें एग्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि वे धरातल पर काम करते हैं और मूक लहर से परिचित हैं। शनिवार को जारी हुए एग्जिट पोल में अनुमान जताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे। इसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। राउत ने दावा किया कि इन मीडिया कंपनियों पर बहुत दबाव है। एग्जिट पोल की कवायद कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा है।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### किसानों ने दुग्ध उत्पादन में एक करोड़ रुपये का किया कारोबार

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर जिले के बिछड़ी में हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से संचालित घाटा वाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने गत वित्तीय वर्ष में एक करोड़ रुपये का कारोबार कर सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। जिंक द्वारा बीएआईएफ विकास अनुसंधान फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित समाधान परियोजना के तहत दो पूर्व स्थापित महिलाओं के नेतृत्व वाली डेयरी, घाटावाली माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ रुपये का कारोबार कर अल्प समय में दुग्ध उत्पादन में पहचान बनाई है।

### एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन गिरा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनन कंपनी एनएमडीसी का उत्पादन मई, 2024 में 37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23.4 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले साल इसी महीने में उसका लौह अयस्क का उत्पादन 37.1 करोड़ टन रहा था। एनएमडीसी की मासिक बिक्री भी मई में 22 प्रतिशत गिरकर 28.2 करोड़ टन रही है, जो पिछले साल इसी महीने में 36.2 करोड़ टन थी।

### इन्फोसिस पर लगा 3,142 डॉलर का जुर्माना

**नई दिल्ली।** प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस पर अमेरिका के टेक्सास लोक लेखा नियंत्रक ने 3,142.02 डॉलर (करीब 2.60 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी है।

### आंकड़ों के अनुसार पिछले माह की अपेक्षा मई में शेयरों से निकासी हुई अधिक

## चुनाव नतीजों को लेकर अनिश्चितता के बीच एफपीआई ने निकाले 25,586 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

आम चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और चीन के बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में भारतीय शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। यह मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल के 8,700 करोड़ रुपये से अधिक के शुद्ध निकासी के आंकड़े से कहीं अधिक है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। वहीं जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की थी। आम चुनाव के नतीजे चार जून को आने हैं। इससे निकट भविष्य में भारतीय बाजार में एफपीआई प्रवाह की दिशा तय होगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार विजयकुमार ने कहा कि मध्यम अवधि में अमेरिकी ब्याज दरें एफपीआई प्रवाह पर अधिक प्रभाव डालेंगी। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में शेयरों से शुद्ध रूप से 25,586 करोड़ रुपये निकाले हैं। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के निदेशक विपुल भोवर ने कहा-अपेक्षाकृत ऊंचे मूल्यांकन और विशेष रूप से वित्तीय और आईटी कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के साथ राजनीतिक अनिश्चिता की वजह से एफपीआई भारतीय शेयरों से निकासी कर रहे हैं।

### भारत को वित्त वर्ष 2023-24 में सिंगापुर से मिला सबसे ज्यादा एफडीआई

भारत को बीते वित्त वर्ष (2023-24) में सिंगापुर से सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। हालांकि, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश में विदेशी निवेश के प्रवाह में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, 2023-24 में सिंगापुर से एफडीआई प्रवाह 31.55 प्रतिशत घटकर 11.77 अरब डॉलर पर आ गया है, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि भारत ने उस देश (सिंगापुर) से सबसे अधिक निवेश आकर्षित किया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश बढ़ा है।

## सीबीआईसी ने जीएसटी वसूली शीघ्र शुरू करने के जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि प्रधान आयुक्त या आयुक्त स्तर के अधिकारी मांग आदेश की तामील के लिए निर्धारित तीन महीने से पहले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) बकाया वसूलने के निर्देश जारी कर सकते हैं। यदि कोई कर देने योग्य व्यक्ति सीजीएसटी अधिनियम के तहत पारित आदेश में तय राशि का तीन महीने के भीतर भुगतान नहीं करता है, तो कर अधिकारी इस अवधि की समाप्ति के बाद ही वसूली की कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। हालांकि, असाधारण मामलों में जहां राजस्व के हित में ऐसा करना जरूरी है, लिखित में कारणों को दर्ज करने के बाद, कर देने योग्य व्यक्ति को तीन महीने से पहले राशि का भुगतान करने के लिए कह सकते हैं।

## मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर व्यापार एवं लघु उद्योग आशान्वित

नई दिल्ली, एजेंसी

● कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने जताई उम्मीद

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापारिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं।

नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे देश में व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है । खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप आने वाले वर्षों में व्यापार के अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है। घरेलू व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, भारत के वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी सुधारने ओपी और कर संरचना को सरल बनाने के लिए नई पहल तथा व्यापार एवं लघु उद्योग के लिए नीतिगत समर्थन और महत्वपूर्ण कदम की आशा है ताकि कर अनुपालन आसानी से हो और सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके तथा जिसके बल पर भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान में सकारात्मक माहौल और अपेक्षित राजनीतिक स्थिरता को देश के मजबूत विकास की कुंजी माना जा रहा है।

## भीषण गर्मी के बीच मई में एसी की बिक्री हो गई दोगुनी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच मई में एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है। प्रमुख एसी विनिर्माता कम ऊर्जा खपत वाले मॉडल के भंडार में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। पर पारा 45 डिग्री से ऊपर चल रहा है। वहीं, एसी विनिर्माता असाधारण मांग से निपट रहे हैं, और इस महीने में अबतक की सबसे अच्छी बिक्री दर्ज की गई है। वोल्टास, एलजी, डाइकिन, पैनासोनिक और ब्लू स्टार जैसे प्रमुख ब्रांड की मई में मजबूत बिक्री देखी गई और उद्योग को पिछले साल की तुलना में 2024 में उनकी बिक्री में 30 से 35 प्रतिशत की समग्र वृद्धि की उम्मीद है।

## 10 कंपनियों में आठ का 2.08 लाख करोड़ घट गया बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,08,207.93 करोड़ रुपये की गिरावट हुई। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और इन्फोसिस को हुआ।

इसके अलावा आईटीसी, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घटा। वहीं एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) लाभ में रहीं। पिछले सप्ताह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,449 अंक या 1.92 प्रतिशत टूटा था। शुक्रवार को यह 75.71 अंक या 0.10 प्रतिशत बढ़कर 73,961.31 अंक पर बंद हुआ। इससे पांच दिन से जारी गिरावट का सिलसिला टूटा। सूचकांक की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 67,792.23 करोड़ रुपये घटकर 19,34,717.12 करोड़ रुपये रह गया, जबकि टीसीएस का एमकैप 65,577.84 करोड़ घटकर 13,27,657.21 करोड़ रुपये रह गया है।

## ग्राहक सेवा के लिए एआई का लाभ उठा रहीं हैं एयरलाइन कंपनियां

**नई दिल्ली।** भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का लाभ उठा रही हैं।

एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है। इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट एआई.जी 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है। इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट 6एस्काई है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है।

## आगामी बैठक में रेपो दर में कटौती नहीं करेगा रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

● 5-7 जून के लिए निर्धारित एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने जताई संभावना

मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की संभावना नहीं है। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 5-7 जून के लिए निर्धारित है।

विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि आर्थिक वृद्धि जोर पकड़ रही है। रेपो दर फरवरी, 2023 से 6.5 प्रतिशत पर कायम है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता

वाली एमपीसी बैठक के फैसले की घोषणा 7 जून (शुक्रवार) को की जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित किए जाएंगे। यदि सात जून को ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया जाता है, तो यह यथास्थिति बनाए रखने का आठवां मौका होगा। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि पिछली नीति के बाद से आर्थिक स्थितियां काफी हद तक अपरिवर्तित बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि पीएमआई और जीएसटी संग्रह जैसे उच्च आवृत्ति संकेतक दिखाते हैं कि वृद्धि सही दिशा में है। उन्होंने आगे कहा कि मुद्रास्फीति पर चिंता बनी हुई है और गर्मी ने विशेष रूप से सब्जियों की कीमतों को प्रभावित किया है। उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने भी उम्मीद जताई कि आगामी एमपीसी बैठक में रेपो दर को अपरिवर्तित रखने की उम्मीद है, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है।

## बिन पानी सब सून

भीषण गर्मी पड़ने के कारण कई राज्यों में पेयजल की किल्लत गहरा गई है। रविवार को पूर्वी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में रविवार को लोगों ने दिल्ली जल बोर्ड के एक टैंकर से लाइन लगाकर पानी भरते देखा गया। ● एजेंसी

## हूती ने लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया हमला

**सना।** यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन जिसे आमतौर पर हूती के नाम से भी जाना जाता है, ने लाल सागर में एक अमेरिकी विमानवाहक पोत और कई जहाजों पर हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या साड़ी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा हूती नौसेना की मिसाइल इकाइयों और ड्रोन ने छह अभियान चलाए हैं।

अमेरिकी विमानवाहक पोत ड्वाइट आइजनहावर पर उत्तरी लाल सागर में मिसाइलें और ड्रोन के साथ कई लोगों ने हमला किया था। इसके अलावा लाल सागर में एक अमेरिकी विध्वंसक पर भी हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा आंदोलन की ताकतों ने लाल सागर, अरब सागर और हिंद महासागर में उन जहाजों पर हमला किया जो उन कंपनियों से संबंधित थे।

# जीवन है अनमोल इसलिए हेलमेट का सही चयन जरूरी

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022 में भारत में सड़क दुर्घटना में 1,68,491 लोगों की मौत हो गई, जिसमें से 52000 लोगों की मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई। मोटर वाहन अधिनियम 1988 के मुताबिक दोपहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। लेकिन भारत में तो अधिकांश लोग सिर्फ चालान से बचने के लिए हेलमेट पहनते हैं। इसलिए वे सस्ते और कमजोर हेलमेट खरीद लेते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हेलमेट की क्वालिटी कैसी है। इसलिए आज बात हेलमेट क्वालिटी की। अगर आप हेलमेट खरीदने जा रहे हैं तो किन बातों का ध्यान रखें। क्वालिटी चेक कैसे करें।

### इन मौकों पर विशेष ध्यान रखें

- ऑफिस आने-जाने वक्त बाइक का इस्तेमाल के समय
- प्रोफेशनल बाइक राइडिंग के वक्त
- हाईवे पर बाइक से लॉन्ग ट्रैवल के समय

### हेलमेट सर्टिफिकेशन अवश्यक, मानदंडों का पालन करना अनिवार्य

हेलमेट बनाते हुए सुरक्षा के कुछ जरूरी मानदंडों का पालन करना अनिवार्य होता है। विभिन्न देशों में अलग-अलग संस्थाएं इसे सर्टिफाइड करती हैं। डॉट- यह सबसे कॉमन सर्टिफिकेशन है, लेकिन यह सबसे सुरक्षित नहीं है। ईसीई सर्टिफिकेशन- इसका सबसे कॉमन ईसीई 22 .05 है। हालांकि नया मानक ईसीई 22 .06 है। स्नेल- यह अमेरिकन संस्था है, जो हर 5 साल में अपने टेस्ट के मानकों को अपडेट करती है। आईएसआई- भारत में हेलमेट आईएसआई सर्टिफिकेशन के साथ होना जरूरी है। हालांकि इसके पास कोई मानक टेस्ट प्रक्रिया नहीं है, लेकिन एक मानदंड यह है कि वजन बहुत ज्यादा नहीं होना चाहिए।

### हेलमेट खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- हवा और साउंड के लिए प्रॉपर वेंटिलेशन
- ऊपरी हिस्से में अंदर की तरफ सॉफ्ट कुशनिंग
- हेलमेट का ग्लास एरिया और आई व्यू
- हेलमेट का साइज ऐसा हो जो सिर में बिल्कुल फिट रहे

### ऐसे जांचें अच्छी क्वालिटी है या नहीं

दोपहिया वाहन चलाते हुए सबसे बुनियादी और जरूरी चीज है हेलमेट। हेलमेट ऐसा होना चाहिए कि सिर पर चाहे कितने जोर की चोट लगे, सिर बिल्कुल सही-सलामत रहे। इतना मजबूत होना चाहिए कि हथौड़ा मारो तो भी नहीं टूटे। हेलमेट कोई फैशन एक्सेसरी तो है नहीं।

## एक नजर

### जर्मनी में बाढ़ के बीच 600 लोगों को निकाला

**फ्रैंकफर्ट।** दक्षिणी जर्मनी में भारी बारिश के कारण आई विनाशकारी बाढ़ के कारण 600 से अधिक लोगों को उनके घरों से निकालना पड़ा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण डोनौ, नेकर और गुएन्ज़ सहित कई नदियों में जल स्तर बढ़ गया है, जिससे तटीय शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। कई क्षेत्रों में जल स्तर एक सदी में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय प्राधिकारी ने कहा कि रविवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजे तक बवेरिया के 10 जिलों ने आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

### नेपाल में जीप दुर्घटना में छह भारतीय पर्यटक घायल

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में रविवार को एक झील के पास जीप पलट जाने से छह भारतीय पर्यटक घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक घायल हुए पर्यटकों में अधिकतर वरिष्ठ नागरिक थे। खैरेनी नगरपालिका के वार्ड नंबर-12 के अध्यक्ष केदारनाथ पंटा ने बताया कि यह दुर्घटना खैरेनी में दराई झील के पास उस वक्त हुई, जब ये पर्यटक जंगल सफारी के लिए चितवन राष्ट्रीय उद्यान की ओर जा रहे थे।

### ईरान ने स्वीडन के राजदूत को तलब किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को तेहरान के खिलाफ अपने देश के निराधार और पक्षपातपूर्ण आरोपों पर स्वीडन के राजदूत को तलब किया। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने स्वीडिश दूत के साथ बैठक के दौरान स्टॉकहोम में एक स्वीडिश अधिकारी द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों के खिलाफ तेहरान के विरोध से अवगत कराया। इरना के अनुसार यह टिप्पणी दुष्प्रचार पर आधारित और इज़रायल के प्रभाव में की गई थी।

### वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए मजबूत कदम जरूरी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने कोविड-19 और एमपॉक्स जैसी वैश्विक महामारियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर तैयारी में सुधार करने संबंधी नए कदमों को शनिवार को मंजूरी दी और वृहद संधि पर सहमत होने के लिए नयी समय सीमा तय की। डब्ल्यूएचओ ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि देशों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन करने पर सहमति जताई जैसे कि वैश्विक महामारी आपातकाल शब्द को परिभाषित करना और विकासशील देशों को वित्तपोषण एवं चिकित्सा उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करना।

# चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतारा अंतरिक्ष यान, मिट्टी के लेगा नमूने

## चाइना के मून मिशन के लिए काफी अहम माना जा रहा है यह चंद्रयान

बीजिंग, एजेंसी

चीन के स्पेस मिशन ने रविवार को बड़ी कामयाबी हासिल की है। बीते माह लॉन्च किए गए चांग ई-6 मून लैंडर ने लगभग एक महीने बाद रविवार सुबह चांद के सुदूर हिस्से पर सफल लैंडिंग की। ये लैंडिंग चीन के मून मिशन के लिए काफी अहम मानी जा रही है। इसके जरिए चीन चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने वाला पहला देश बनना चाहता है। चीन की स्पेस एजेंसी के मुताबिक चांग''ई-6 लैंडर चांद के दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन में उतरा। यहां से चंद्रमा की सतह के नमूने इकट्ठा करना शुरू करेगा।

यह चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन है। पहली बार चीन ने ही 2019 में अपने चांग''ई-4 मिशन के जरिए ऐसा किया था। सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक चांग ई-6 की सफलता से चीन चांद पर बेस बनाने में अमेरिका और दूसरे देशों से आगे निकल सकता है। अगर सब उम्मीद के मुताबिक हुआ तो लैंडर चांद की सतह से 2 किलो के सैंपल लाएगा। सैंपल लेने के लिए लैंडर में ड्रिल कर खोदने और फिर मलबे को उठाने की मैकेनिकल आर्म लगाई गई है।

सैंपल को लैंडर के सबसे ऊपर लगे हिस्से में रखा जाएगा। इसके बाद एक दूसरा स्पेसक्राफ्ट चांद के इस हिस्से में भेजकर लैंडर को वापस धरती पर लाया जाएगा। इसकी लैंडिग 25 जून के आसपास मंगोलिया में होगी। चांद के इस हिस्से पर लैंडिंग दूसरे हिस्सों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल है। इसकी वजह ये है कि चांद के इस हिस्से में अंधेरा होता है, ये उबड़-खाबड़ है। इसके चलते यहां संपर्क मुश्किल होता है और लैंडिंग में परेशानी आती हैं।



चंद्रमा की सतह पर रोवर की प्रतीकात्मक फोटो।

### इसलिए सैंपल जुटाना चाहता है चीन

चीन को 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चीन एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक चांग ई-6 लैंडर जो सैंपल लेकर आएगा उनसे चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में होगा। 2020 में चीन का चांग ई-5 भी चांद से 1.7 किलो सैंपल लेकर लौटा था। हालांकि, ये सैंपल चांद के पास के इलाके ओशिएनस प्रोसेलेरम से लिए गए थे। चीन तीन और मून मिशन की तैयारी में है।

● मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया

### पिछले साल भारत ने दक्षिणी ध्रुव पर उतारा था प्रज्ञान रोवर

भारत पिछले साल चंद्रमा के कम खोजे गए दक्षिणी ध्रुव हिस्से के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। प्रज्ञान रोवर को लेकर पहुंचा चंद्रयान-3 का लैंडर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र तक मिशन भेजना ज्यादा मुश्किल है क्योंकि यह पृथ्वी के सामने नहीं होता जिसके कारण संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। साथ ही यह हिस्सा अधिक उबड़-खाबड़ है जहां लैंडर के उतरने के लिए बहुत ही कम समतल भूमि है।

## दिव्यांगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए शुरू किया अभियान

**वाशिंगटन।** अमेरिका स्थित एक गैर सरकारी संगठन ने शनिवार को बौद्धिक रूप से दिव्यांग लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिए एक पहल का घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य पहले साल के दौरान भारत में 10 हजार लोगों की मदद करना है। हितार्थ परियोजना के तहत अमेरिका स्थित वायस ऑफ स्पेशियली एबल्ड पीपुल (वीओएसएपी) ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए परिवार एनसीपीओ (नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ पैरेंट्स ऑर्गेनाइजेंशंस) के साथ साझेदारी की है।

इसमें कहा गया है कि इस साझेदारी का मकसद बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को जरूरी चिकित्सा, दंत चिकित्सा, ओपीडी सेवा सुलभ कराने में सहायता करना तथा भारत सरकार की 'निरामय' योजना के तहत प्रति वर्ष एक लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति प्राप्त कराना है। वीओएसएपी के कैलिफोर्निया स्थित संस्थापक प्रणव देसाई ने कहा हम वीओएसएपी प्रभाव को विस्तारित करने के लिए इस नए मॉडल के साथ उपलब्ध अवसरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो भारत सरकार के मौजूदा कार्यक्रमों और परिवार जैसे हमारे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित साझेदारों की ताकत का लाभ उठाता है।

## जेलेंस्की बोले- चीन के दखल से जंग लंबी खिंचेगी

सिंगापुर, एजेंसी

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन-रूस जंग में चीन रूस का समर्थन कर रहा है। चीन के दखल से यह जंग लंबे समय तक चलेगी। जेलेंस्की ने यह बात सिंगापुर में आयोजित शांगरी ला मंच में कही है। जेलेंस्की ने कहा कि चीन का यह कदम दुनिया के लिए गलत संकेत है। इससे चीन की नीतियां भी गलत साबित होती हैं। चीन कहता है कि वह हर देश की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। इसके बाद किसी देश को बर्बाद करने के लिए हथियार या समर्थन देना कोई अच्छी बात नहीं है।

अमेरिका भी चीन पर यही आरोप लगा चुका है कि वह लगातार रूस को हथियार दे रहा है। इसके लिए कई बार चीन को चेतावनी दी गई है पर चीन ने इन आरोपों को खारिज किया है।

जेलेंस्की ने कहा कि चीन लगातार दावा करता रहा है कि वह शांति समर्थक है, जबकि वह लगातार रूस की आर्थिक मदद कर रहा है। फरवरी 2022 से शुरू हुई जंग के बाद चीन लगातार रूस से अपने संबंध मजबूत बनाने में लगा है।

**रूस कई देशों को इस सम्मेलन में शामिल होने से रोक रहा :** जेलेंस्की ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन को बाधित करने के लिए रूस कई देशों को दिए जाने वाले कृषि, खाद्य और रासायनिक उत्पादों पर बैन लगाने की धमकी दे रहा है। रूस कई देशों से कह रहा कि वे इस शिखर सम्मेलन में न जाए। जेलेंस्की ने कहा कि शिखर सम्मेलन में चीन के शामिल नहीं से पता चलता है चीन किसे चाहता है।

● वह रूस को हथियार मुहैया करा रहा, दुनिया के लिए गलत संदेश

### रूस के हमलों के बाद यूक्रेन में हुई बिजली गुल

**कीव।** रूस द्वारा बुनियादी ऊर्जा ढांचे पर बड़े पैमाने पर हमले किए जाने और पूर्वी दोनेत्स्क प्रांत में बढ़त हासिल करने का दावा किए जाने के एक दिन बाद यूक्रेन ने रविवार को देश के अधिकांश हिस्सों में आपातकालीन बिजली कटौती लागू कर दी। शनिवार को ऊर्जा संयंत्रों को लक्ष्य बनाकर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद यूक्रेन के तीन इलाकों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। इन हमलों में कम से कम 19 लोग घायल हुए हैं।

## कुवैत में नए क्राउन प्रिंस बने शेख सबा

**कुवैत सिटी।** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने शेख सबा अल-खालिद अल-सबा को नया क्राउन प्रिंस नियुक्त करने का फरमान जारी किया है। कुवैत के सरकारी टेलीविजन ने शनिवार को यह जानकारी दी।

1953 में कुवैत में जन्मे शेख सबा ने पहले 2019 से 2022 तक देश में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। कुवैत विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में डिग्री के साथ स्नातक होने के बाद, नए राजकुमार ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में कुवैत के स्थायी प्रतिनिधि, सऊदी अरब में राजदूत और विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

## कचरे से लदे 600 से अधिक गुब्बारे दक्षिण कोरिया में गिराए

सोल, एजेंसी

उत्तर कोरिया के कचरा ढोने वाले 600 से अधिक गुब्बारे लगातार पांच दिनों से जीपीएस सिग्नल जाम होने के बीच दक्षिण कोरिया में गिरे है। सोल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उसने 600 से अधिक गुब्बारों का पता लगाया है जो दोनों कोरिया को अलग करने वाली सैन्य सीमांकन रेखा के पार तैरते हुए शनिवार रात आठ बजे से रविवार सुबह दस बजे के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में गिरे थे। जेसीएस के अनुसार गुब्बारों में पिछले गुब्बारों की तरह ही सिगरेट के टुकड़े, कागज और प्लास्टिक की थैलियां जैसे कचरे के विभिन्न टुकड़े थे। दक्षिण कोरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा भेजे गए प्योंगयांग विरोधी पर्चों के खिलाफ जैसे को तैसा कार्रवाई की चेतावनी दी।

● उत्तर कोरिया की कारस्तानी दक्षिण कोरिया जवाबी कदम उठाने पर विचार कर रहा

## अमेरिका में हुई गोलीबारी में दो की मौत, सात घायल

**अमेरिका।** उपनगरीय पिट्सबर्ग के एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एलेगनी काउंटी पुलिस ने कहा कि उसने पेन हिल्स के बॉलर्स हुक्का लॉंज और सिगार बार में सुबह के वक्त हुई गोलीबारी के मामले में कार्रवाई की है।

पुलिस ने बयान में कहा कि रविवार तड़के तीन बजे के आसपास बचावकर्मियों को बार के अंदर एक पुरुष और एक महिला के शव मिले। इसके अलावा, सात व्यक्ति घायल भी हुए हैं। बयान के अनुसार, घायलों को क्षेत्र के अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से एक की हालत नाजुक है।

## नाबालिग के मां-बाप 5 तक हिरासत में

पुणे, एजेंसी

पुणे की एक अदालत ने रविवार को पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता को सबूत नष्ट करने के मामले में 5 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। महाराष्ट्र के पुणे शहर में 19 मई को हुई कार दुर्घटना के बाद नाबालिग के रक्त के नमूने बदले जाने में उनकी कथित भूमिका के लिए दोनों के खिलाफ जांच की जा रही है।

इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल को 1 जून को यह खुलासा होने के बाद गिरफ्तार किया गया था कि नाबालिग के रक्त के नमूने को मां के नमूने से बदल दिया गया था। आरोपी के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल को मामले में सबूत नष्ट करने में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने नाबालिग के माता-पिता को यहां की एक अदालत में पेश किया और उनकी रिमांड का अनुरोध किया। दोनों को पांच जून तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने अदालत को बताया कि अग्रवाल दंपति ने दुर्घटना से संबंधित सबूतों को नष्ट करने की साजिश रची।

### पुणे कार हादसा

- रक्त के नमूने बदले जाने के मामले में चल रही जांच
- सुबूत नष्ट करने पर कोर्ट से माई गई थी दोनों की हिरासत

### घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज बरामद किए

दंपति के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि पुलिस ने उनके घर की तलाशी ले ली है और उनके घर पर लगे सीसीटीवी फुटेज बरामद किये हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 201 (अपराध के सबूतों को मिटाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है, जो एक जमानती अपराध है इसलिए दंपति को न्यायिक हिरासत में भेजा जाना चाहिए।

## बॉलीवुड हलचल

### सोनू सूद की फिल्म फतेह में हुयी नसीरउद्दीन साह की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह में नसीरउद्दीन साह की एंट्री हो गयी है। सोनू सूद काफी दिनों से फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में बने हुये हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। सोनू सूद ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है, साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में सोनू सूद ने लिखा, नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है, उसका निर्देशन करना मेरे लिए बेहद खास रहा। आपको फतेह पर काफी गर्व होगा सर। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकनील फर्नांडीस अहम रोल में नजर आने वाली हैं।

### सन्नी देओल, प्रीति जिंटा की लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सन्नी देओल और अभिनेत्री प्रीति जिंटा की आने वाली फिल्म लाहौर 1947 की शूटिंग पूरी हो गयी है। आमिर खान निर्मित और राजकुमार संतोषी निर्देशित गदर 2 के बाद अब दर्शकों को सन्नी देओल की लाहौर 1947 का बेसब्री से इंतजार है।

इस बात की जानकारी प्रीति जिंटा ने अपने एक पोस्ट के जरिए दी है। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें फिल्म के सेट की कई सारी तस्वीरें नजर आ रही हैं। शूटिंग रैप अप होने की खुशी में सेट इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि लाहौर 1947 का रैप अप और मैं इस अविश्वसनीय अनुभव के लिए पूरी कास्ट और क्रू की जितनी आभारी हूं, उतना कम है। मुझे पूरी उम्मीद है कि आप सभी इस फिल्म की उतनी ही सराहना करेंगे और इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमने इसे बनाते समय लिया।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद ने दाखिल किया नामांकन

**दुबई।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया। देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु के बाद वहां चुनाव कराए जा रहे हैं। अहमदीनेजाद के नामांकन से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई दबाव में आएंगे।

अहमदीनेजाद ने 85-वर्षीय सर्वोच्च नेता को खुली चुनौती दी थी और 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की उनकी कोशिशों को अधिकारियों ने विफल कर दिया था। उन्होंने ऐसे वक्त में अपना नामांकन दाखिल किया है जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, रूस को हथियार देने और असंतुष्टों पर कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ रहा है। पत्रकारों ने तेहरान में देखा कि अहमदीनेजाद गृह मंत्रालय पहुंचे और चुनाव के लिए पंजीकरण शुरू की।

**खुलासा** जम्मू-कश्मीर के डीजीपी ने कहा- पाकिस्तान नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा

## सीमा पार लॉन्च पैड सक्रिय, घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकी

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार एलओसी के पार स्थित लॉन्च पैड पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं। उन्होंने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और नशा सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है। ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियां लगातार जारी हैं। स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धिता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस और अपराध जांच विभाग (सीआईडी) का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने कहा हमारे सुरक्षा साझेदारों के साथ बैठकों में हम आमतौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है।

उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अस्थिर करने की दुश्मन की क्षमता को और कम करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। मैं कहूंगा कि दुश्मन का इरादा वही है, क्षमता निश्चित रूप से कम हुई है, लेकिन कभी-कभार व्यवस्था को झकझोरने और आपको अस्थिर करने की क्षमता उसमें अब भी मौजूद है।

डीजीपी रश्मि रंजन स्वैन।

### चुनौतियों से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध : स्वैन

स्वैन ने कहा कि किसी एक समय पर संभवता पाएंगे कि अलग-अलग स्थानों पर पांच या छह के समूहों में लगभग 60-70 लोग हमारी तरफ भेजे जाने का इंतजार कर रहे हैं। सेना, अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच तालमेल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि हम दुश्मन की सफलता को मुश्किल बना देंगे। ड्रोन से सामान गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी की तस्करी को सुगम बनाती हैं। इस खतरे का मुकाबला करने में प्रगति हुई है फिर भी इन गतिविधियों को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।

### पाक के लिए हिसाब रखने वालों ने चुनावी प्रक्रिया में लिया भाग

डीजीपी ने कहा है कि अतीत में दुश्मन के लिए काम करने और हिसाब-किताब रखने वाले लोगों ने इस बार चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। स्वैन ने लोगों के भयमुक्त होने को रेखांकित करते हुए कहा इस साल के लोकसभा चुनाव में जम्मू कश्मीर में उल्लेखनीय मतदान प्रतिशत रहा। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से जम्मू कश्मीर में हुए पहले बड़े चुनावी मुकाबले में, (कश्मीर) घाटी की तीन लोकसभा सीट श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग-राजौरी में पिछले तीन दशकों में अब तक का सर्वाधिक मतदान हुआ।